# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 21 मार्च 2025







भोपाल में गुरुवार को काले बादल छाए रहे। शाम को हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बादलों से ढके शहर का यह मनोरम दृश्य। फोटो जर्नलिस्ट: जसप्रीत सिंह।

## राजधानी में आज भी बदलेगा मौसम, पारा दो डिग्री लुढ़का

# भोपाल में बादल, बूंदाबांदी, रीवा जिले में गिरे ओले, दिन का पारा गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम में बदलाव जारी है। गुरुवार को भोपाल, सीहोर और सागर सहित कई जिलों में बादलों के साथ हल्की बारिश हुई। भोपाल के कई हिस्सों में शाम को हल्की बूंदाबांदी हुई। इस दौरान बादल छाए रहे और मध्यम हवाएं चलीं। वहीं, बुधवार देर रात रीवा जिले के त्योंथर और रायपुर कर्चुलियान सहित पांच गांवों में तेज बारिश के साथ ओले गिरने की सूचना है। बादल और बारिश से भोपाल सहित प्रदेशभर के दिन के तापमान में गिरावट रही। भोपाल में अधिकतम पारा 1.8 डिग्री गिरकर 34 डिग्री रहा, जबकि रात के तापमान 2.8 डिग्री की बढ़त रही। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी भोपाल सहित कई जिलों में मौसम ऐसा ही रहेगा।

**भोपाल के कई हिस्सों में शाम को हल्की बूंदाबांदी हुई**



### 15 जिलों में हल्की बारिश

*नए पश्चिमी विक्षोभ और छत्तीसगढ़ में बनी ट्रफ के कारण गुरुवार की दरमियानी रात में जबलपुर, रीवा, उमरिया, भोपाल, छिंदवाड़ा, पन्ना, मैहर, सीधी, सिंगरौली, नरसिंहपुर, सिवनी, पचमढ़ी, सागर, दमोह, कटनी, शहडोल, डिंडौरी और मंडला में हल्की बारिश हुई। गुरुवार देर रात को भोपाल संभाग सहित अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, मंडला जिलों में आंधी के साथ बारिश और कहीं-कहीं ओले गिरने की सूचना है। ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना जिलों में भी बारिश का अनुमान है।*



## तनख्वाह नहीं मिलने से सात दिन छुट्टी पर रहेंगे 23 हजार पंचायत सचिव

**भोपाल।** प्रदेश के करीब 23 हजार पंचायत सचिव 7 दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। वे 26 मार्च से 1 अप्रैल तक छुट्टी लेंगे। तीन से चार महीने का वेतन नहीं मिलने के चलते भी वे नाराज हैं और अब सड़क पर उतरेंगे। सचिवों के सामुहिक अवकाश पर जाने से पंचायत से जुड़ी योजनाओं पर सीधा असर पड़ेगा। पंचायत सचिवों ने सरकार को 26 मार्च तक तनख्वाह देने का अल्टीमेटम दिया है। मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि 7 सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन के 313 ब्लॉक और 52 जिला मुख्यालय के ब्लॉक-जिला अध्यक्ष कलेक्टर्स को ज्ञापन सौंपेंगे। इसमें बताया जाएगा कि 25 मार्च तक यदि मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 26 मार्च से वे सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे।

### यह रखीं मांगें

- महीने की एक तारीख को वेतन देने के आदेश जारी हो।
- चार महीने का नहीं मिला वेतन
- मुख्यमंत्री के आदेश पर भी 20 महीने बाद भी समयमान वेतनमान का सचिवों को नहीं मिला लाभ
- शासकीय कर्मचारियों की तरह सभी सुविधाएं मिलें।
- प्रदेश की 313 जनपद में वेतन के लिए बजट में अलग से प्रावधान।

## राजधानी में दो व्यापारियों के ठिकानों पर सर्वे की कार्रवाई

# अलंकार ज्वेलर्स, गोल्डन सिटी के ठिकानों पर करोड़ों रु. के लेन-देन के मिले कागजात

**आयकर विभाग की टीमों ने दोपहर से लेकर शाम तक दस्तावेजों की जांच की**

### अलंकार ज्वेलर्स की जांच कर आय-व्यय के दस्तावेज खंगाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयकर विभाग ने भोपाल में गुरुवार को दो व्यापारियों के ठिकानों पर सर्वे की कार्रवाई की है। गुरुवार दोपहर दो बजे के बाद आयकर की दो टीमों ने गोल्डन सिटी नाम के हाउसिंग प्रोजेक्ट के संचालक और रियल एस्टेट कारोबारी मनीष जैन के चूनाभट्टी इलाके में स्थित दफ्तर के साथ न्यू मार्केट स्थित अलंकार ज्वेलर्स पर पहुंचकर सर्वे शुरू किया।

इससे पहले आयकर विभाग ने गोल्डन सिटी कॉलोनी में रहने वाले सौरभ अग्रवाल नाम के एक कारोबारी के चूनाभट्टी स्थित दफ्तर पर का भी सर्वे किया था, जिसमें करोड़ों की अघोषित आय सामने आई थी। आयकर ने दोपहर से लेकर शाम तक दस्तावेजों की जांच की।




### टैक्स चोरी का संदेह, बोगस बिलों की भी जांच

*गुरुवार को आयकर की टीमों ने गोल्डन सिटी और अलंकार ज्वेलर्स की जांच कर आय-व्यय के दस्तावेज खंगाले। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को संदेह है कि बिजनेस की आड़ में अन्य स्रोतों से आने वाले काले धन को सफेद किया जा रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अलंकार ज्वेलर्स और गोल्डन सिटी से बोगस बिल भी मिले हैं। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग को इस दौरान इस तरह के दस्तावेज भी मिले हैं, जिसमें टैक्स चोरी करने के लिए सोने के जेवरों को बाजार भाव से कम कीमत पर बेचा गया है। इसी तरह गोल्डन सिटी प्रोजेक्ट के संचालक के यहां से नकदी में करोड़ों के लेन-देन से जुड़े कागजात मिले हैं। मनीष जैन और सौरभ अग्रवाल के बीच व्यापारिक रिश्ते भी बताए जा रहे हैं।*

### सौरभ के यहां भी हुई थी सर्वे की कार्रवाई

पिछले सप्ताह आयकर विभाग की टीम ने अल्फा कम्युनिकेशनंस और परफ्केट सॉल्यूशंस नाम की कंपनियां चलाने वाले सौरभ अग्रवाल के यहां भी सर्वे की कार्रवाई की थी। चार दिनों तक चले इस सर्वे में 12 करोड़ की अघोषित आय का खुलासा हुआ था। अब जांच पूरी होने पर ये आंकड़ा बढ़कर 15 करोड़ हो गया है। आयकर सर्वे के अगले दिन सौरभ अग्रवाल की तबियत बिगड़ गई थी और उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सौरभ का कनेक्शन भी प्रदेश के एक पूर्व मुख्य सचिव समेत कई रिटायर और वर्तमान आला प्रशासनिक अफसरों के साथ जोड़ा जा रहा है। वह मूल रूप से सरकारी ठेकेदार है, लेकिन अब तक उसने 15 करोड़ की अघोषित आय का स्रोत नहीं बताया है। अब आयकर विभाग आयकर चोरी के इस मामले में 15 करोड़ की रकम पर जुमार्ना और पेनल्टी लगाकर ये राशि वसूल करेगी।

## तीन दमकल मौके पर पहुंची

# विंध्याचल भवन में भड़की आग, कर्मचारियों की सूझबूझ से पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विंध्याचल भवन में गुरुवार दोपहर को आग लग गई। हादसा बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर घुमक्कड़ विभाग के विकास आयुक्त कार्यालय में हुआ। बिल्डिंग से धुआं उठता देख कर्मचारी दहशत में आ गए।

आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और नगर निगम की फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। हालांकि इसके पहले ही वहां मौजूद कर्मचारियों ने आग बुझा दी। आग से कुछ विभागीय दस्तावेज भी जले हैं, जिनकी जांच की जा रही है।


**रिनोवेशन के दौरान वेल्डिंग करते समय हादसा**



### वेल्डिंग के दौरान कागज के गत्तों में लगी थी आग

फायर प्रभारी सौरभ पटेल ने बताया कि घुमक्कड़ विभाग के विकास आयुक्त कार्यालय में रिनोवेशन का काम चल रहा था। जिसके लिए यहां इलेक्ट्रिक वेल्डिंग मशीन रखी गई थी, वेल्डिंग के दौरान कागज के गत्तों में आग लग गई। जिससे वेल्डिंग के दौरान चिंगारी निकल गई और नजदीक रखे कागज के गत्तों ने आग पकड़ ली। हादसे के दौरान मौजूद कर्मचारियों ने पानी और अन्य उपायों से आग पर काबू पाया, हालांकि नगर निगम की तीन फायर दमकलों ने मौके पर पहुंचकर आग को पूरी तरह बुझा दिया। बिल्डिंग प्रभारी कमल सिंह ने बताया कि आग पर जल्द ही काबू पा लिया है। कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है।

## वेंडर को भुगतान मिलने में हो रही देरी



**हमीदिया अस्पताल में मरीजों के हाल बेहाल**

# आयुष्मान मरीजों की अटकी सर्जरी, वेंडर ने नहीं दिए उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में आयुष्मान मरीजों की सर्जरी फिर अटक गई हैं। पहले ऐसी स्थिति जनवरी माह में बनी थी। दो बार वजह एक ही है कि वेंडर को भुगतान मिलने में देरी हो रही है। इस स्थिति में वेंडर ऑपरेशन के लिए जरूरी उपकरण व इंप्लांट की सप्लाई रोक देते हैं। ऐसे में परेशान हमीदिया अस्पताल में भर्ती आयुष्मान के मरीजों को होना पड़ रहा है।

एक सप्ताह से अधिक समय से अपना काम काज छोड़ कर वे इलाज की आस में अस्पताल में भर्ती हैं। रोजमर्रा के कार्य कर कमाने वाले लोगों के लिए इस समय अपना खर्चा चलाना एक बड़ी चुनौती बन रही है। जो उन्हें बीमारी से होने वाले शारीरिक समस्या के साथ मानसिक रूप से तोड़ने का कार्य कर रहा है।

### बीते चार साल से डॉक्टरों को नहीं मिला इंसेंटिव

आयुष्मान मरीज के इलाज पर डॉक्टरों को इंसेंटिव दिया जाता है। डॉक्टरों का आरोप है कि यह हमीदिया अस्पताल में बीते चार सालों से नहीं मिला है। हाल में नए नियम बनाए गए हैं। जिसके तहत आयुष्मान से आने वाले पैसे से पहले भुगतान होगा फिर इंसेंटिव दिया जाएगा। इससे इंसेंटिव मिलना अब संभव नहीं लग रहा है।

### स्टाफ हटाने से बढ़ी परेशानी

हमीदिया अस्पताल में आउट सोर्स कर्मचारियों की संख्या 17 सौ से कम कर 1443 कर दी गई है। ऐसे में अस्पताल में मरीजों को इलाज के लिए लंबे इंतजार का सामना करना पड़ रहा है।

### इलाज किया जा रहा

आयुष्मान पोर्टल से पेमेंट आ चुका है। वेंडर को इसकी सूचना दे दी गई है। आयुष्मान मरीजों का इलाज बैकअप में मौजूद स्टॉक से किया जा रहा है।

**डॉ. कविता एन सिंह**
डीन, जीएमसी

## नीट-पीजी की डेट आते ही विरोध शुरू

# डॉक्टरों का कहना, दो नहीं एक ही पाली में हो परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेडिकल कॉलेजों में पीजी सीट पर दाखिले के लिए नीट पीजी एग्जाम की तारीख तय हो चुकी है। बीते साल की तरह इस बार भी परीक्षा दो पालियों में ही होगी।

हालांकि इस बार डॉक्टरों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। छात्रों का कहना है कि दो शिफ्ट में एग्जाम होने से गड़बड़ी की आशंका बनी रहती है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल असोसिएशन के साथ मप्र जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन समेत कई संघ इसका विरोध कर रहे हैं।

### एग्जामिनेशन पैटर्न पर उठते हैं सवाल

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के नेशनल एक्जीक्यूटिव मेंबर डॉ. आकाश सोनी का कहना है कि नीट यूजी में 24 से 25 लाख छात्र परीक्षा देते हैं और यह एग्जाम एक पाली में होता है। तो नीट पीजी में करीब दो लाख छात्र बैठते हैं, तो इसे दो शिफ्ट में करने का कोई मतलब नहीं है। दो शिफ्ट में एग्जाम होने से छात्रों के मन में सवालों के चयन को लेकर कई सवाल उठते हैं। स्टूडेंट्स को लगता है कि पहले शिफ्ट के प्रश्न आसान थे।

# बैरसिया में ज्यादा बढ़ोतरी, शहर में पहले से महंगी प्रॉपर्टी

### जिले की 1283 लोकेशन पर की जा रही वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले दस सालों में शहरी क्षेत्र में प्रॉपर्टी की रिकार्ड बढ़ोतरी के बाद पंजीयन विभाग अब ग्रमीण क्षेत्रों में भी जमीनों के दाम बढ़ाने पर अड़ा हुआ है। शहरी लोकेशन्स पर पहले से पिछले दस सालों में चार गुना तक प्रॉपर्टी के दाम बढ़ा दिए हैं, जिसके बाद गरीबों ने छत के लिए नगर निगम सीमा के बाहर प्लॉट और मकान खरीदना शुरु कर दिया था।

जिसको देखते हुए इस बार पंजीयन विभाग ने बैरसिया में भी रिकार्ड बढ़ोतरी प्रस्तावित कर दी है। इसके लागू होने से आम लोगों को यहां भी प्लॉट खरीदना महंगा पड़ेगा। बैरसिया नगर पालिका में जमीनों के दामों में वृद्धि की जा रही है। इस बार नई कलेक्टर गाइडलाइन में जमीनों के दामों में पांच हजार से लेकर 23 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर दाम प्रस्तावित किए हैं। प्रस्तावित बढ़ोतरी को मंजूरी मिलने के बाद एक अप्रैल से बैरसिया में जमीनों की खरीद-फरोख्त महंगी हो जाएगी। अफसरों का तर्क है कि यहां औद्योगिक क्षेत्र, होटल, रिसोर्ट, कालोनियां, व्यवसायिक कांप्लेक्स बहुत तेजी से विकसित हुए हैं।




### डेढ़ घंटे अटका सर्वर, शाम तक 312 रजिस्ट्री

*राजधानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रॉपर्टी की रिकार्ड बढ़ोतरी को देखते हुए इन दिनों जिले के परी बाजार, आईएसबीटी और बैरसिया स्थित पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है। बुधवार को पंचमी के दिन रजिस्ट्री होने के बाद गुरुवार को भी पंजीयन दफ्तरों में शाम तक 313 रजिस्ट्री दर्ज की गई। दोपहर 12 से डेढ़ बजे तक संपदा का सर्वर रुक-रुककर चला, जिसकी वजह से खरीदारों को दो से ढाई घंटे का इंतजार करना पड़ा। मालूम हो कि 31 मार्च तक अब रोजाना पंजीयन दफ्तर खोले जाएंगे।*

### यहां सबसे ज्यादा महंगी होगी जमीन

*नगर पालिका बैरसिया भोपाल, विदिशा, नरसिंहगढ़ मार्गों से लगा हुआ क्षेत्र है। इनमें से भोपाल मार्ग पर पांच हजार 900 से सात हजार 100 रुपए प्रति वर्गमीटर दाम प्रस्तावित किए हैं। इनके अलावा विदिशा मार्ग पर साढ़े सात हजार से लेकर 16 हजार 800 रुपए प्रति वर्गमीटर जमीनों के दाम बढ़ाने की तैयारी है। वहीं शमशाबाद रोड पर सात हजार आवासीय तो 10 हजार 500 रुपये प्रति वर्गमीटर व्यवसायिक प्लॉट के दाम प्रस्तावित किए गए हैं।*

## राजधानी में 1121 करोड़ रुपए से तैयार होगा नया मेट्रो रूट

**टेस्टिंग के बाद शुरू होगा सिविल वर्क**

# मेट्रो की ब्लू लाइन का काम शुरू, जेके रोड पर स्वाइल टेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो ट्रेन की ऑरेंज लाइन करोंद से एम्स रूट के काम के साथ मेट्रो कंपनी ने ब्लू लाइन पर भी काम शुरू कर दिया है। जिसके लिए गुरुवार से भदभदा से रत्नागिरी तक करीब 13 किमी लंबी ब्लू लाइन के लिए मेट्रो रेल कारेपोरेशन ने मिट्टी टेस्टिंग का काम शुरु कर दिया है।

जेके रोड एरिया से मिट्टी के सैंपल लिए जा रहे हैं। इधर सुभाष नगर से एम्स तक के रूट पर जुलाई से मेट्रो शुरु कर दी जाएगी। तकनीकी बिड पहले ही खोल दी थी।

### *भदभदा से रत्नागिरी तक करीब 13 किमी लंबे रूट के लिए मिट्टी की जांच*



### *जुलाई महीने में शुरू होगी सुभाष नगर से एम्स तक मेट्रो*

#### मेट्रो की जद में आने वाले दुकानदारों को मिलेगी राशि

पुल बोगदा से करोंद तक बनाए जाने वाले मेट्रो के पहले रूट के सेकंड फेस का काम चल रहा है, लेकिन सिंधी कॉलोनी, भारत टॉकीज, नादिरा बस स्टैंड और सिंधी कॉलोनी चौराहे के बीच में आने वाली अड़चनों को अब तक दूर नहीं किया गया है, जिसकी वजह से मेट्रो का काम अटका हुआ है। बरखेड़ी फाटक से भारत टॉकीज तक मेट्रो के रूट पर 108 आरा मशीनें हैं। 48 साल में इन मशीनों की शिफ्टिंग पर 50 से ज्यादा बार चर्चा हो चुकी हैं। आखिरकार छोटा रातीबड़ में 18 एकड़ जमीन अलॉट की गई थी। जहां साढ़े 5 करोड़ रुपए से सड़क, बिजली और पानी की सुविधाएं दी जाएगी, जिसको लेकर यहां काम शुरु कर दिया गया है।

### एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी किया जाएगा

*ब्लू मेट्रो निर्माण के लिए तीन साल की समय सीमा तय है। इसके लिए यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक से लोन लेकर निर्माण होगा। बैंक से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद ही निर्माण एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी किया जाएगा। जिसके तहत 2027 तक 30 किमी का मेट्रो नेटवर्क तैयार किया जाएगा। हालांकि करोद से एम्स तक करीब 16 किमी लंबी लाइन बनाई जा रही है। जिसके सेकंड फेस में अड़चनें से काम अटका है।*

भोपाल
शुक्रवार, 21 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-7
वर्ष : 11, अंक : 354
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 33
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का अनुमान

## 2025 में भारत की जीडीपी 6.7% की दर से बढ़ेगी




**एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025 में भारत की जीडीपी 6.7% की दर से बढ़ेगी और यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी। रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि भारत का यूएस के प्रति कम एक्सपोजर होने के चलते टैरिफ का असर कम होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि हमारी रेटिंग वाली अधिकांश भारतीय कंपनियों की आय में धीमापन आ सकता है, लेकिन ▶▶ शेष पेज 4 पर

### केमिकल सेक्टर में रिकवरी रहेगी जारी

*रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में गिरावट के बाद केमिकल सेक्टर में रिकवरी जारी रहेगी। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार इस साल ज्यादातर भारतीय कंपनियां फंडिंग के लिए ऑनशोर चैनल का इस्तेमाल करेंगी। इसकी वजह घरेलू बाजारों में कम लागत होना है। ऑफशोर चैनल में डॉलर बॉन्ड एक अच्छा विकल्प होगा, लेकिन कंपनियां इसका उपयोग सिलेक्टिवली करेंगी।*



'कुंभकर्ण' बन किया अनोखा प्रदर्शन ताकि सरकार को जगा सकें

# परिवहन घोटाले को लेकर विधानसभा में कांग्रेस का हंगामा, नारेबाजी व वॉकआउट

**सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग**


परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने परिवहन घोटाले के आरोपों को नकार दिया। उन्होंने कहा कि पहले से जो जांच हो रही है, उसका परिणाम आने दें, उससे पहले कैसे आरोप लगा सकते हैं?

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा में बजट सत्र के सातवें में दिन परिवहन विभाग में हुए घोटाले को लेकर कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया। ध्यानाकर्षण पर चर्चा शुरू करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सौरभ शर्मा के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई। 52 किलो, 10 करोड़ के कैश के बारे में आज तक पता नहीं लग पाया, चेक पॉइंट पर अवैध वसूली हो रही है। उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने सौरभ शर्मा की अवैध नियुक्ति का अरोप लगाते हुए दोषी पर कार्रवाई की मांग की। इस ▶▶ शेष पेज 4 पर



### जांच एजेंसी पता लगा रही है पैसा और सोना किसका: परिवहन मंत्री



परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जांच एजेंसी पता लगा रही हैं कि पैसा और सोना किसका है, जब पॉइंट पर पहुंच जाएंगे, तब आपको भी पता चल जाएगा। सरकार हर तरह से इन जांच एजेंसी को सहयोग कर रही है। ऐसा सिस्टम बना रहे हैं जो पूरी तरह पारदर्शी हो। उन्होंने कहा कि मौजूदा जांच एजेंसियों की जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक दूसरी जांच एजेंसी को जांच देना उचित नहीं है। ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### 1 अप्रैल से बदल जाएगा फास्टैग का नियम



**नई दिल्ली।** फास्टैग के नियमों में बदलाव होने जा रहा है। लेकिन ये बदलाव महाराष्ट्र के यूजर्स के लिए है। अब सभी टोल प्लाजा पर फास्टैग को अनिवार्य कर दिया गया है। टोल प्लाजा के इन नियमों अपडेट भी देखने को मिल है जो वाहन चालकों पर सीधा असर डालेगा। 1 अप्रैल 2025 से सभी टोल प्लाजा पर ये अनिवार्य कर दिया जाएगा।

### 1 अप्रैल से लागू हो रही नई पेंशन स्कीम



**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) एक नई केंद्रीय पेंशन योजना है जिसका ऐलान पिछले साल (2024) में मोदी सरकार ने किया था। 1 अप्रैल 2025 से शुरू होने वाली इस योजना का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को एक निश्चित पेंशन सुरक्षा देना है। एनपीएस के तहत यह योजना केंद्र के कर्मचारियों के लिए है।

### गेंद पर लार के उपयोग पर लगा प्रतिबंध हटाया



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने गुरुवार को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटा दिया। बोर्ड ने यह फैसला 10 टीमों के कप्तानों की सहमति के बाद लिया। आईसीसी ने कोरोना के दौरान गेंद को चमकाने के लिए उस पर लार लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। कोरोना के बाद से गेंद पर लार लगाने पर रोक लगी थी।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने तराना में विकास के लिए खोला खजाना

कहा- उज्जैन को सांस्कृतिक राजधानी बनाना हमारी कोशिश

# ढाई हजार करोड़ की योजना सौ गांवों को देगी 'सिंचाई का पानी'

*सीएम ने कहा कि शिप्रा नदी के स्वच्छ और शुद्ध जल से सिंहस्थ के दौरान स्नान सुनिश्चित करने के लिए 900 करोड़ रुपए की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इन्हें समय रहते पूरा कर लिया जाएगा*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन जिले के तराना में नर्मदा-शिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना के तहत पाइप लाइन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इसकी लागत 2490 करोड़ है और इस परियोजना से क्षेत्र के 100 गांवों को सिंचाई का पानी मिलेगा।

डॉ. यादव ने इसके साथ ही 9.64 करोड़ की लागत से बने इंदौर हाईलेवल ब्रिज का लोकार्पण, 7.15 करोड़ की लागत वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का भूमिपूजन, 5.73 करोड़ की लागत वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण और 5.21 करोड़ रुपए लागत की 11 नल-जल परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। डॉ. यादव ने कहा कि अंचल के विकास के कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। एक अन्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश उज्जैन को सांस्कृतिक राजधानी बनाने की है। इस दिशा में लगातार काम चल रहा है।

**तराना में किया कई विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन**

**11 नल-जल परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया**



### सिंहस्थ में स्नान के लिए 9 सौ करोड़ की योजनाएं



यादव तराना में श्री तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर के नए महंत की चादर विधि कार्यक्रम और महारुद्र यज्ञ में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने संतों से कहा कि हमें उम्मीद है कि हम उज्जैन को सांस्कृतिक राजधानी बनाने में सफल होंगे। इसके लिए लगातार काम हो रहे हैं। शिप्रा नदी के स्वच्छ और शुद्ध जल से सिंहस्थ के दौरान स्नान सुनिश्चित करने के लिए 900 करोड़ रुपए की ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सांप-बिच्छू के मंत्र नहीं आते, तो छेड़ते क्यों हो?

कांग्रेस विधायक महेश परमार के मंच छोड़कर जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस में इतना साहस नहीं है कि वह बैठकर हमें सुन सके। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के मेले में कांग्रेस के अध्यक्ष की बुद्धि भ्रमित हो गई थी। उन्होंने कहा था कि नहाने से क्या होता है? मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, 'जब आपको सांप-बिच्छू के मंत्र नहीं आते, तो आप उन्हें क्यों छेड़ रहे हैं?' दिल्ली चुनावों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि सनातन का अपमान करने वालों का जनता ने हिसाब ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नर्मदा-शिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना से होगा यह लाभ

- *2489.65 करोड़ लागत की नर्मदा-शिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना से उज्जैन जिले की दो तहसील (तराना, घटिया), विधानसभा क्षेत्र तराना के कुल 83 गांवों की 27,490 हेक्टेयर भूमि और शाजापुर जिले की एक तहसील (शाजापुर) विधानसभा क्षेत्र शाजापुर के कुल 17 गांवों की 2,728 हेक्टेयर जमीन का फायदा होगा। परियोजना से कुल 100 गांवों की 30,218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।*
- *परियोजना में कुल 2254 किमी पाइप लाइन बिछाई गई है। इसके जरिए उज्जैन शाजापुर जिले के 100 गांवों को सिंचाई के लिए पानी और उज्जैन, नागदा, तराना, घट्टिया, शाजापुर, मक्सी को पेयजल और उद्योग के लिए पानी मिल सकेगा।*
- *परियोजना के तहत ओंकारेश्वर जलाशय ग्राम बड़ेल जिला खंडवा से भूमिगत पाइपलाइन द्वारा 15 घन मीटर प्रति सेकेंड की दर से जल 435 मीटर ऊंचाई तक कुल 6 पंपिंग स्टेशन एवं 50 पंप मोटर के माध्यम से लिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए कुल 89 मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी।*
- *परियोजना के तहत मुख्य पाइप लाइन और वितरण प्रणाली से 2.5 हेक्टेयर चक तक कुल 2254 किमी पाइप लाइन बिछाई गई है। प्रति 20 हेक्टेयर पर एक ओएमएस बाक्स अर्थात कुल 1539 बाक्स स्थापित किए गए हैं।*

**अब दमोह में पुलिस पर हमला**



## हथियार जब्त करने गई थी 'टीम' आरोपी ने बंदूक से चला दी गोली

- एक पुलिस अधिकारी घायल
- अपराधी को भी गोली लगी
- आरोपी पर कई मामले हैं दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के देहात थाना अंतर्गत ग्राम मराहार में गुरुवार की सुबह पुलिस 23 अपराधों के आरोपी कासिम खान को पकड़कर अवैध रूप से रखे हुए हथियारों की तलाश में गई थी। इस दौरान आरोपी द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया, जिससे जबलपुर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### गोकशी सहित अन्य 23 मामलों में वांटेड आरोपी है कासिम

*पुलिस अधीक्षक श्रुति कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि गोकशी सहित अन्य 23 मामलों में वांटेड आरोपी कासिम कसाई को पुलिस द्वारा नागपुर से गिरफ्तार किया गया था। इसके उपरांत आरोपी द्वारा छिपाए गए अवैध हथियारों को पकड़ने के लिए कोतवाली एवं देहात थाना पुलिस की टीम संयुक्त रूप से आरोपी के द्वारा बताए गए स्थान पर गुरुवार की सुबह ले जाया* ▶▶ शेष पेज 4 पर

चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

### 30 अप्रैल से शुरू होगी यात्रा पहले गंगोत्री-यमुनोत्री खुलेंगे



**देहरादून।** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 20 मार्च से शुरू हो गया है। यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके लिए आधार नंबर को अनिवार्य कर दिया गया है। यात्रियों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ गाड़ी नंबर भी भरना ▶▶ शेष पेज 4 पर

गला घोंटा फिर पत्थर से सिर कुचला

### ग्वालियर में 12 साल की बच्ची ने चार साल के मासूम को मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

जिले के सिरोल कॉस्मो आनंदा टाउनशिप से मंगलवार दोपहर से लापता 4 साल के बच्चे का शव बुधवार रात टाउनशिप के पास ही एक गड्ढे से बरामद किया गया है। मामले में खुलासा हुआ है कि 12 साल की एक नाबालिग बच्ची ने उसकी हत्या की है। हैरत की बात है कि आरोपी नाबालिग उसे बेर खिलाने के बहाने ले गई थी। जहां उसने बच्चे का गला दबाया, फिर उसके सिर पर पत्थर से हमला किया। इसके ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ शव टाउनशिप के पास ही एक गड्ढे से बरामद

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री हैं नित्यानंद राय

### भांजों के बीच गोलीबारी, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶ भागलपुर

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के दो भांजों के बीच गोलीबारी ने इलाके में सनसनी फैला दी है। केंद्रीय मंत्री की बहन को भी गोली लगी है। पुलिस का कहना है कि आपसी विवाद यह गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी की घटना में विश्वजीत यादव की मौत हो गई, जबकि जयजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को तुरंत इलाज के लिए भागलपुर के डॉक्टर एनके यादव के अस्पताल में भर्ती ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ पानी को लेकर दोनों पक्षों में हुआ था विवाद

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दी जानकारी

### सैटेलाइट आधारित टोल के लिए करना होगा थोड़ा इंतजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाईवे पर सैटेलाइट आधारित टोल प्रणाली के लिए अभी इंतजार करना होगा। इससे संबंधित नीति बनाने के लिए बनी समिति ने सुरक्षा और निजता की चिंताओं के कारण और अधिक विचार-विमर्श की जरूरत जताई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि सैटेलाइट आधारित टोल के लिए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ सुरक्षा और निजता की चिंताएं बड़ा कारण

**बीजापुर और कांकेर में दो अलग-अलग मुठभेड़**

हिडमा की तलाश में 125 से ज्यादा गांवों की मैपिंग, तीन महीने में 77 का खात्मा

## 30 नक्सली ढेर किए, ऑटोमेटिक हथियार और गोला-बारूद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर जिले में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई है।

अलग-अलग मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए। वहीं, बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान बलिदान हो गया है। बीजापुर में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं। वहीं, दूसरी और कांकेर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें चार नक्सली मारे गए। सभी 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। बीजापुर और ▶▶ शेष पेज 4 पर



### अगले साल 31 मार्च से पहले नक्सलमुक्त होगा देश: शाह



*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो* ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दिशा सालियान डेथ केस में घमासान**

ठाकरे ने कहा-कोर्ट में ही जवाब दूंगा

## आदित्य ठाकरे पर एफआईआर की मांग, पिता की हाईकोर्ट से गुहार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने दिशा की मौत की नए सिरे से जांच की मांग की है। इसके लिए उन्होंने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

याचिका में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया गया है। आरोप लगाया गया है कि दिशा के साथ गैंगरेप के बाद उसकी हत्या की गई थी। इधर, आदित्य ठाकरे ने कहा कि मैं कोर्ट में ही जवाब दूंगा। दिशा सालियान 8 जून, 2020 को मलाड में एक रिहायशी इमारत की 14वीं मंजिल से गिरकर मृत पाई गई थीं। उस समय मुंबई पुलिस ने इसे एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट के रूप में दर्ज किया था। कुछ ही दिनों बाद, 14 जून, 2020 को सुशांत सिंह राजपूत अपने बांद्रा अपार्टमेंट में मृत पाए गए।



जबकि शहर की पुलिस ने शुरू में इसे आत्महत्या बताया था, बाद में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। कैबिनेट मंत्री नितेश राणे ने कहा कि आदित्य ठाकरे को विधायक पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और जांच का सामना करना चाहिए।

**मप्र हाई कोर्ट ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में सरकार के फैसले पर उठाए सवाल**

सरकार को भर्तियों से संबंधित तथ्य लिखित में दाखिल करने होंगे

## सरकारी भर्तियों में खाली रखे जाएं ओबीसी के 13% पद, हाईकोर्ट ने 2019 से भर्तियों का 'ब्योरा' मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग के 13 फीसदी पदों को होल्ड करने के सरकार के फैसले पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने महाधिवक्ता से पूछा कि सरकार ने किस आदेश के तहत ओबीसी के 13 फीसदी पदों को रोका हुआ है, जबकि संबंधित याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है। हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि वह अपना कानून लागू करने में क्यों हिचकिचा रही है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की ▶▶ शेष पेज 4 पर



**सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

*हाईकोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने 24 फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ राज्य में 58% आरक्षण लागू करने की अनुमति दी है। हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता से पूछा कि जब दोनों राज्यों का विवाद एक जैसा है, तो सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश मध्य प्रदेश में क्यों नहीं लागू किया जा रहा है।*

बीसीआई मान्यता के बगैर संचालित हो रहा सेंट्रल लॉ इंस्टीट्यूट

### प्रदेश में ऐसे 135 कॉलेज, हाईकोर्ट ने भोपाल पुलिस कमिश्नर को सौंपी जांच

**भोपाल।** जबलपुर के सेंट्रल इंडिया लॉ इंस्टीट्यूट पर भोपाल क्राइम ब्रांच एफआईआर की तैयारी में है। साल 2019 से इसकी बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) मान्यता समाप्त हो चुकी है। इसके बाद भी महाविद्यालय में लगातार छात्रों को एडमिशन दिया जाता रहा। सेंट्रल इंडिया लॉ इंस्टीट्यूट सहित अवैध ढंग से संचालित 135 इंस्टीट्यूट के खिलाफ जांच के आदेश भोपाल पुलिस के कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र को दिए गए थे। जांच में जबलपुर के सेंट्रल इंडिया लॉ इंस्टीट्यूट को अवैध रूप से संचालित करने की बात साफ हुई। अब क्राइम ब्रांच इस इंस्टीट्यूट के खिलाफ पहली एफआईआर दर्ज करने की तैयारी में है। 11 मार्च को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने बिना मान्यता वाले विधि ▶▶ शेष पेज 4 पर

**नाइट की लाइट और तेज आवाज से लेकर कीटनाशक कर रहे गौरैया का विनाश, घोंसले पर दूसरे परिंदे भी कर लेते हैं कब्जा**

# बिजली के बल्ब जले और गौरैया निकल पड़ीं शिकार करने, अब रात में सोने की आदत ही बदल गई...

*शाम का अंधेरा अब गौरैया को दिन जैसा महसूस कराने लगा जीवन चक्र में ऐसे बदलाव अब गौरैया ही नहीं, किसी भी परिंदे के लिए ठीक नहीं*

संजीव सक्सेना ▶▶ भोपाल

अलग खबर

हमारे लिए शाम का अंधेरा अब गौरैया के लिए दिन जैसा महसूस कराने लगा है। दरअसल, रात में बिजली की रोशनी से यह छोटी सी चिड़िया रात को दिन समझ कर अपने दैनिक शिकार के लिए निकलने लगी है। जीवन चक्र में ऐसे बदलाव अब गौरैया ही नहीं, किसी भी परिंदे के लिए ठीक नहीं हैं। यूं तो गौरैया के संरक्षण के लिए हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसका मकसद गौरैया संरक्षण और इसके महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। लेकिन पर्यावरण में घुले प्रदूषण से लेकर रेडिएशन और पारिस्थितिकी तंत्र में हो रहे बदलाव से गौरैया का जीवन खतरे के दौर से गुजर रहा है। यहां तक की घरों के बाहर बिजली की रोशनी हो या तेज आवाज या फिर दूसरे प्रभाव गौरैया के लिए नई-नई मुसीबतें ला रहे हैं। यह छोटी चिड़िया पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

यह कीट नियंत्रण में बड़ी मदद करती हैं। गौरैया साल में 2-3 बार अंडे देती हैं। यह एक बार में 3-6 अंडे तक दे सकती हैं। यह अपने घोंसले छतों, पेड़ों या दीवारों में बनाती हैं। इसमें घास, पंख, पत्तियों और कागज आदि का इस्तेमाल करती हैं। कई बार उनके घोंसलों पर दूसरे परिंदों अतिक्रमण कर लेते है। दरअसल, कोयल, छोटा नीलकंठ सहित कुछ प्रजातियों के परिंदे इसके घोंसले से अंडे नीचे गिराकर स्वयं बैठ जाते हैं। मोबाइल टॉवर से निकलने वाले रेडिएशन भी बड़ा खतरा है।

**गौरैया के जीवनचक्र में आया बदलाव, कर रहा पूरी प्रजाति को प्रभावित, बच्चों में उड़ने की क्षमताओं पर हो रहा असर**

**सभी प्रकार के प्रदूषण और मोबाइल टॉवर के रेडिएशन बने जान के दुश्मन, अब कम दिखाई देतीं हैं गौरैया**

1

2

3

4


## ऐसे हो रहा गौरैया के जीवनचक्र में बदलाव

*यहां एक घर के बाहर कार्ड बोर्ड के डिब्बे में बनाए घोंसले में गौरैया का एक जोड़ा दो बच्चों के साथ रहता है। दर्शाए फोटो में पहला चित्र शाम के समय का है, गौरैया अपने घोंसले में दिखाई दे रही है, जबकि दूसरे चित्र में बिजली का बल्ब जलते ही कीट पतंगों के शिकार के लिए वह हर दिन की तरह घोंसले से निकल पड़ी है। तीसरे चित्र में जब तक बल्ब की रोशनी है, वह शिकार करके अपने बच्चों को घोंसले में जाकर चूंगा दे रही है। लेकिन देर रात जैसे ही बल्ब बंद होता है, यह वापस घोंसले में सोने के लिए चली जाती है। गौरैया के जीवनचक्र में ऐसे बदलाव अब आम हो चुके हैं। आमतौर पर गौरेया शाम को सूरज ढलने के साथ ही घोंसले में पहुंच जाती है, लेकिन अब यह बदलाव देखा जा सकता है।*

## ऐसे होता है घोंसले पर अतिक्रमण

इसी घर में कुछ दिन बाद एक अन्य जंगली प्रजाति का तोता आता है, जो आम तोतों से अलग है। यह इसके घोंसले को पहले खुर्दबुर्द करता है फिर खुद रहने लगता है। हालांकि, यह ऐसा सिर्फ एक दिन ही कर पाता है। उसी दिन शाम को गौरैया लड़कर इससे वापस अपना घोंसला छीन लेती है। यहां चौथे फोटो में जंगली प्रजाति का तोता इससे हारने के बाद घोंसला छोड़कर नीचे की दीवार पर बैठा है, जो बाद में उड़कर दूसरा मुकाम पास के पेड़ पर बना लेता है।

### सेहत के लिए यह लाभदायक

पर्यावरणविद डॉ. सुभाष सी पांडे कहते हैं कि पॉल्यूशन, रेडिएशन, कीटनाशक सहित पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव गौरैया के साथ अन्य परिंदों के लिए बड़ा नुकसान दायक है। ऐसे में नई पीढ़ी भी इससे प्रभावित होती है। जीवनचक्र में बदलाव से इसके बच्चों पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है, जिससे कई बार इनकी उड़ने की क्षमताएं भी प्रभावित हो सकती हैं। गौरैया की सुबह के समय की चहचहाहट इंसानों के न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करती है। इससे डिप्रेशन जैसे रोगों में बड़ा लाभ मिल सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### यूका कचरा मामले पर एनजीटी में सुनवाई फैसला रखा सुरक्षित

**भोपाल।** गुरुवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में पीथमपुर में निष्पादित किए जा रहे यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरा के मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष और याचिकाकर्ता डॉ. पीजी नाजपांडे और रजत भार्गव ने बेंच में यूका कचरा के निष्पादन की वैज्ञानिक जांच नीरी (नेशनल एन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) से कराए जाने को लेकर याचिका लगाई है। अधिवक्ता प्रभात यादव ने बेंच को संबंधित मामले पर विस्तार से जानकारी दी। इस मामले में बेंच के एक्सपर्ट मेंबर डॉ. अफरोज अहमद ने टिप्पणी की कि इस मामले में जांच पूना के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेस्टिंग से भी कराई जा सकती है। लंबी दलील के बाद बेंच ने फिलहाल फैसला सुरक्षित रखा है। बेंच की ओर से ज्यूडिशियल मेंबर जस्टिस शेव कुमार सिंह ने याचिकार्ता को बताया कि निर्णय जल्द ही पारित किया जाएगा।

### 12वीं के पेपर में एक नकल करते पकड़ा, 10वीं का आखिरी पेपर आज

**भोपाल।** गुरुवार को मप्र बोर्ड 12वीं कक्षा की एक ही विषय समाजशास्त्र की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू हुई, जिसमें प्रदेश भर में एक नकल प्रकरण भोपाल जिले में बनाया गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक स्टेशन पर एक विद्यार्थी पर्ची से नकल करते पकड़ा गया है। वहीं 10वीं कक्षा का केवल एक विषय की परीक्षा होना बाकी है। विज्ञान विषय की परीक्षा शुक्रवार को संपन्न होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 13 मार्च से शुरू कर दिया है। सभी जिला मुख्यालयों के समन्वयक केंद्रों पर सीसीटीवी की निगरानी में मूल्यांकन कार्य जारी है। इसमें करीब 40 हजार विद्यार्थी शामिल हुए हैं। दूसरे चरण का मूल्यांकन कार्य 22 मार्च से शुरू होगा। इसमें करीब 36 लाख कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा।

---

### कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस सेमिनार में डॉ. यादव हुए शामिल

# सबके जीवन में खुशहाली लाना ही प्रदेश सरकार का लक्ष्यः मुख्यमंत्री

*राज्य आनंद संस्थान एवं मप्र जन अभियान परिषद के बीच हुआ एमओयू*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुख और दुःख मनुष्य के जीवन से उसी तरह जुड़े हैं, जैसे दिन के बाद रात। सुख-दुख जीवन के अभिन्न अंग हैं। लोक कल्याणकारी राज्य का प्रथम कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों के जीवन में खुशहाली लेकर आए। हमारी सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है। सबका कल्याण ही हमारा मूल लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि त्याग, तप, साधना, बलिदान, असंचय, अपरिग्रह और निस्वार्थ सेवा भाव से मन की शांति ही सुख है। प्रकृति के सानिध्य में जब मन, परमात्मा के भावों में लीन हो जाता है, तब ही तादात्म्य ही सच्चा सुखानंद प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आनंद विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस कार्यशाला को संबोधित करते हुए ये विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख-समृद्धि लाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि प्रदेश के सभी नागरिकों के जीवन में उल्लास भरने के लिए हमारी सरकार जी-जान से जुटी है।

### जनहितैषी योजनाओं से हर वर्ग हो रहा लाभांवित




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक के जीवन में हर्ष, आनंद और खुशहाली लाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनहितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के हर वर्ग को लाभांवित कर रही है। नागरिकों के जीवन में खुशहाली और संतोष ही हमारी सबसे बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि कष्ट सहकर भी जीवन देने का सुख पाये, वो है माता और साधक बनकर भी जीवन का असीम सुख पाए वो है सन्यांसी। कष्ट में भी सुख है, इसलिए जीवन का मर्म समझिए कि परमात्मा ने हम सबको आनंद में जीवन जीने के लिए इस धरा पर भेजा है, इसलिए जीवन को आनंदमय होकर ही जिएं।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) डॉ. मोहन नागर, श्री रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ, कोलकाता से आए स्वामी समर्पणानन्द, पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश अरोड़ा, आईआईएम इंदौर के पूर्व निदेशक डॉ. एन. रविचन्द्रन, प्रमुख सचिव, आनंद विभाग राघवेन्द्र कुमार सिंह, राज्य आनंद संस्थान के सीईओ आशीष कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सुधिजन एवं आनंदक उपस्थित थे।

### आनंद व्यक्ति के भीतर से आता है

प्रोफेसर रजनीश अरोड़ा ने कहा कि आनंद व्यक्ति के भीतर से आता है, पर इसका प्रभाव व्यक्ति के चरित्र से बाहर दिखाई देना चाहिए। व्यष्टि से समष्टि तक चारों ओर आनंद है, पर उस आनंद को हमें खोजना आना चाहिए। व्यक्ति अपने जीवन के सभी कार्य बखूबी निभाता है, तभी उसे जीवन का असली सुख प्राप्त होता है। डॉ. एन. रविचन्द्रन ने कहा कि समाज में परिवर्तन हो रहा है। सब अपने-अपने तरीकों से आनंद खोज रहे हैं। मन के संतोष से ही व्यक्ति को शांति और आनंद मिलता है। अपने काम, कर्तव्य और रिश्तों को ईमानदारी से निभाएं, यही सच्चा सुख है, यही आनंद है।

### खुशहाल समाज के निर्माण में दें योगदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे सकारात्मक दृष्टिकोण से सरकार के साथ मिलकर एक खुशहाल समाज के निर्माण में योगदान दें। आनंद विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय नेशनल हैप्पीनेस सेमिनार का उद्देश्य आनंद के नए आयाम और नित नई परिस्थितियों में आनंद की खोज करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष राज्य आनंद संस्थान भोपाल एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के बीच एम.ओ.यू (समझौता ज्ञापन) का आदान-प्रदान हुआ। यह

---



**मंत्री सारंग ने रहवासियों के साथ खेली फूलों की होली**

## आपसी भाईचारे को मजबूत करने का पर्व होली: सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नरेला विधानसभा अंतर्गत सम्राट अशोक मंडल में होली मिलन उत्सव में मंत्री विश्वास सारंग ने क्षेत्रवासियों के साथ फूलों की होली खेली और पारंपरिक होली गीतों का आनंद लिया। मंत्री सारंग ने कहा कि होली सिर्फ रंगों और उमंग का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम भी है। यह त्योहार नई ऊर्जा और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि नरेला विधानसभा में हर त्यौहार उत्साह, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाता है, और यही अपनत्व का भाव नरेला को एक परिवार की तरह जोड़ता है।

### राधा-कृष्ण की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

होली मिलन उत्सव में स्थानीय कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण की झांकी और रासलीला की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक भजनों और नृत्यों की प्रस्तुतियों को देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों ने भजनों, लोकगीतों और होली से जुड़े नृत्यों का प्रदर्शन किया, जिससे समारोह का माहौल भक्तिमय और आनंदमय बन गया।

---

**14वीं इंडियन एजुकेशन समिट 2025 में हुए अलंकृत**

## सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. तिवारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नई दिल्ली में आयोजित 14वीं इंडियन एजुकेशन समिट 2025 में डॉ. नरेश कुमार तिवारी को भारत के उत्कृष्ट कुलपति सम्मान से नवाजा गया। इस प्रतिष्ठित सम्मान से पूरे मध्य प्रदेश में सैम ग्लोबल विश्वविद्यालय का नाम रोशन हुआ है। डॉ. तिवारी प्रदेश के एकमात्र कुलपति हैं, जिन्हें यह सम्मान मिला है।

इनके कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बनने का गौरव प्राप्त किया। शिक्षा जगत में डॉ. तिवारी के योगदान के लिए अब तक 29 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। 10 जनवरी से 10 फरवरी तक आयोजित शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के ज्ञान महाकुंभ में भी भारतीय शिक्षा राष्ट्रीय संकल्पना सम्मेलन के दौरान डॉ. तिवारी को शिक्षा क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## खुशी और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझें : दीदी नीता

**भोपाल।** शहर के नीलबड़ स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र में गुरुवार को वर्ल्ड हैप्पीनेस-डे मनाया गया। केंद्र की प्रमुख नीता दीदी ने कहा कि खुशी वास्तव में मानसिक और शारीरिक, दोनों स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस विशेष दिन पर आपने लोगों से अपील की, कि वे अपनी खुशी और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करें, ताकि दुनिया भर में सुखी जीवन को बढ़ावा मिले। खुशी एक मानसिक स्थिति है, जो न केवल व्यक्तिगत जीवन में संतुलन लाती है, बल्कि समाज की समग्र भलाई के लिए भी आवश्यक है।

मानसिक स्वास्थ्य का सीधा संबंध शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और समग्र जीवन की गुणवत्ता से है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम अपनी खुशी के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं, और हमें इसे बनाए रखने के लिए समय-समय पर स्वयं की देखभाल करनी चाहिए। जिसमें मेडिटेशन एक कारगर उपाय है। अपने मन को सुख के सागर, सर्वशक्तिमान परमात्मा पिता से जोड़कर असीम आंतरिक सुख का अनुभव करते हैं, जिससे हमारा मन और शरीर दोनों स्वस्थ बने रहते है। वहीं प्रियंका नेगी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि खुशी हमारे दिमाग में कुछ ऐसे हार्मोंस का निर्माण करता है जिससे हमारा शरीर स्वयं की हीलिंग करने लगता है और स्वस्थ रहता है।

## साढ़े चार माह पहले सांसदों के रेलवे को दिए सुझाव पेंडिंग, अब डीआरयूसीसी से लेंगे सुझाव

### डीआरयूसीसी की पहली बैठक आज, निशातपुरा स्टेशन अब तक नहीं हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पश्चिम मध्य रेलवे जोन के रेल मंडल सांसदों के साथ 25 अक्टूबर को ताज होटल में बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें भोपाल सांसद आलोक शर्मा, ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाहा, खंडवा ज्ञानेश्वर पाटिल, देवास महेंद्र सिंह सोलंकी, नर्मदापुरम दर्शन सिंह चौधरी, सागर डॉक्टर लता वानखेड़े और राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सहित करीब 7 सांसद शामिल हुए थे।

■ सांसदों के सुझावों को रेलवे की ओर से गंभीरता से नहीं लिया गया

इस दौरान सांसदों द्वारा यात्री सुविधा को लेकर कई सारे सुझाव दिए थे। लेकिन साढ़े चार माह बाद भी अधिकांश सुझाव पर अमल नहीं किया गया। अब मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अब मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) के साथ शुक्रवार को डीआरएम कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में दोपहर 3:30 बजे बैठक करने जा रहा है। इन सदस्यों से सुझाव लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि डीआरयूसीसी के अधिकांश सदस्य सांसद प्रतिनिधि होते है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि जब सांसदों के सुझाव पर रेलवे की ओर से गंभीरता से नहीं लिया गया। तो ऐसे में डीआरयूसीसी सुझाव पर कितना अमल किया जाता है।

### यह दिए थे सांसदों ने सुझाव

सांसद आलोक शर्मा ने निशातपुरा स्टेशन पर जल्द रेल यातायात शुरू कर मालवा एक्सप्रेस को भोपाल की बजाय निशातपुरा स्टेशन से चलाने का सुझाव दिया था। इसी तरह भोपाल एक्सप्रेस को मथुरा में हॉल्ट दिए जाने का सुझाव दिया था। इन सुझाव पर अभी तक अमल नहीं किया गया। दर्शन सिंह चौधरी सांसद नर्मदापुरम ने बनापुरा में कामायनी एक्सप्रेस सहित कुछ ट्रेनों का हाल्ट दिए जाने का सुझाव दिया था, लेकिन अभी तक रेलवे की ओर से इस पर ध्यान नहीं दिया गया।

---

# राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में 14 लाख 60 हजार विद्यार्थियों ने की सहभागिता

### कक्षा 2 और 3 के विद्यार्थियों का शिक्षकों ने मौखिक टेस्ट लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




राजधानी में गुरुवार से राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में शुरुआत हुई। पहले दिन कक्षा दो और तीन के विद्यार्थियों का शिक्षकों ने मौखिक टेस्ट लिया। साथ ही कक्षा 4 से 8 के विद्यार्थियों का लिखित टेस्ट भी लिया गया। इस दौरान स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा अंग्रेजी पर केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। इनमें शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर सहभागिता की।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थी शाला स्तर, संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर तक प्रतियोगिताओं के विजेता बनने के बाद यहां तक पहुंचे हैं। राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में कक्षा 2 से 8 तक के करीब 14 लाख 60 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड (वर्ड पॉवर चेंपियनशिप) का समापन 21 मार्च को दोपहर 3:30 बजे भोपाल के इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन पीजीबीटी परिसर में होगा। पुरस्कार वितरण संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह करेंगे।

**मोहन भारती बने दशनाम जूना अखाड़ा के महंत**

*मुख्यमंत्री ने तिल भांडेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा*

# धार्मिक लोक के रूप में विकसित किया जाएगा तराना स्थित तिल भांडेश्वर महादेव मंदिरः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि विश्व में सनातन ही एकमात्र धर्म है, जो प्रकृति को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि सनातन को समझने के लिए साधु-संतों के जीवन और उनके अनुभवों को समझना आवश्यक है। डॉ. यादव तराना स्थित तिलभांडेश्वर महादेव मन्दिर में श्री दशनाम जूना अखाड़ा के मोहन भारती महाराज के महंत बनने पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि तिल भांडेश्वर मंदिर को धार्मिक लोक के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उज्जैन को धार्मिक-सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रही है। डॉ यादव ने कहा कि साधु-संत सनातन की धुरी हैं। सनातन धर्म साधु-संतों के मार्गदर्शन में काम करता रहा है।

उन्होंने उज्जैन में आयोजित होने जा रहे सिंहस्थ-2028 के लिए साधु-संतों को आमंत्रित करते हुए कहा कि सिंहस्थ के लिए उज्जैन में साधु-संतों को स्थाई प्रकृति के निर्माण की भी स्वीकृति मिलेगी। इससे साधु-संतों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी।

### श्री महारूद्र सहस्त्र चंडी महायज्ञ में दी आहुति



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने तराना स्थित प्राचीन तिल भांडेश्वर महादेव मंदिर में पूजा कर प्रदेश की जनता की सुख समृद्धि की कामना की। डॉ. यादव ने देव दर्शन के बाद कार्यक्रमों में साधु संतों का सम्मान किया और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी लिया। मुख्यमंत्री ने बृह्मलीन महंत प्रकाशनंद जी भारती की समाधि पर पुष्पांजलि और चादर अर्पित की। उन्होंने महारूद्र सहस्त्र चंडी महायज्ञ में आहुति दी और ईश्वर से कामना की कि प्रदेश में सुख समृद्धि बनी रहे।

### नर्मदा क्षिप्रा स्तुति पर आधारित नृत्य नाटिका

कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पलक पटवर्धन के निर्देशन में बालिकाओं ने नर्मदा क्षिप्रा स्तुति पर आधारित नृत्य नाटिका की आकर्षक प्रस्तुति दी। अखाड़े के मुख्य संरक्षक महंत हरि गिरि एवं अन्य संतों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को चांदी की गो-माता स्मृति-चिन्ह के रूप में भेंट की। समारोह में सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल आदि उपस्थित रहे।

**फाग महोत्सव की झलकियां**



फाग महोत्सव में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के भजनों पर झूमते मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विस अध्यक्ष तोमर।



होली के गीतों पर थिरकते मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विस अध्यक्ष तोमर, नेता प्रतिपक्ष सिंघार।



वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री भार्गव के साथ फूलों की होली खेलते सीएम।

# मंत्री विजयवर्गीय के भजन पर थिरके मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री और विधायक

**» मप्र विधानसभा में फाग महोत्सव का आयोजन**

**» संगीत प्रस्तुतियों और मनभावन कार्यक्रमों ने बांधा समां**

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

विधानसभा के मानसरोवर सभागार में गुरुवार को फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने की। यह कार्यक्रम रंगारंग संगीत प्रस्तुतियों और मनोभावन कार्यक्रमों से सराबोर रहा। फाग महोत्सव में संसदीय कार्य मंत्री मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भजनों से समां बांधा। भजनों पर मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघर व मंत्री झूमे। इसके बाद मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष, मंत्री, नेता प्रतिपक्ष एवं विस सदस्यों ने रात्रिभोज का आनंद लिया। यह कार्यक्रम संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य जन, वरिष्ठ पत्रकार भी उपस्थित रहें।





मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने विधानसभा में आयोजित फाग उत्सव में होली गीत गाए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री विजयवर्गीय, सिलावट ने विधानसभा में आयोजित फाग उत्सव में फूलों की होली खेली।







## खबर संक्षेप

### सीएम सुरक्षा में कोताही तो नहीं, शुरू हुई जांच

**भोपाल।** अशोक नगर में रंगपंचमी पर करीला धाम में सीएम डॉ. मोहन यादव जब उतर रहे थे तो सीढ़ी टूटने का घटनाक्रम हुआ था। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में अपनी जांच शुरू कर दी है। देखा जा रहा है कि कहीं यह सीएम के सुरक्षा इंतजामों में कोई लापरवाही तो नहीं थी। हालांकि प्रथम दृष्टया अफसरों का कहना है कि वजन ज्यादा होने के कारण सीढ़ी टूटी है। इस घटना में सीएम गिरते-गिरते संभल गए थे। एसपी विनीत जैन का कहना है कि सीएम की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है।

### पक्षियों के संरक्षण की पहल जरूरी: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व गौरैया दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए गौरैया के संरक्षण के लिए प्रयास करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पर्यावरण और आधुनिक तकनीक के दौर में मासूम जीवों का अस्तित्व संकट में न आए, इसके लिए वृक्ष लगाने, घोंसलें बनाने और गौरैया तथा अन्य पक्षियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए अपने-अपने स्तर पर सभी को प्रयास करने की आवश्यकता है।

### कर्मचारी मंच का धरना 23 को, सौंपेंगे ज्ञापन

**भोपाल।** प्रदेश के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी और अंशकालीन कर्मचारी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर 23 मार्च को आंबेडकर पार्क एकत्रित होकर में प्रदर्शन कर धरना देंगे। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे के नेतृत्व में कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पैदल मार्च करते हुए सीएम को मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे।

### डिप्टी कमिश्नर, आबकारी अफसर हुए इधर-उधर

**भोपाल।** राज्य शासन ने गुरुवार को दो डिप्टी कमिश्नर सहित 27 आबकारी अधिकारियों की तबादले की है। जारी सूची के मुताबिक इंदौर में पदस्थ डिप्टी कमिश्नर आबकारी मुकेश नेमा को ग्वालियर का डिप्टी कमिश्नर आबकारी बनाया गया है। वही संजय तिवारी को डिप्टी कमिश्नर उड़न दस्ता उज्जैन को डिप्टी कमिश्नर आबकारी इंदौर में पदस्थापना दी गई है। इसके अलावा भोपाल के डिप्टी कमिश्नर हर्षवर्धन राय को उज्जैन आबकारी डिप्टी कमिश्नर पदस्थ किया है।

**सतना, रीवा और इंदौर में मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए 1500 करोड़ रुपए स्वीकृत**

# 22 हजार 233 करोड़ 97 लाख 67 हजार की बजट अनुदान मांग ध्वनि मत से पारित

## वर्तमान वर्ष के बजट में 53.56 प्रतिशत की वृद्धि की गई: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल


विधानसभा बजट सत्र के दौरान गुरूवार को विभागीय अनुदान मांग पर बोलते हुए डिप्टी सीएम एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, स्वास्थ्य मानकों में प्रदेश को अग्रणी बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसी प्रयास को सशक्त करने के लिए इस वर्ष लोक



स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के बजट में लगभग 9 प्रतिशत की वृद्धि की गई। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल से सभी जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में शव वाहन की सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधान में वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 8.78 प्रतिशत की कुल वृद्धि की गई है। इस वृद्धि में राजस्व मद में 4.62 प्रतिशत और पूंजी मद में 34 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है, जिससे प्रदेश के आमजनों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आईपीएचएस मानक के आधार पर बड़े स्तर पर चिकित्सकीय सहायक चिकित्सकीय मैनपॉवर की भर्ती की जा रही है, इनमें 3900 चिकित्सक, विशेषज्ञ, 4300 पैरामेडिकल स्टाफ सहित 16 हजार से अधिक सहायक स्टाफ की आउटसोर्स पर भर्ती की जा रही है। इसके अतिरिक्त, अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण के रूप में सतना, रीवा, और इंदौर चिकित्सा महाविद्यालयों के उन्नयन एवं निर्माण कार्य के लिए राशि 1500 करोड़ की स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही बताया कि वर्ष 2025-26 में 2 नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों (श्योपुर, सिंगरौली) का संचालन प्रारम्भ किया जाएगा। इसके आगामी वर्ष में 6 नवीन चिकित्सा महाविद्यालय भी प्रारम्भ किये जाएंगे।

**3900 चिकित्सक व विशेषज्ञ, 4300 पैरामेडिकल स्टाफ सहित 16 हजार से अधिक स्टाफ की आउटसोर्स पर भर्ती**




### » एमपी का कैंसर केयर मॉडल पूरे देश में अपनाया

इसके अलावा उन्होने कहा कि कैंसर रोगियों के उपचार हेतु प्रदेश में 52 डे केयर सेंटर क्रियाशील हैं, जिनमें 42 कैंसर रोधी दवाएं उपलब्ध हैं। अप्रैल 2024 से आज तक 8,000 कीमोथेरेपी सत्र आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदेश का मॉडल अपनाया गया और केन्द्रीय बजट में पूरे देश में लागू करने का प्रावधान किया गया।

### सीएचसी को बनाया जाएगा फर्स्ट रेफरल यूनिट

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य,उप स्वास्थ्य, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 500 करोड़ बजट प्रावधान किया गया है। वर्तमान वर्ष के बजट में 53.56 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि सीएचसी को सशक्त कर एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) बनाने के प्रयास जारी हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं सशक्त हों, साथ ही जिला अस्पताल में दबाव कम हो। सदन में 22 हजार 233 करोड़ 97 लाख 67 हजार रुपए की बजट अनुदान मांग ध्वनि मत से पारित हुआ।

### 20 साल से नहीं हुई डॉक्टर और पेरामेडिकल स्टाफ की भर्ती

इधर बजट अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विरोध में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कई स्वास्थ्य उपकरण सड़ गए। 20 साल से डॉक्टर और पेरोमेडिकल स्टाफ की भर्ती नहीं हुई, केवल बिल्डिंग निर्माण भर हुआ है। इसके अलावा कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत ने आउटसोर्स पर काम करने वाले कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। जिसके जवाब में डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि आउटसोर्स के कर्मचारियों के वेतन की समस्या को दूर किया जाएगा।

## कांग्रेस विधायक पट्टा ने कहा, नियम के विरुद्ध हुईं नियुक्तियां

# विधानसभा में उठा भोज विश्वविद्यालय में अवैध नियुक्तियों का मामला, समिति करेगी जांच

विशेष प्रतिनिधि ›› भोपाल

विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान भोज विश्वविद्यालय में



अवैध नियुक्तियां का मामला उठाया गया।

कांग्रेस विधायक नारायण सिंह पट्टा ने इसे उठाते हुए कहा कि भोज विश्वविद्यालय में 2013-14 में नियम के विरुद्ध कई कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। दूसरी तरफ भाजपा विधायक ठाकुर दास नागवंशी ने सदन में सरकारी कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से विद्यार्थियों की कॉपियों का मूल्यांकन कराने के आरोप लगाया है।

### मंत्री परमार ने स्वीकारीं नियम विरुद्ध नियुक्तियां

*भोज विश्वविद्यालय मामले में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने जवाब दिया कि मामले पर सरकार ने संज्ञान लिया है। ये सही है कि नियम विरुद्ध नियुक्तियां हुई हैं, तत्काल इन नियुक्तियों को निरस्त करने के आदेश दिए गए थे। कुछ कर्मचारी कोर्ट गए थे, कोर्ट का स्टे लगा है, इसलिए उन्हें अभी हटाया नहीं गया है। बाकी मामले की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है। इस पर कांग्रेस विधायक नारायण सिंह पट्टा बोले कि कुछ ही कर्मचारी कोर्ट गए थे। मंत्री परमार का जबाव था पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।*

### प्रभारी प्राचार्य को हटाने की घोषणा

*पिपरिया के शासकीय शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों की कॉपियों का मूल्यांकन चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी द्वारा किया गया था। जिस पर भाजपा विधायक ठाकुर दास नागवंशी ने ये मामला बजट सेशन में उठाया है। उनका कहना है कि प्रभारी प्राचार्य ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से कॉपी जंचवाई है। विधायक की मांग पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रभारी प्राचार्य को वहां से हटा दिया जाएगा।*

## प्रोफेसर के 512 और सहायक प्राध्यापक के 7046 पद खाली

# 20 साल पहले बने असिस्टेंट प्रोफेसर, अब तक रेगुलर नहीं, विधानसभा में गूंजा मुद्दा

विधानसभा में विधायक नितेंद्र सिंह राठौर के सवाल के लिखित जवाब में मंत्री परमार ने जानकारी दी। विधायक राठौर ने सवाल किया कि उच्च शिक्षा विभाग में प्रोफेसर्स और असिस्टेंट प्रोफेसर्स के पद खाली हैं, जिन्हें कब तक भरा जाएगा। इस पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग में प्रोफेसर के 512 और असिस्टेंट प्रोफेसर के 7046 पद खाली हैं। दरअसल, उच्च शिक्षा विभाग यह बताने की स्थिति में नहीं है कि इन पदों को कब तक भर लिया जाएगा।

ऐसे में सरकार को महाविद्यालयों में रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि विद्वानों की नियुक्ति कर पढ़ाई करानी पड़ रही है। वहीं, बीस साल पहले बैकलॉग से नियुक्त एससी-एसटी वर्ग के 102 सहायक प्राध्यापकों को अब तक रेगुलर नहीं किया जा सका है। यह अभी भी परिवीक्षाधीन सहायक प्राध्यापक हैं। गुरुवार को विधानसभा में इस मामले में सवाल जवाब का सिलसिला चला। परमार ने सभी सवालों के जवाब दिए।

### असिस्टेंट प्रोफेसर्स के खाली पद कब तक भरे जाएंगे?

*मंत्री परमार ने जवाब देते हुए बताया कि सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 के संबंध में कुछ विषयों की चयन सूचियां जारी की जा चुकी हैं। चयन सूचियां प्राप्त होने के बाद नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर खाली पदों को भरा जाएगा। इस काम को कब तक कर लिया जाएगा, इसकी समय-सीमा बताई जाना संभव नहीं है। रिक्त पदों से पढ़ाई प्रभावित होने से रोकने इन रिक्त पदों के विरुद्ध अतिथि विद्वान नियुक्त किए जाते हैं जिससे शैक्षणिक व्यवस्था सुचारू रूप से जारी है।*

### प्रदेश में कुल कितने सरकारी कॉलेजों में प्राचार्य के रिक्त पद हैं?

*उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने विधायक चिंतामणि मालवीय के सवाल के लिखित जवाब में कहा कि मध्यप्रदेश में कुल 571 शासकीय महाविद्यालय हैं। इनमें से 14 शासकीय महाविद्यालयों में पदोन्नत प्राचार्य पदस्थ हैं। वहीं 557 शासकीय महाविद्यालयों में प्रभारी प्राचार्य पदस्थ हैं। अतिरिक्त संचालक पद पर पदस्थापना का प्राचार्य पद के साक्षात्कार से कोई संबंध नहीं है।*

# मंत्री सारंग ने कहा, कांग्रेस का फोटो और न्यूज अपॉर्चुनिटी के लिए सदन का दुरुपयोग अनुचित

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

विधानसभा में कांग्रेस के लगातार हंगामे पर मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विधानसभा एक पवित्र मंच है, जहां जनता की समस्याओं पर सार्थक चर्चा होनी चाहिए, लेकिन कांग्रेस इसे फोटो और न्यूज अपॉर्चुनिटी के लिए दुरुपयोग कर रही है।

मंत्री सारंग ने कहा कि सरकार जनता से जुड़े हर मुद्दे पर खुली बहस और विचार-विमर्श के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस को फैक्ट्स और फिगर्स के साथ सदन में आना चाहिए। हम हर तथ्यात्मक मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तत्पर हैं। लेकिन कांग्रेस ने इस सत्र में हंगामा कर सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

### राजनीति मुद्दों से चलती है, नौटंकी से नहीं

मंत्री सारंग ने कांग्रेस के अनोखे प्रदर्शन पर कटाक्ष करते हुए कहा



कि यह कैसी राजनीति है, जहां कभी मुंह पर काला कपड़ा बांधा जाता है, तो कभी गले में सांप लटकाकर प्रदर्शन किया जाता है। राजनीति मुद्दों से चलती है, नौटंकी से नहीं।

# कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने विधानसभा में किया शीर्षासन

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

विधानसभा में जल संसाधन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने विरोध में अपना वक्तव्य के दौरान कहा कि मैं इस बात से असंतुष्ट हूं कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर सरकार ने कोई बजट नहीं दिया है। मैं पहले संत था। मुझे राजनीति नहीं आती, इसलिए मैं फिर संत बन जाऊंगा।

जंडेल ने जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का आरोप लगाया और कहा कि जनता को पेयजल नहीं मिल रहा। किसानों के लिए पानी का मुद्दा भी उठाया। इसके बाद जंडेल अपनी सीट पर उठे और शीर्षासन करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष के कहने पर कांग्रेस विधायक दिनेश गुर्जर ने जंडेल को शीर्षासन से उठाकर सीट पर बैठाया। हालांकि इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने जंडेल की सराहना की, वहीं सत्तापक्ष के विधायकों ने चुटकी लेते हुए कहा कि जंडेल ऐसा अखबारों में छपने के लिए कर रहे हैं।

# शेयर मार्केट में बम-बम... सेंसेक्स 1000 अंक तक उछला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस हफ्ते शेयर मार्केट में रौनक छाई हुई है। गुरुवार को भी शेयर मार्केट में जबरदस्त तेजी आई। आईटी शेयरों में तेजी और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कोई बदलाव न होने के चलते शेयर मार्केट बढ़त के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स ने जहां 1000 अंकों से ज्यादा का छलांग लगाई तो वहीं निफ्टी भी 300 अंक पार चला गया। इस तेजी के कारण निवेशकों को 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का फायदा हुआ। इस हफ्ते यह लगातार चौथा दिन है जब शेयर मार्केट में तेजी रही है।




### सेंसेक्स का आंकड़ा 76,456.25 पर पहुंच गया

*गुरुवार को सेंसेक्स 468 अंकों की तेजी के साथ 75,917.11 पर खुला। बाद में इसमें और तेजी आती गई। एक समय यह 1000 अंक का आंकड़ा पार कर 76,456.25 पर पहुंच गया था। हालांकि बाद में इसमें कुछ गिरावट देखी गई और यह 899 अंकों की तेजी के साथ 76,348.06 पर बंद हुआ। इसी प्रकार निफ्टी भी गुरुवार को 129 अंकों की तेजी के साथ 23,036.60 पर खुला। यह कारोबार के दौरान 309 अंकों का आंकड़ा पार करते हुए 23,216.70 पर पहुंच गया था। हालांकि बाद में इसमें भी कुछ गिरावट देखी गई। यह 283 अंकों की तेजी के साथ 23,190.65 पर बंद हुआ।*

### निवेशकों के चेहरे की हंसी लौटी

*मार्केट में गुरुवार को आई तेजी के कारण निवेशकों के चेहरे की हंसी लौट आई। पिछले कुछ समय से मार्केट में गिरावट के चलते निवेशक काफी उदास थे। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप गुरुवार को 3.32 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 408.32 लाख करोड़ रुपए हो गया। यानी निवेशकों को 3.32 लाख करोड़ रुपए का फायदा हुआ।*

# सोना 92 हजार के करीब, चांदी लखटकिया के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

शादी के सीजन से पहले बढ़ती खरीदारी और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण सोने की कीमत में बढ़ोतरी हुई। स्थानीय सराफा बाजार में सोना 92 हजार रुपए प्रति दस ग्राम के करीब पहुंच गया है तो चांदी लखटकिया पार यानी 1 लाख रुपए प्रति किलो ग्राम के पार हो गई। सराफा कारोबारी संजीव गर्ग गांधी ने बताया कि गुरुवार को सोना नई ऊंचाई 91,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। सराफा कारोबारी संजीव गर्ग के अनुसार शादी और त्योहारों के सीजन से पहले स्थानीय सर्राफा कारोबारियों की ओर से खरीदारी की गई है। वहीं मध्य पूर्व में बढ़ता तनाव और अमेरिका की आर्थिक सुस्ती की आशंका भी इसकी वजह है।



### अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के ऊपर

इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे यह अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें 3000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के स्तर से ऊपर बनी रहीं। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार युद्ध और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण निवेशक अन्य वित्तीय संपत्तियों को लेकर सतर्क हैं, जिससे सोने की मांग लगातार बढ़ रही है। विश्व गोल्ड काउंसिल की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया कि सोने की कीमतों में थोड़ी गिरावट आ सकती है, लेकिन भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता, बढ़ती महंगाई, ब्याज दरों में कटौती और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण सोने में निवेश जारी रहेगा।

## भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह कल

# व्यापारी, जनप्रतिनिधि और विशिष्ट अतिथि एक साथ मनाएंगे रंगों के उत्सव होली मिलन को

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में विभिन्न ट्रेडों से जुड़े व्यापारियों की शीर्ष संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) द्वारा हर वर्ष की भांत इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। चेंबर द्वारा यह समारोह शनिवार 22 मार्च 2025 को हलालपुरा बस स्टैंड, लालघाटी, स्थित स्वागत गार्डन में आयोजित किया गया है। भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने बताया कि होली मिलन समारोह व्यापारी



समुदाय, जनप्रतिनिधि और विशिष्ट अतिथि एक साथ रंगों के इस उत्सव को मनाएंगे। इस विशेष अवसर पर भोपाल सांसद, मंत्रीगण, महापौर, विधायकगण, नगर निगम अध्यक्ष समारोह मौजूद होंगे।

### गीतों-गजलों के फुहारों से समारोह होगा सराबोर

*भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स अपने सम्मानित सदस्यों को इस उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित भी किया है।ताकि व्यापारिक समुदाय के बीच आपसी सौहार्द, एकता और खुशी को बढ़ावा देने की यह परंपरा कायम रहे। चेंबर अध्यक्ष पाली ने बताया कि गुलाल और अबीर के रंगों, इत्रों की महक, अपनत्व की खुशबू के बीच स्नेह, दुलार एवं आशीर्वाद के बीच शनिवार की सुहानी शाम में गीतों-गजलों (संगीत) की फुहारों से भी सराबोर होने का मौका मिलेगा। यह समारोह व्यापारिक समुदाय के सदस्यों और आमंत्रित मेहमानों को एक मंच प्रदान करेगा, जहां वे आपसी संबंधों को और मजबूत कर सकते हैं और रंगों के इस उल्लास में सहभागी बन सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### कोटक ने छोटी सिप सुविधा लांच की

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने छोटी सिप सुविधा लांच करने की घोषणा की है। छोटी सिप कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी। हाल ही में सेबी और एएमएफआई ने छोटी सिप की शुरुआत की। कोटक महिंद्रा के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहाकि भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, जिससे देश में म्यूचुअल फंड के व्यापक विस्तार की संभावना है।

### कापसी ने महिला सुरक्षा एप लांच किया

**नई दिल्ली।** सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री (कापसी )और एएसआईएस इंटरनेशनल, नई दिल्ली ने उन प्रोफेशनल्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज को अधिक सुरक्षित और संरक्षित बनाने के लिए साहस, धैर्य और समर्पण दिखाया है। कापसी ने उन महिलाओं को भी सम्मानित किया ,जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर स्वयं और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए और सुरक्षा, सशक्तिकरण व सामाजिक बदलाव की दिशा में प्रभावी पहल का नेतृत्व किया।

### उद्यमिता और साक्षरता को अमेजन देगी बढ़ावा

**मुंबई।** 30 हजार महिलाओं और युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने और वित्तीय प्रबंधन सीखने में मदद करने के लिए अमेजन इंडिया ने तीन साल के कार्यक्रम सक्षमता के लिए उद्यमिता शुरू करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम आजीविका सहायता संगठन, एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के सहयोग से चलेगा, जिसके आजीविका के लिए नवोन्मेष को उत्पाद का रूप प्रदान करने में मदद की जाएगी। अमेजन द्वारा सह-निर्मित और वित्तपोषित, यह पहल हरियाणा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में चलेगी।

### एशियन स्टार्स बनी एशियन लीजेंड्स में चैंपियन

**नाथद्वारा।** एशियन लीजेंड्स लीग 2025 का फाइनल मुकाबला नाथद्वारा के मदन पालीवाल मिराज स्पोर्ट्स सेंटर में बड़े ही भव्य और रोमांचक अंदाज में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक मुकाबले को देखने के लिए उदयपुर, नाथद्वारा और राजसमंद से हजारों क्रिकेट प्रेमी पहुंचे, साथ ही बड़ी संख्या में देश-विदेश से आए पर्यटकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 30,000 से अधिक दर्शकों की जबरदस्त मौजूदगी ने इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। मैच में एशियन स्टार्स ने 6 विकेट से इंडियन रॉयल्स को हराया।

## सीआईआई भोपाल जोन के चेयरमैन बने मैक्सन ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र पटेल और महेश पंजवानी बने वाइस चेयरमैन

# सीआईआई औद्योगिक विकास को मजबूती प्रदान करने और व्यवसायों के लिए प्रगतिशील नीतियों की वकालत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई ) भोपाल जोन ने अपनी वार्षिक बैठक 2025 के दौरान राजेंद्र पटेल, मैनेजिंग डायरेक्टर, मैक्सन ग्रुप को वर्ष 2025-26 के लिए चेयरमैन के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। मैक्सन ग्रुप, जिसकी स्थापना 1926 में हुई थी, एक प्रतिष्ठित भारतीय समूह है, जो लगभग एक सदी से कन्फेक्शनरी उद्योग में अपनी विरासत बनाए हुए है।

एक छोटे पारिवारिक उद्यम के रूप में शुरू हुआ। यह समूह आज वैश्विक स्तर पर कन्फेक्शनरी उत्पादों और मशीनरी के निर्माण में अग्रणी बन चुका है। भारत के अलावा, मैक्सन ग्रुप ने अमेरिका, चीन, आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका में अत्याधुनिक उत्पादन इकाइयाँ स्थापित कर अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को मज़बूत किया है। इसके अतिरिक्त महेश पंजवानी, सीईओ, हर्ष एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड को वर्ष 2025-26 के लिए सीआईआई भोपाल जोन का वाइस चेयरमैन चुना गया है।




### विशेष सत्र भी हुआ आयोजित

*वार्षिक बैठक के उपरांत पीढ़ीगत परिवर्तन का मार्गदर्शन, स्थायी पारिवारिक विरासत का निर्माण विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। जिसे सीआईआई मध्यप्रदेश के पूर्व चेयरमैन एवं आरएम केमिकल्स के सीओओ, अनीमेश जैन ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम में भोपाल के प्रमुख उद्योगपतियों, व्यापारिक और विभिन्न क्षेत्र के हितधारकों ने सक्रिय भागीदारी की। इसमें उद्योग प्रवृत्तियों, नीतिगत वकालत और व्यापार विकास के अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। राजेंद्र पटेल औरमहेश पंजवानी की नियुक्ति के साथ, सीआईआई भोपाल जोन आने वाले वर्ष में औद्योगिक विकास को मजबूती प्रदान करने, नवाचार को बढ़ावा देने और व्यवसायों के लिए प्रगतिशील नीतियों की वकालत करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।*

## कर्नाटक से कटहल, बाकी लोकल की आ रही सब्जियां, भाव पड़े ठंडे

# थोक सब्जी मंडी और ठेलों पर बिकने वाली सब्जियों के दामों में जमीन आसमान का अंतर


वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के आसपास के ग्रामीण अंचलों से स्थानीय थोक करोंद सब्जी मंडी में सब्जियों की बंपर आवक हो रही है। आवक की अधिकता से चलते मंडी में सभी सब्जियों के भाव ठंडे पड़े हुए हैं। टमाटर 2 से ढाई रुपए किलो बिक रहा है। इसकी आवक 60 से 70 पिकअप की बताई जा रही है। मंडी स्थित थोक सब्जी व्यापारी राजेन्द्र सैनी के अनुसार कटहल को छोड़कर बाकी सब्जियों की आवक भोपाल जिले और आसपास के जिलों के ग्रामीण अंचलों से हो रही है। मंडी में सभी सब्जियों की आवक 150 से अधिक पिकअप की है। गौरतलब है कि थोक सब्जी मंडी करोंद में सब्जियों के भाव जमीं पर है तो हाट-बाजार और हाथठेलों पर बिकने वाली सब्जियों के दाम में बढ़त है। अतः सब्जी मंडी और हाट-बाजार,ठेलों पर बिकने वाली सब्जियों के दामों में जमीन आसमान का अंतर है। गर्मी ने दस्तक देना शुरू कर दी है, लेकिन हरी सब्जियों ने अभी अधिक तेजी नहीं पकड़ी है। सब्जियों के भाव अब भी सामान्य हैं। टमाटर, धनिया व हरी मिर्च आम आदमी के बजट में नजर आ रहे हैं।

आलू व प्याज के दामों में भी गिरावट है। 25 से 30 रुपए किलो के भाव बिकने वाला आलू घटकर 15 से 16 रुपए किलो पर आ गया है। प्याज के भाव भी 40 से 50 रुपए से गिरकर 25 रुपये किलो पर आ गए हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि जैसे-जैसे गर्मी अपना रंग दिखाएगी, वैसे-वैसे सब्जियों के दाम पर ऊपर जाएंगे। फिलहाल सब्जियों में तेजी नजर नहीं आ रही है। गर्मी शुरू होते ही मटर अवश्य गायब हो गई है। पालक और मैथी 10 से 20 रुपए किलो पर अटकी हुई है। फुटकर विक्रेताओं का कहना है कि भाड़े से भी दाम बढ़ जाते हैं। हम लोग घर के दरवाजे पर सब्जी उपलब्ध कराते हैं। अगर मंडी जाओगे तो उतना ही पेट्रोल लग जाएगा और समय भी अधिक खराब होगा। यहीं कारण है कि खर्चा-भाड़ा और मेहनताना निकालने थोड़ी ऊंचे भाव पर सब्जी बेचनी पड़ती है।

थोक में टमाटर 2 से ढाई रुपए, नींबू 80 से 100 रुपए किलो





### मंडी के थोक पर एक नजर

- आलू- 10 से 12 रुपए किलो
- प्याज- 15 से 18 रुपए किलो
- नींबू - 80 से 100 रुपए किलो
- टमाटर लाल- 40 से 50 रुपए कैरेट (22 से 24 किलो)
- टमाटर थोड़ा कच्चा- 70 से 80 रुपए कैरेट
- फूल गोभी - 7 से 8 रुपए किलो
- पत्ता गोभी - 4 से 5 रुपए किलो
- कटहल - 15 से 16 रुपए किलो
- ककड़ी - 5 से 6 रुपए किलो
- हरी मिर्च -15 से 16 रुपए किलो
- शिमला मिर्च - 18 से 20 रुपए किलो
- लौकी - 6 से 7 रुपए किलो
- कद्दू - 6 से 7 रुपए किलो
- भिंडी - 20 से 25 रुपए किलो
- गिलकी - 20 से 25 रुपए किलो
- मटर - 25 से 26 रुपए किलो
- बैगन -5 से 6 रुपए किलो
- मूंगफली - 18 से 20 रुपए किलो

## बिजनेस न्यूज


### एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन के निवास पर पहुंचे कथा वाचक शास्त्री

**भोपाल।** एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जय नारायण चौकसे के निवास पर



कथा वाचक शैलेंद्र कृष्ण शास्त्री का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आध्यात्मिक चर्चा के साथ कलचुरी समाज की विकास गाथा पर विस्तृत मंथन हुआ। शास्त्री ने चौकसे परिवार को साधु के गुण बताते हुए कहा कि समाज में सेवा, त्याग और परोपकार की भावना को आत्मसात करना आवश्यक है। उन्होंने कलचुरी समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस विशेष मौके पर पूनम चौकसे (वाइस चेयरपर्सन, एलएनसीटी ग्रुप), डॉ. अनुपम चौकसे (सचिव, एलएनसीटी ग्रुप), डॉ. श्वेता अनुपम चौकसे, पूजा चौकसे सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

### यूनियन बैंक ने आयोजित किया प्रथम आईडिया हैकथॉन



**मुंबई।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा केजे सोमैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मुंबई के सहयोग से, पीएसबी हैकथॉन सीरीज 2025 के तहत एक प्रमुख कार्यक्रम, आईडिया हैकथॉन का सफलतापूर्वक समापन किया गया. यह कार्यक्रम वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार और भारतीय बैंक संघ द्वारा एक बड़ी पहल का भाग है, जहां सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) हैकथॉन की एक श्रृंखला आयोजित करेंगे। इस पहल का उद्देश्य बीएफएसआई क्षेत्र में वास्तविक दुनिया की समस्याओं और संचालन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए नवोन्मेषी समाधानों की खोज करना है। इस कार्यक्रम को महाराष्ट्र के 30 से अधिक कॉलेजों की लगभग 300 टीमों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिनमें से 42 टीमों ने 24 घंटे के हैकथॉन में जोश के साथ भाग लिया, जिसके बाद 10 टीमें फिनाले में पहुंची। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै ने बैंक के कार्यपालक निदेशकों के साथ विभिन्न श्रेणियों के तहत छह टीमों को विजेता घोषित किया। जिसमें एक महिला टीम और एक दिव्यांग टीम शामिल है। विजेता टीमों को 11 लाख रुपए की नकद पुरस्कार राशि दी गई, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना विजेताओं को क्रमशः 5 लाख रुपए, 3 लाख रुपए, 2 लाख रुपए और 1 लाख रुपए दिए गए।

### टीवीएस क्रेडिट का 'चौपाल' कार्यक्रम अशोक नगर में आज

**भोपाल।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी टीवीएस क्रेडिट द्वारा किसानों के लिए एक विशेष कार्यक्रम 'चौपाल' का आयोजन सेठ एग्रो के सहयोग से 21 मार्च 2025 को धुर्रा गांव में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य और कृषि से जुड़ी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के सरपंच दीनू रघुवंशी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में किसानों और ग्रामीणों को कई महत्वपूर्ण सेवाएं मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में आंखों की निःशुल्क जांच की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा, कृषि उपकरणों के सुचारू संचालन के लिए ट्रैक्टर की निःशुल्क सर्विसिंग की भी व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, पुराने ट्रैक्टर और कृषि उपकरण खरीदने के इच्छुक किसानों को आसान ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे अपनी खेती को और अधिक उन्नत बना सकें। यह कार्यक्रम 21 मार्च को सुबह साढ़े 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा ।

### बंधन ने लांच किया वेल्थ क्रिएशन प्लेटफॉर्म 'वेदार्था'

**भोपाल।** बंधन एएमसी ने नए वैकल्पिक इनवेस्टमेंट प्लेटफॉर्म वेदार्था की घोषणा की। नया प्लेटफॉर्म बंधन एएमसी के अल्ट्रनेटिव इनवेस्टमेंट फंड्स (एआईएफ) के साथ-साथ पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (पीएमएस) के तहत लिस्टेड इक्विटी और फिक्स्ड-इनकम सॉल्यूशंस का उपयोग करके नए फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स की पेशकश करना चाहता है। वेदार्था के तहत पेश किए जाने वाले इक्विटी-फोक्सड उत्पादों का मैनेजमेंट मृणाल सिंह, हेड-अल्ट्रनेट्स (लिस्टेड इक्विटीज) के नेतृत्व वाली टीम द्वारा किया जाएगा, जबकि वेदार्था के तहत पेश किए जाने वाले फिक्स्ड इनकम प्रोडक्ट्स का मैनेजमेंट भूपेंद्र मील, हेड-पीएमएस और अल्ट्रनेटिव- फिक्स्ड इनकम की प्रमुखता वाली टीम द्वारा किया जाएगा। विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि वेदार्था की शुरुआत एक ऐसी सोच के साथ हुई थी, जिसके तहत अलग-अलग जरूरतों वाले लोगों की ज़रूरतों को पूरा किया जाएगा। वेदार्था का सार संस्कृत के शब्दों से लिया गया है- वेद, ज्ञान के जरिए ज्ञान की शाश्वत खोज का प्रतीक है और अर्थ, उद्देश्यपूर्ण वेल्थ क्रिएशन के जरिए समृद्धि का प्रतीक है।

### देशभर में 5जी ट्रैफिक में तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की : नोकिया

**नई दिल्ली ।** नोकिया ने अपने वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स के निष्कर्षों को जारी किया, जिसमें 2024 में पूरे भारत में 5जी डेटा ट्रैफिक में साल दर साल तीन गुना की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे भारत में मोबाइल ब्रॉडबैंड रुख का एक समग्र विश्लेषण उपलब्ध कराने वाली इस रिपोर्ट में तेजी से 5जी टेक्नोलॉजी को अपनाए जाने के रुख को रेखांकित किया गया है जिसकी वजह इसकी व्यापक उपलब्धता, विश्वसनीय कनेक्टिविटी और अनुकूल उपकरणों का एक बढ़ता पारितंत्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, इस वृद्धि में मुख्य योगदान वर्ग बी और सी सर्किलों का रहा जहां 5जी डेटा खपत में क्रमशः 3.4 गुना और 3.2 गुना की वृद्धि दर्ज की जा रही। इन सर्किलों में 5जी नेटवर्क का विस्तार इस वृद्धि का मुख्य कारक रहा है। मेट्रो सर्किलों में 5जी डेटा उपयोग का कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड डेटा में योगदान 43 प्रतिशत पहुंच गया है जोकि 2023 में 20 प्रतिशत था, वहीं 4जी डेटा की वृद्धि में गिरावट आ रही है। भारत में 5जी डिवाइस ईकोसिस्टम निरंतर तेजी से उभर रहा है जहां सक्रिय 5जी डिवाइस की संख्या साल दर साल दोगुना होकर 2024 में 27.1 करोड़ पर पहुंच गया। वर्ष 2025 में करीब 90 प्रतिशत स्मार्टफोन 5जी क्षमता वाले होने की संभावना के साथ इस रुख में और तेजी आने की संभावना है।

### एआईजीएफ, एफआईएफएस और ईजीएफ ने कोड ऑफ एथिक्स को अपनाया

**नई दिल्ली ।** सुरक्षित और जिम्मेदार गेमिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ), फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) और ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) ने संयुक्त रूप से एक 'आचार संहिता'पर हस्ताक्षर किए। सीओई का उद्देश्य जिम्मेदार गेमिंग और विज्ञापन नीतियों के कार्यान्वयन के माध्यम से पूरे उद्योग में उपयोगकर्ता सुरक्षा के सुसंगत मानकों को लागू करना है और जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक तृतीय-पक्ष ऑडिट और व्यापक रिपोर्टिंग तंत्र को अनिवार्य बनाना है।
जैसे कि आयु-सीमा, कठोर केवाईसी

## 13 देशों में 391 शोरूम तक करेगा विस्तार

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मार्च माह में खोलेगा 12 नए शोरूम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आभूषण विक्रेता (ज्वैलर) मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए मार्च 2025 तक 12 नए शोरूम खोलने की तैयारी में है।

इस हालिया विस्तार से 13 देशों में कंपनी के कुल शोरूम की संख्या 391 तक पहुंच जाएगी और कंपनी की मौजूदगी भारत के 19 राज्यों तक हो जाएगी। ये नए शोरूम मुंबई के पनवेल, पुणे के सिंहगढ़ रोड, ओडिशा के ब्रह्मपुर रोड और सौभाग्य नगर, झारखंड के धनबाद, कर्नाटक के होस्पेट, नगरभवी और चित्रदुर्ग, आंध्र प्रदेश के नांदयाल, अमलापुरम और मछलीपट्टनम एवं




उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित होंगे। मलाबार ग्रुप ने विस्तार के इस चरण में कुल 600 करोड़ रुपए खर्च किए हैं और इस वित्त वर्ष में विभिन्न पदों पर 406 कर्मचारियों की नियुक्ति की है। मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 2025 में 60 नए शोरूम खोलने की योजना बनाई है। अप्रैल 2025 में ग्रुप पांच नए शोरूम का उद्घाटन करेगा, जिससे मध्य पूर्व, ब्रिटेन और कनाडा में समूह का और अधिक विस्तार होगा। अहमद ने कहाकि हम जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे हैं और नए बाजारों में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में हर शोरूम की शुरुआत से हम दुनिया के नंबर एक ज्वेलरी और लक्जरी ब्रांड बनने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

## मध्यप्रदेश में गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने रिटेल फर्नीचर के क्षेत्र में पकड़ मजबूत की

# मप्र से अगले दो साल में 55 करोड़ रु. राजस्व हासिल करने का लक्ष्य

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

होम और ऑफिस फर्नीचर ब्रांड गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने मध्य प्रदेश में अपने विस्तार की योजना बनाई। इसका लक्ष्य मॉड्यूलर और कस्टमाइज़्ड होम फर्नीचर समाधान पर केंद्रित एक आक्रामक विकास रणनीति के माध्यम से अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। ब्रांड शहरी और अर्ध-शहरी ग्राहकों की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक फर्नीचर की एक नई श्रृंखला पेश करने की तैयारी कर रहा है। कंपनी का भोपाल के होम फर्नीचर व्यवसाय में 50 फीसदी का योगदान है। मौजूदा समय में गोदरेज का मध्यप्रदेश में कुल बिजनेस 30 करोड़ रुपए का और अगले दो वर्ष में इसे 55 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप इंटेरियो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट देव सरकार ने कहा कि भोपाल और



राज्य भर में 8 शोरूम, 65 डीलर और 40 रिटेलर के साथ एक व्यापक रिटेल नेटवर्क स्थापित किया है। वर्तमान में भोपाल बाजार में 15 फीसदी हिस्सेदारी के साथ ब्रांड अगले तीन वर्षों में 25 फीसदी वृद्धि का लक्ष्य रखता है। यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट बाजार के साथ मेल खाती है, जहां भोपाल में आवासीय बिक्री में 10 फीसदी की वृद्धि के साथ 3,565 इकाइयां बिकीं और मूल्य के लिहाज से 38 फीसदी की वृद्धि के साथ पिछले वर्ष में 2,344 करोड़ रुपए तक पहुंच गई।

# ओकरिज के शिक्षकों का एसईएएमईआई सम्मेलनः शिक्षण के भविष्य की खोज की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विशाखापत्तनम

ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम के शिक्षकों ने एसईएएमईआई शिक्षण और अधिगम सम्मेलन 2025 में भाग लिया, जिसमें दुनिया भर के नॉर्ड एंग्लिया शिक्षा विद्यालयों के 200 से अधिक शिक्षक और नेता शामिल हुए। तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान, शिक्षकों ने नेतृत्व, लचीलापन, नवाचार और समावेशन सहित शिक्षण के भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख विषयों की खोज की। सम्मेलन ने सहयोग के लिए एक मंच प्रदान किया और पूरे क्षेत्र के शिक्षकों को सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, उभरते रुझानों पर चर्चा में शामिल होने और अपनी कक्षाओं में वापस लाने के लिए नई अंतर्दृष्टि प्राप्त करने की अनुमति दी। ओकरिज विशाखापत्तनम में अंग्रेजी सुविधाकर्ता साई रत्न अलमूरू ने कहा, 'सम्मेलन से मेरा सबसे बड़ा लाभ व्यक्तिगत सीखने और छात्र जुड़ाव और सफलता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना था।

### वैश्विक शिक्षा समुदाय में योगदान करने का मौका

*ओकरिज विशाखापत्तनम के छह शिक्षकों के लिए, जिन्होंने सम्मेलन में भाग लिया, यह सिर्फ एक पेशेवर विकास अवसर से कहीं ज्यादा था। यह सम्मेलन, दुनिया भर के साथियों से जुड़ने और नॉर्ड एंग्लिया के वैश्विक शिक्षा समुदाय में योगदान करने का मौका था। ओकरिज विशाखापत्तनम में प्राथमिक वर्षों की प्रमुख डिंपल थॉम्पसन ने कहा कि विचारों, चुनौतियों और सफलता की कहानियों को साझा करने के माध्यम से, मुझे सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी मिली, जिन्हें मेरी अपनी कक्षा में लागू किया जा सकता है।*

## चिंतन

# परिसीमन पर डीएमके का वितंडा निरर्थक

परिसीमन और हिन्दी भाषा पर तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके का विवाद खड़ा करना राज्य के विकास से जुड़े असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक या डीएमके) के सदस्य बृहस्पतिवार को प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर संसद के दोनों सदनों में पहुंच गए, जिस कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई और अंततः दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। परिसीमन के मुद्दे पर सदन को बाधित करना कहीं से भी उचित नहीं है, अभी परिसीमन प्रारंभ भी नहीं हुआ है, वर्ष 2026 में प्रस्तावित है। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके की मांग है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे उन प्रदेशों को लोकसभा सीटों के संदर्भ में नुकसान होगा, जिन्होंने प्रभावी ढंग से जनसंख्या नियंत्रण किया है। पिछले सप्ताह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिणी राज्यों को आश्वासन दिया था कि यदि परिसीमन किया जाता है, तो उन्हें एक भी संसदीय सीट नहीं खोनी पड़ेगी। तमिलनाडु को केंद्र पर भरोसा करना होगा। राजनीति के लिए केंद्र से टकराव संघीय व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। आगे तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव है, तो डीएमके प्रमुख व सीएम एमके स्टालिन की कवायद तमिल स्मिता को भड़का कर फिर से सत्ता पाने की है। क्योंकि नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूला है, इसलिए तमिल को कोई खतरा नहीं है, केंद्र सरकार किसी भी राज्य पर नई शिक्षा नीति में हिन्दी नहीं थोप रही है। संविधान में अनुसूचित 22 भाषाओं में हिंदी भी है और तमिल भी। तमिल संस्कृत की तरह प्राचीन भाषा है। डीएमके करुणानिधि के वक्त से ही फ्रीबिज और तमिल अस्मिता की राजनीति करती रही है, जिसमें तमिल हिंदी व हिंदू धर्म के खिलाफ प्रोपेगैंडा शामिल है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने एमके स्टालिन के हिंदी विरोध को खारिज किया है और हिंदी की व्यापकता से किसी भी राज्यीय व अन्य भारतीय भाषा को खतरा नहीं होने की बात कही है। कला क्षेत्र से बात निकली है कि अगर हिंदी विरोध इतना सशक्त है तो तमिल फिल्मों का हिंदी डब क्यों होता है, जो बड़ा बाजार है। तमिल भाषा की रक्षा का दायित्व डीएमके का नहीं है, यह समस्त तमिल भाषी लोगों का है। इसके ठेकेदार बनने की किसी को कोई जरूरत नहीं है। जब डीएमके नहीं बनी थी, तब भी तमिल भाषा थी। परिसीमन पर वितंडा खड़ा कर राजनीति करना डीएमके को ही नुकसान पहुंचाएगा। तमिलनाडु केवल डीएमके नहीं है। समृद्ध तमिलनाडु की एसजीडीपी में सतत कमी के लिए डीएमके और अन्ना डीएमके पार्टियां ही जिम्मेदार हैं। परिसीमन व हिन्दी के नाम पर तमिलनाडु के विकास व रोजगार के प्रश्न को नहीं ढंका जा सकता है। लोकसभा सीटों का वर्तमान वितरण 1971 की जनगणना पर आधारित है। 1976 में, आपातकाल के दौरान, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 42वां संविधान संशोधन पारित किया, जिसने 2001 की जनगणना तक 25 वर्षों के लिए संसदीय सीटों के संशोधन को रोक दिया था। 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के ज़रिए इस प्रतिबंध को 2026 तक बढ़ा दिया था। दोनों संशोधनों के पीछे तर्क जनसंख्या नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देना था। तमिलनाडु समेत सभी चिंतित राज्यों को वर्ष 2026 का इंतजार करना चाहिए। तब तक डीएमके के हायतौबा का कोई अर्थ नहीं है।



मानवयुक्त गगनयान
प्रमोद भार्गव

# क्रायोजेनिक तकनीक में देश की छलांग

> इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी नारायण ने कहा है कि भारत उन छह देशों में से एक हैं, जिन्होंने स्वदेशी क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी विकसित कर ली है। अन्य पांच देश अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन और जापान हैं। आईआईटी मद्रास में नए शोध केंद्र के शुभारंभ पर नारायण ने आगे कहा कि इसरो के सीई-20 इंजन ने गगनयान मिशन के लिए मानव रेटिंग हासिल कर ली है। मानव रेटिंग प्रक्रिया तय करती है कि मनुष्य को अंतरिक्षयान में लेकर उड़ान भरने वाली यह प्रणाली सुरक्षित है। यह अंतरिक्ष यात्रा के लिए सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है।

नारायण ने बताया कि एक समय क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी भारत को अन्य देशों ने नहीं दी थी। परंतु आज हमारे पास तीन ऐसे इंजन हैं, जिनमें से तीसरा मानव रेटेट है। हमने इस प्रौद्योगिकी में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। इस अभियान को तीसरे प्रयास में ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया गया था। इंजन के परीक्षण से लेकर उड़ान भरने तक यह अभियान 28 महीनों में पूरा किया, जबकि अन्य देशों को इसमें 42 महीनों से लेकर 18 वर्ष तक का समय लगा। परीक्षण में भी हमें मात्र 34 दिन लगे, जबकि अन्य देशों को परीक्षण पूरा करने में ही पांच से छह माह तक लगे हैं। अतएव इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। असल में किसी भी प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं। भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था, लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई, लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते स्वदेशी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित कर लिया गया।

मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पैलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के असफल होने की स्थिति में क्रू मॉड्यूल अर्थात जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे, को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए 'क्रू एस्केप सिस्टम' यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुका है।



इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि यान के असफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। गगनयान परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। बाद में सुरक्षित पृथ्वी पर वापस समुद्र में उनकी लैंडिग कराई जाएगी। अतएव भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो में वैज्ञानिकों के साथ बातचीत में उनके लिए लक्ष्य भी तय कर दिए हैं कि 2035 में भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो तथा 2040 में चंद्रमा पर भारतीय नागरिक के कदम पड़ जाएं। अब तक भारतीय या भारतीय मूल के तीन वैज्ञानिक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं। राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। इनके अलावा भारतीय मूल की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष जा चुकी हैं। हालांकि पूर्व में भारत ने 2022 तक अंतरिक्ष में मानव भेजने की घोषणा की थी। लेकिन इस पर समय रहते क्रियान्वयन नहीं हो पाया। अंतरिक्ष में मानवरहित और मानवचालित दोनों तरह के यान भेजे जाएंगे। पहले चरण में योजना की सफलता को परखने के लिए अलग-अलग समय में दो मानव-विहीन यान अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे। इनकी कामयाबी के बाद मानव-युक्त यान अपनी मंजिल का सफर तय करेगा। यह सावधानी इसलिए बरती जा रही है, क्योंकि अमेरिकी मानव मिशन की असफलता के चलते भारतीय महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला की मृत्यु हो गई थी। वे कोलंबिया अंतरिक्ष यान आपदा में मारे गए 7 यात्री दल सदस्यों में से एक थीं।

मानव युक्त गगनयान की कामयाबी के बाद भारत अमेरिका, रूस और चीन की श्रेणी में आ जाएगा। क्योंकि इन्हीं देशों ने अब तक अंतरिक्ष में अपने मानवयुक्त यान भेजने में सफलता पाई है। भारत ने अब अंतरिक्ष में बड़ी छलांग लगाने की पहल कर दी है। भारत द्वारा अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले गगनयान का भार 7 टन, ऊंचाई 7 मीटर और करीब 4 मीटर व्यास की गोलाई होगी। 'गगनयान' जीएसएलवी (एमके-3) रॉकेट से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद 16 मिनट में अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंच जाएगा। इसे धरती की सतह से 400 किमी की दूरी वाली पृथ्वी कक्षा में स्थापित किया जाएगा। सात दिन तक कक्षा में रहने के बाद गगनयान को अरब-सागर, बंगाल की खाड़ी अथवा जमीन पर उतारा जाएगा। इस संबंध में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेष शर्मा से भी मदद ली जा रही है। भारत पहले दो गगनयान-अभियान मानवरहित भेजेगा। दरसअल अंतरिक्ष में मौजूद ग्रहों पर यानों को भेजने की प्रक्रिया बेहद जटिल और शंकाओं से भरी होती है। यदि अवरोह का कोण जरा भी डिग जाए या फिर गति का संतुलन थोड़ा सा ही लड़खड़ा जाए तो कोई भी अंतरिक्ष-अभियान ध्वस्त हो जाता है या अंतरिक्ष में कहीं भटक जाता है। भारत ने गगनयान को अंतरिक्ष में भेजने की दृष्टि से श्रीहरिकोटा में जीएसएलवी मार्क-3 को स्थापित करने की तैयारी शुरू की हुई है। इसरो ने परीक्षण के तौर पर क्रू एस्केप मॉड्यूल का पहला पड़ाव पार कर लिया है और अब मानव रेटेट क्रायोजेनिक इंजन भी तैयार भी हो गया है। बहरहाल, अंतरिक्ष में भारतीय मानव मिशन के सफल होने के बाद ही चंद्रमा और मंगल पर मानव भेजने का रास्ता खुलेगा। इन पर बस्तियां बसाए जाने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष पर्यटन के भी बढ़ने की उम्मीद है। इसरो की यह सफलता अंतरिक्ष पर्यटन की पृष्ठभूमि का एक हिस्सा है। यह अभियान देश में अंतरिक्ष शोधकार्यों को बढ़ावा देगा। साथ ही भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रोद्यौगिकी तैयार करने में मदद मिलेगी। वैज्ञानिकों का तो यहां तक दावा है कि दवा, कृषि, औद्योगिक सुरक्षा, प्रदूषण, कचरा प्रबंधन तथा पानी एवं खाद्य स्रोत प्रबंधन के क्षेत्र में भी तरक्की के नए मार्ग खुलेंगे।

(लेखक साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विश्व जल दिवस
पंकज चतुर्वेदी



# भविष्य के लिए पानी की बर्बादी को रोकना जरूरी

जाम्बा, करनाल से कैथल जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक संपन्न गांव है। कोई 1250 की आबादी वाले पूरे गांव में 242 घर हैं और सभी पक्के हैं। यहां 'हर घर जल की सरकारी योजना के तहत प्रत्येक घर तक पानी की लाइन है। गांव में ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा ने एक ट्यूबवेल लगा रखा है। एक कर्मचारी सुबह-शाम एक-एक घंटा इसे चला कर घरों तक पानी पहुंचाता है। पानी को क्लोरिन से शुद्ध किया जाता है। सरकार इसके लिए महज चालीस रुपये महीना लेती है और वह भी कई ग्रामीण चुकाते नहीं। गांव वालों की शिकायत है कि पानी कम आता है। हकीकत तो यह है कि दिन में दो घंटे मोटर चलने से एक आठ लोगों के परिवार के पीने, रसोई, नहाने का पानी पर्याप्त पहुंच जाता है। असल में हर घर में मवेशी पले हैं और अब ग्रामीण चाहते हैं कि ढोर के नहलाने का पानी भी नल से ही आए। यह पूरी सरकारी योजना जिस भूजल पर टिकी है, असल में वह किसी भी दिन धोखा दे सकती है। जाम्बा को ही क्यों कोसें, दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों को इस बात के लिए गर्व से प्रचारित किया जाता है कि वहां घरों में गंगा-वाटर आता है। ऐसे इलाकों में फ्लेट के दाम इस कारण अधिक होते हैं। जिस गंगा जल को घरों में एक बोतल में पवित्र निशानी की तरह रखा जाता है, वह गंगा जल लाखों घरों में शौचालय से लेकर कपड़े धोने तक में इस्तेमाल होता है। कृषि मंत्रालय के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक ताजा शोध बताता है कि सन 2030 तक हमारे धरती के तापमान में 0.5 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि अवश्यंभावी है। साल-दर-साल बढ़ते तापमान का प्रभाव सन 2050 में 0.80 से 3.16 और सन 2080 तक 1.56 से 5.44 डिग्री हो सकता है। जान लें कि तापमान में एक डिग्री बढ़ोतरी का अर्थ है कि खेत में 360 किलो फसल प्रति हैक्टेयर की कमी आ जाना। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते खेती के लिहाज से 310 जिलों को संवेदनशील माना गया है। सामने दिख रहा है कि संकट अकेले पानी का ही नहीं है, अलग-अलग किस्म का पानी, अलग-अलग इस्तेमाल के लिए कैसे छांटा जाए, इस बारे में तंत्र विकसित करना और सबसे बड़ी बात इसके लिए जागरुकता फैलाना अनिवार्य है। भारत में जिस साल अल्प वर्षा होती है, उस साल भी इतनी कृपा बरसती है कि सारे देश की जरूरत पूरी हो सकती है लेकिन हमारी असली समस्या बरसात की हर बूंद को रोक रखने के लिए हमारे पुरखों द्वारा बनाए तालाब-बावड़ी या नदियों की दुर्गति करना है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइनों के वॉल्व की खराबी के कारण 17 से 44 प्रतिशत पानी प्रतिदिन बेकार बह जाता है। ब्रह्मपुत्र नदी का प्रतिदिन 2.16 घन मीटर पानी बंगाल की खाड़ी में चला जाता है। भारत में हर वर्ष बाढ़ के कारण करीब हजारों मौतें व अरबों का नुकसान होता है। इजरायल में औसत बारिश 10 सेंटीमीटर है , इसके बावजूद वह इतना अनाज पैदा कर लेता है कि वह उसका निर्यात करता है। दूसरी ओर भारत में औसतन 50 सेंटीमीटर से भी अधिक वर्षा होने के बावजूद सिंचाई के लिए जरूरी जल की कमी बनी रहती है। यह भी कड़वा सच है कि हमारे देश में औरतें पीने के पानी के जुगाड़ के लिए हर रोज ही औसतन चार मील पैदल चलती हैं। पानीजन्य रोगों से विश्व में हर वर्ष 22 लाख लोगों की मौत हो जाती है। पूरी पृथ्वी पर एक अरब 40 घन किलोलीटर पानी है। इसमें से 97.5 प्रतिशत पानी समुद्र में है जोकि खारा है, शेष 1.5 प्रतिशत पानी बर्फ के रूप में ध्रुव प्रदेशों में है। बचा एक प्रतिशत पानी नदी, सरोवर, कुआं, झरना और झीलों में है। इस एक प्रतिशत पानी का 60वां हिस्सा खेती और उद्योगों में खपत होता है। बाकी का 40वां हिस्सा हम पीने, भोजन बनाने, नहाने, कपड़े धोने आदि में खर्च करते हैं। यदि ब्रश करते समय नल खुला रह गया है तो पांच मिनट में करीब 30 लीटर पानी बर्बाद होता है। यदि अभी पानी को सहेजने और किफायती इस्तेमाल पर काम नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब सरकार की हर घर नल जैसी योजनाएं जल-स्त्रोत ना होने के कारण रीती दिखेंगी। जान लें, पानी की कमी, मांग में वृद्धि तो साल-दर-साल ऐसी ही रहेगी। अब मानव को ही बरसात की हर बूंद को सहेजने और उसे किफायत से खर्च करने पर विचार करना होगा। इसमें अन्न की बर्बादी सबसे बड़ा मसला है। जितना अन्न बर्बाद होता है, उतना ही पानी जाया होता है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## निंदा का परित्याग



संकलित
दर्शन

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'


## दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## सटाका




## आज की पाती

### वैश्विक होती दुनिया में पेड़

वैश्विक फलक पर सबसे अहम गणना, जनगणना मानी जाती है। हालांकि पालतू-पशु, वन्य जीव और वृक्षों की गिनती भी होती रही है, लेकिन इन्हें जनगणना के मुकाबले अहमियत नहीं दी जाती। यही वजह रही कि विश्व स्तर पर वृक्षों की, की गई गिनती के निष्कर्षों को समाचार माध्यमों ने उतना महत्व नहीं दिया, जितना दिया जाना चाहिए था, जबकि पेड़ों की अस्मिता पर ही मनुष्य व अन्य प्राणियों का जीवन टिका हुआ है। गोया, पेड़ एक ऐसी प्राकृतिक संपदा है, जिसका यदि विनाश होता है तो मनुष्य का सुखद जीवन भी संभव नहीं है। जब से मानव सभ्यता के विकास का क्रम शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक वृक्षों की संख्या में 46 प्रतिशत की कमी आई है। आकलन है कि विश्व में तीन लाख करोड़ वृक्ष हैं। वन दिवस पर हमें पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। – *मोहन कश्यप, सरायपाली*

## करंट अफेयर

### टेक्सास की संसद ने पारित किया होली का प्रस्ताव

टेक्सास की संसद ने प्रमुख हिंदू त्योहार होली के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें आधिकारिक तौर पर होली को एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व के रूप में मान्यता दी गई है। इस कदम के साथ जॉर्जिया और न्यूयॉर्क के बाद होली को औपचारिक रूप से मान्यता देने वाला टेक्सास, तीसरा अमेरिकी राज्य बन गया है।




यह प्रस्ताव सांसद सारा एकहार्ट ने पेश किया जिसे 14 मार्च को होली के ठीक पहले पारित किया गया। इस प्रस्ताव में होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रस्ताव में कहा गया है, 'इस उल्लासमय त्योहार की शुरुआत हजारों वर्ष पहले हुई थी। इस त्योहार को दुनिया में हर पृष्ठभूमि वाले वे लोग मनाते और मान्यता देते हैं जो इसे प्रेम, ऊर्जा और प्रगति का पर्व मानते हैं।' ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत मंजूनाथ ने बताया, ''यह टेक्सास के लिए गर्व और ऐतिहासिक क्षण है। राज्य सीनेट द्वारा होली को मान्यता देना विविधता, एकता, मित्रता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम सीनेटर सारा एकहार्ट और उन सभी लोगों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस प्रस्ताव को संभव बनाया...।' 'हिन्दू अमेरिकन फाउंडेशन' ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।

## ऑफ बीट


### उम्र बढ़ने की प्रक्रिया सबमें समान नहीं

आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? –एजिंग की अलग–अलग परिभाषाएं हैं, लेकिन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।



## ट्रेंड

### नई रोजगार योजना



किसी भी राष्ट्र की ताकत को उस राष्ट्र के युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और अनुशासन से मापा जा सकता है। हम नई स्कीम को लेकर आए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश के युवा को प्रदेश के बाहर नौकरी और रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।
-योग आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सामूहिक सहभागिता



दिल्ली के विकास के लिए सबका साथ और सामूहिक सहभागिता जरूरी है। जब हम मिलकर काम करेंगे, तभी हर समस्या का समाधान होगा और विकसित दिल्ली का सपना साकार होगा। आइए, एक साथ आगे बढ़ें और दिल्ली को ऊंचाइयों तक ले जाएं!
-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### भाजपा-आप किसान विरोधी



ऐसा लगता है कि दो किसान विरोधी पार्टियों ने देश के अन्नदाता के विरोध में सांठगांठ कर ली है! पहले किसानों को पंजाब सरकार ने बातचीत के लिए बुलाया, फिर जबरन धरना स्थल से हटाया। भाजपा-आप दोनों ही किसानों की अपराधी रहीं हैं।
-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### ओटीटी प्लेटफॉर्म



ओटीटी प्लेटफॉर्म ने बैंडिट क्वीन का सेंसर किया हुआ संस्करण काट दिया, मुझे यकीन भी नहीं है कि उन्हें कानूनी तौर पर ऐसा करने की अनुमति है.. उन्होंने बस फिल्म का अपना संस्करण पेश किया।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

सम्राट कॉलोनी की ज्वेलरी शॉप में चार बुर्कापोश महिलाओं ने की थी वारदात

# ज्वेलरी शॉप से 1.13 लाख के चांदी के कड़े चुराने वाली महिला गैंग का नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सम्राट कॉलोनी में चार दिन पहले ज्वेलरी शॉप से 1 लाख 13 हजार रुपए के चांदी के कड़े चुराकर भागीं चार बुर्कापोश महिलाओं का अब तक सुराग नहीं लगा है। आरोपी महिलाएं सीसीटीवी कैमरे में वारदात को अंजाम देते कैद हुई थीं, लेकिन उस समय चारों महिलाओं ने अपने चेहरे पर नकाब लगाया था, लिहाजा उनके चेहरे नजर नहीं आए है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से रूट मेप तैयार कर आरोपी महिलाओं तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। महिला गैंग का सुराग लगाने के लिए पुलिस ने मुखबिर तंत्र भी सक्रिय कर दिया है।

पुलिस के अनुसार सम्राट कॉलोनी निवासी शशिकांत सोनी (42) रिद्धि सिद्धि ज्वेलर्स के नाम से घर के नीचे ज्वेलरी शॉप का संचालन करते हैं। सोमवार 17 मार्च की दोपहर करीब तीन बजे शशिकांत अपने पिता को दुकान



पर छोड़कर खाना खाने घर चले गए थे। करीब चार बजे लौटे तो काउंटर पर रिपेयरिंग का सामान पड़ा मिला। संदेह होने पर जब उन्होंने आभूषण चैक किए तो काउंटर पर रखा चांदी के कड़ों से भरा डिब्बा गायब था। सीसीटीवी चैक करने पर फुटेज में चार बुकार्पोश महिलाएं नजर आईं। तीन महिलाओं ने बुजुर्ग पिता को बातों में उलझाया और चौथी महिला ने हाथ की सफाई दिखाते हुए चांदी के कड़ों से भरा डिब्बा चोरी कर लिया। फुटेज देखने के बाद शशिकांत ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

## होटल में युवती से दुष्कर्म, शादी करने से किया इंकार


**भोपाल।** बजरिया थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती हरियाणा की रहने वाली है, जबकि आरोपी सारंगपुर, जिला शाजापुर का है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 23 साल की युवती हरियाणा की रहने वाली है। इधर, सारंगपुर निवासी अरसील से उसकी पहचान हरियाणा में हुई थी। अरसील उस समय काम की तलाश में हरियाणा गया हुआ था। वहीं उसकी पीड़िता से पहचान हो गई। वह पीड़िता को भोपाल में काम की तलाश में ले आया और अस्सी फीट रोड स्थित एक होटल में रुका था। इस दौरान आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए। कुछ दिन बाद युवती ने शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। युवती घटना की शिकायत लेकर स्थानीय थाने में पहुंची थी। वहां पता चला कि घटनास्थल भोपाल का है और शिकायत भी वहीं दर्ज की जाएगी। लिहाजा वह बजरिया थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

डरे-सहमे कमरे में दुबके रहे गोशाला के कर्मचारी

# भोजपुर गो-शाला के पास फिर दिखा बाघ, गाय-बछड़ों को बना रहा शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज





भोजपुर के विद्यासागर गो-शाला के पास बनी पुलिया के नीचे से बाघ दहाड़ता हुआ गुरुवार शाम 6:50 पर सड़क पर आ गया। यह बाघ गो-शाला की गाय-बछड़ों को शिकार बनाने आता है। गो-शाला के कर्मचारी राजू, अनु, बंटी, अनूप ने बताया कि तीन दिन से रोजाना शाम 7 बजे के करीब बाघ आता है और गो-शाला की गाय व बछड़ों को पकड़ कर खेत में ले जाता है।

गो-शाला के कर्मचारियों ने बताया कि गुरुवार को जो बाघ दिखा वह काफी बड़ा और हेल्दी था। वह यहां दहाड़ता हुआ आया, तो गो-शाला के कर्मचारियों ने अपने-अपने कमरों के दरवाजे बंद कर लिए। उन्होंने बताया कि टाइगर गाय को पकड़कर खेत में ले जाता है। सुबह करीब 11 बजे तक खेत में गाय का मांस खाता रहता है। वन एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि भोजपुर गोशाला के आसपास टाइगर के मूवमेंट की जानकारी वरिष्ठ अधिकारीयों तक भेज दिया हैं। वन विभाग की टीम हर घंटे की रिपोर्ट भेज रही है।

## खबर संक्षेप



### वीरांगना अवंती बाई का बलिदान दिवस मनाया

**मंडीदीप।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस गुरुवार को मनाया गया। इन्द्रा नगर स्थित लायंस पार्क में वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा पर लोधी लोधा महासभा द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया। समाज के अध्यक्ष अशोक लौवंशी व सुनील वर्मा ने बताया कि समाज द्वारा वार्ड 23 ब्रिज के पास से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्ग स्टेशन रोड, गणेश चौक, मुख्य बाजार, मंगलबाजार, होते हुए वार्ड 11 स्थित रानी अवंतीबाई पार्क पहुंची। जहां पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### कपिल को किया प्रदेश महासचिव नियुक्त

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में युवा



कांग्रेस नेता कपिल पाल को मप्र कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश महासचिव बनाया गया है। जानकारी अनुसार प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने उनकी नियुक्ति की गई है। कपिल ने अपनी नियुक्ति पर सभी कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ एवं सभी कांग्रेस परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

### जिला व ब्लॉक अध्यक्ष न होने से कांग्रेसी मायूस

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र में कांग्रेस नेता मायूस होते जा रहे हैं, क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद से जिला कांग्रेस अध्यक्ष और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नहीं हैं, जबकि कांग्रेस के प्रदेश पर्यवेक्षक राय शुमारी के लिए जिले और ब्लॉक में आ चुके हैं। एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है, मगर अभी तक ने तो ब्लॉक अध्यक्ष और न ही जिला अध्यक्ष चुना गया। इसलिए कांग्रेस में मायूसी है कि कब तक ब्लॉक अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष बनेंगे। अभी बगैर अध्यक्ष बने कांग्रेस चल रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसी युवती

**भोपाल।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित इसरानी मार्केट में एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में झुलस गई। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। करीब 70 फीसदी जलने के कारण उसकी हालात नाजुक बनी हुई है। पुलिस को अपने बयान में उसने बताया कि वह मच्छर मारने वाली अगरबत्ती जला रही थी, तभी पास रखे ज्वलनशील पदार्थ के संपर्क में आ गई। पुलिस के अनुसार पूनम सूर्यवंशी (23) इसरानी मार्केट हनुमानगंज में रहती है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 5036 | | |
| दिनः | 120 | 33 | 788 |
| रातः | 135 | 90 | 235 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 280 | 08 | 116 |
| रातः | 577 | 90 | 145 |

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित आर्केड मेस्टिक कॉलोनी में हुई वारदात

# कॉलोनी के गेट पर शराब पीने से रोका तो दर्जन भर बदमाशों ने युवक को बेरहमी से पीटा, गंभीर

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना, बदमाशों के हाथों में थे हथियार

◆ पांच आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया, बाकी की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल





गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित आर्केड मेस्टिक कॉलोनी में बुधवार देर रात दर्जनभर बदमाशों ने पॉश कॉलोनी में हंगामा कर दिया। शराब पीने से मना करने पर एक युवक के साथ उन्होंने मारपीट कर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दर्जनभर से अधिक बदमाशों के खिलाफ मारपीट, बलवा का केस दर्ज किया है। घटना का एक वीडियो सामने आया है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान में जुटी है।

गांधीनगर पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय आनंद टहलानी आर्केड मेस्टिक कॉलोनी एयरपोर्ट रोड पर रहते हैं और बैंककर्मी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बुधवार रात करीब दस बजे कॉलोनी के गेट व पास कुछ लोग शराब पी रहे थे। इस पर कॉलोनीवासियों ने उन्हें रोका। तो बहस हो गई। तभी उन्होंने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में दर्जनभर से अधिक बदमाश कवर्ड कैंपस में जबरन दाखिल हो गए। हंगामा करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। उनके हाथों में हथियार थे। हमले से उनके सिर में चोट आने से हालत गंभीर बनी हुई है।

### सुबह पांच बजे तक दी दबिश, भेजा जेल

घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें बदमाश हाथ में डंडा लिए मारपीट कर रहे हैं। करीब एक घंटे तक आरोपियों ने कॉलोनी में हंगामा किया। इस बीच रहवासियों ने पुलिस को सूचना दे दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान में जुटी है। गांधीनगर थाना प्रभारी सुरेश फरकले ने बताया कि पांच आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ 151 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने सुबह पांच बजे तक उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### रंगपंचमी मनाने के बहाने आए युवकों ने किया चाकू से हमला

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा इलाके में डेयरी पर रंगपंचमी मनाने के बहाने पहुंचे आरोपियों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू सिर में और कंधे पर लगने से युवक को गंभीर चोट है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 28 साल का सौरभ यादव अपने चाचा की लांबाखेड़ी स्थित दूध डेयरी पर रहता है और डेयरी का काम संभालता है। उसने पुलिस को बताया कि चाचा की डेयरी का विवाद चल रहा है। विवाद के चलते हर्षित रंगपंचमी पर रंग लगाने के बहाने डेयरी पर पहुंचा था। उसके साथ उसके साथी भी मौजूद थे। पहुंचते ही आरोपी ने विवाद शुरू कर दिया। विवाद के बाद आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से सौरभ यादव पर हमला कर दिया। चाकू सौरभ के सिर और पीठ पर लगा है। हमला करने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया।

### रंग पंचमी पर रंग-गुलाल लगवाने से मना किया तो नुकीले हथियार से किया हमला

**ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर, बिहारी मोहल्ला में हुई घटना**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर, बिहारी मोहल्ला में एक युवक ने रंग-गुलाल लगाने से मना किया तो दो युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी और नुकीले हथियार से हमला कर दिया। नुकीला हथियार कंधे के पास लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धारओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार 45 साल का जसवंत यादव, बिहारी मोहल्ला मरघट के पीछे सुभाष नगर में रहता है और एमपी नगर में ठेला लगाता है। बुधवार को रंगपंचमी के दिन वह मोहल्ले में रहने वाले पप्पू भवानी के घर बैठा था। दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच हेमू चंदेल व गोलू सेन पप्पू भवानी के घर पहुंचे। उन्होंने जसवंत से कहा कि गुलाल रंग लगवा लो। जसवंत ने कहा कि मुझे एलर्जी है। इस पर गोलू सेन जसवंत को गोद में उठाकर बाहर ले आया। बाहर लाकर उससे मारपीट करने लगा। बचाव के लिए जसवंत ने शोर किया तो उसका छोटा भाई हरप्रसाद पहुंच गया और उसे गोलू से बचाने लगा। इसी बीच गोलू सेन और हेमू चंदेल ने मेरे छोटे भाई हरप्रसाद के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों किसी नुकेले हथियार से हमला किया था, जो जसवंत के कंधे पर लगा। विवाद की भनक लगते ही जसवंत और हरप्रसाद का छोटा भाई परसराम भी मौके पर पहुंच गया था। इस दौरान आरोपी वहां से भाग निकले।

## रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत मिला युवक का शव

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित कमल नगर रेलवे ट्रैक पर गुरुवार सुबह एक युवक की क्षत-विक्षत लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। पुलिस के अनुसार अहसान नगर करोंद निवासी कमर अली (45) बीमार थे। उन्हें हार्ट की समस्या सहित अन्य बीमारियां थीं। इसके अलावा उन्हें सुनाई कम देता था और दिखता भी कम था। वह डंडे का सहारा लेकर चलते थे। शारीरिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह इन दिनों कोई काम नहीं कर रहे थे। परिजन उनका इलाज करा रहे थे।

विगत 19 मार्च की रात वह थोड़ी देर में आने का कहकर घर से निकले थे। परिजन ने पूछा भी था कि कहां जा रहे हो, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटे। परिजन उनकी तलाश में निकले। सुबह करीब 8 बजे उनकी लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी हुई मिली। परिजन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने बताया कि मृतक कमर अली के परिवार में पत्नी, दो बेटे व एक बेटी है। कमर अली के ट्रेन की चपेट में आने से उनका सिर धड़ से अलग हो गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, नहीं हो सकी शिनाख्त

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मेघरा कलां जोड़ पर अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात की है। महिला को राहगीरों ने निजी वाहन से बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। वहां इलाज के कुछ ही देर बाद महिला की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार मेघरा कलां जोड़ पर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे राहगीरों ने एक महिला को घायल अवस्था में देखा था। महिला के हाथ पैर और सिर में गंभीर चोट थी। उसे राहगीरों ने निजी वाहन से बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा दिया। वहां करीब एक घंटे बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि महिला के पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। महिला इलाके में लंबे समय से घूमते फिरते देखी गई थी। यह भी बताया जाता है कि उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। अनुमान है कि करीला मेला में कस्बे में भीड़ भाड़ थी। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उसे सड़क पार करते समय टक्कर मार दी।

## भाजपा मंडल की कार्यकारिणी के गठन पर शीघ्र चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** नगर में भाजपा मंडल की कार्यकारिणी का गठन शीघ्र करने की मांग भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं। तामोट के अमोद, बमनई, मंडकसिया और औबेदुल्लागंज के भाजपा नेता आस लगाए हुए हैं। मंडल औबेदुल्लागंज में कई नेता शामिल होने के लिए जुगाड़ लगा रहे हैं। यह नेता मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर के करीब पहुंच रहे हैं।

बहरहाल मंडल में माधव यादव, उमाशंकर गौर, दीपू परमार, कांता पटेल, तामोट से सुलेखा चौहान, सुजीत चौहान, कोमल चौहान, हरगोविंद वर्मा, दशरथ गुर्जर, राम किशोर चौहान, मनोज चौरसिया, संजय प्रजापति, बागिश अग्रवाल, भूपेंद्र नंदवंशी आदि के नाम की चर्चा है।

## पूज्य सिंधी समाज का चुनाव संपन्न रमेश वासवानी को बनाया अध्यक्ष

**28 मार्च को मनाया जाएगा चेटीचंड महोत्सव**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रमेश वासवानी लगातार दूसरी बार सिंधी समाज अध्यक्ष चुने गए है। भूरा आडवानी उपाध्यक्ष, रतन मेघानी सचिव, जगदीश चंदानी संरक्षक, माधव दास वासवानी संरक्षक बनाया गया है।

मनोज मेघानी, जनक रामानी आदि के संरक्षण में अध्यक्ष का चुनाव हुआ। ईश्वर मेघानी, विनोद मनवानी, रवि वासवानी, हरीश नागरानी, सोनू वासवानी आदि ने समर्थन किया।

गुरुवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश वासवानी, संरक्षक जगदीश चंदानी, सचिव रतन मेघानी ने बताया कि चेटीचंड महोत्सव 28 मार्च शुक्रवार को मनाने के लिए एक शाम झूलेलाल साईं के नाम कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक सुमित खटवानी, नम्रता जलपरी एवं विपिन चौबे अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम झूलेलाल प्रांगण महावीर कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा।

## जिला भाजपा कार्यकारिणी के लिए सामने आए कई नेताओं के नाम

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से जिला भाजपा कार्यकारिणी के लिए कई नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। जिला महामंत्री और दो उपाध्यक्ष शामिल होते हैं। इसके लिए महामंत्री के लिए पंकज श्रीवास्तव, डब्बू बाड़ी, ओपी मीणा एवं हेमराज मीणा का नाम चल रहा है।

ज्ञातव्य हो कि पंकज श्रीवास्तव का नाम जिला अध्यक्ष के लिए चला था, मगर जिला अध्यक्ष पुनः राकेश शर्मा बने। अब महामंत्री के लिए पंकज श्रीवास्तव का नाम सामने आया है। वे विधायक सुरेंद्र पटवा के विश्वास पात्र हैं। वहीं उपाध्यक्ष के लिए वरिष्ठ नरेंद्र शर्मा हिरानिया और अरविंद जैन मंडीदीप का नाम चर्चा में है। भोजपुर मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी को बड़ी जवाबदारी मिल सकती है।

## दहेज में मांगे छह लाख, जिम संचालक ने शादी तोड़ी

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में दहेज के लिए छह लाख रुपए की मांग कर रहे युवक ने युवती से शादी तोड़ दी। दोनों की एक महीने पहले ही सगाई हुई थी और अगले महीने अप्रैल में शादी होनी थी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर युवक के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विवेकानंद कॉलोनी, निवासी अफसाना अंसारी (30) की सगाई फरवरी महीने में सैज उल्ला खान से हुई थी। सैज उल्ला जिम का संचालन करता है। सगाई के बाद दोनों की अप्रैल में शादी होनी थी। शादी से पहले सैज ने अफसाना को बताया कि उसे जिम का काम कराना है और इसके लिए छह लाख रुपए लगेंगे। बाद में सैज अफसाना से रुपए की व्यवस्था करने की बात कहने लगा। अफसान ने कहा कि इतनी बड़ी रकम वह नहीं दे सकेंगी। इस पर सैज ने कहा कि वह पहले जिम में काम कराएगा फिर ही शादी करेगा। अफसाना के परिजन ने उसे समझाइश देने की कोशिश की, लेकिन उसने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## हेम्टू इंटक ने किया महाप्रबंधक का स्वागत

**भोपाल।** गुरुवार को हेम्टू इंटक कोषाध्यक्ष राजेश शुक्ला की अगुवाई में इंटक के प्रतिनिधिमंडल ने इसी माह सेवानिवृत्त होने जा रहे ट्रांसफार्मर ब्लॉक के महाप्रबंधक अविनाश चंद्र का स्वागत किया। शुक्ला ने चंद्रा को शॉल-श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद सतेंद्र शर्मा, अजीत गोंड, जितेन्द्र मालवीय, बुद्धमान सिन्हा ने महाप्रबंधक को सेवानिवृति की बधाई दी।



कलेक्टर के निर्देशन में इनकी सीमाओं का निर्धारण कराया जाएगा

# कोलार क्षेत्र में अब दो थाने, कजलीखेड़ा थाना हुआ स्वीकृत मप्र में 4 चौकियों को अपग्रेड कर बनाए जाएंगे 8 नए थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में जल्द ही 9 पुलिस थाने और चौकियां बढ़ जाएंगी। पुलिस मुख्यालय से मंजूरी के बाद इन जिलों के एसपी को जारी पत्र के अनुसार जिला स्तर पर कलेक्टर के निर्देशन में इनकी सीमाओं का निर्धारण कराया जाएगा।

प्रदेश में जो 8 थाने स्थापित होंगे, उनमें से 4 को पुलिस चौकी से अपग्रेड किया गया है, जबकि शेष 4 नए पुलिस स्टेशन होंगे। इसके अलावा छतरपुर के बागेश्वर धाम में एक नई पुलिस चौकी के प्रस्ताव को भी पीएचक्यू से मंजूरी दी गई है। पीएचक्यू की सूची के अनुसार उज्जैन और सीधी में दो-दो, जबकि भोपाल (नगरीय क्षेत्र), देवास, सीधी और सतना में एक नया थाना खुलेगा।




### बागेश्वर धाम में खुलेगी पुलिस चौकी

साल 2023 में इनमें से छह थानों और एक पुलिस चौकी को शासन ने मंजूरी दी थी, जबकि उज्जैन में दो नए थानों को पिछली महीने ही मंजूरी दी गई थी। भोपाल में कोलार क्षेत्र में विभाजन कर कजली खेड़ा, खगरोन में जैतपुर, उज्जैन में महालोक और तपोभूमि सीधी में मडवास थाना और सेमरिया थाना, सतना के रैगांव थाना, देवास में कमलापुर और छतरपुर के बागेश्वर धाम में नई पुलिस चौकी स्थापित होगी।

### विधायक रामेश्वर ने सीएम का माना आभार

राजधानी के उपनगर कोलार क्षेत्र में बेहद तेजी से आबादी का दबाव बढ़ा है। पिछले एक दशक के दौरान यहां जमकर रहवासी कॉलोनियों और व्यावसायिक कांप्लेक्स में इजाफा हुआ है। इस इलाके में लगभग चार लाख से ज्यादा की आबादी रहती है। इस आबादी के लिहाज से वर्तमान कोलार थाने में आने वाला एरिया और आबादी काफी ज्यादा थी। स्थानीय विधायक रामेश्वर शर्मा से लेकर स्थानीय भाजपा नेता भी नए थाने की स्थापना के मुद्दे पर सक्रिय थे। हालांकि शासन के स्तर पर कोलार में नए थाने की मंजूरी जून 2023 में ही मिल गई थी, लेकिन औपचारिकताओं में लंबा समय लगा। हालांकि यहां दो साल पहले एक पुलिस सहायता केंद्र खोला गया था। जानकारी के अनुसार नए कजलीखेड़ा थाने में आस-पास के इलाकों के साथ 28 गांव भी शामिल किए जा सकते हैं। कजलीखेड़ा थाने के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

## व्यापारी के सूने मकान से जेवर सहित लाखों की चोरी

**शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर में वारदात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर में व्यापारी के सुने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश नगदी समेत लाखों रुपए के जेवर चुराकर ले गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसमे एक आरोपी नजर आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि व्यापारी ने अभी चोरी गए सामान की सूची नहीं सौंपी है। हालांकि व्यापारी का कहना है कि करीब 30 लाख का माल चोरी हुआ है।

पुलिस के अनुसार रोहित नगर निवासी गोपाल अग्रवाल व्यवसायी है। उनका पांच नंबर स्टॉप पर सुपर बाजार हैं। गत दिनों वह परिवार के साथ ओंकारेश्वर दर्शन के लिए गए थे। वहां से लौट कर आए तो घर पर लगे दरवाजे टूटे मिले। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि बदमाश ने घर में रखी अलमारी के लाकर तोड़ दिए हैं। बदमाश लॉकर से सोने चांदी के जेवरात और नदी चुरा कर ले गया है।

### चूनाभट्टी में रिटायर्ड एडीजी के घर हुई थी चोरी

उल्लेखनीय है कि गत दिनों मीरा नगर चुना भट्टी में रिटायर्ड एडीजी के घर वारदात हुई थी। चोरी की इस वारदात में एक बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था।

विश्व कविता दिवस

# अभय की लिखी काव्य रचना से सजेगा पुस्तक 'लम्स' का कवर पेज

## अभय की रचनाओं को पुस्तक का रूप देकर उनकी काव्य यात्रा को पहुंचाने वाले निशांत और मोहिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

उतरना पार था मुश्किल हमारा, जरा नाराज था साहिल हमारा, हमारी मां के गहनों से बना है, चमकता क्यूं न मुस्तकबिल हमारा। बहुत आवाज मत करना लगे पर, बड़ा हस्सास है कातिल हमारा..... 'स्वर्गीय अभय शुक्ला'। कविताओं में अपनी दुनिया तलाशने वाला शायर अपनी रचनाओं में जितना स्वयं को परखता हैं, उतना ही दूसरों के दर्द, पीड़ा को महसूस कर उसे भी कविता की शक्ल दे देता है। ऐसे ही किसी एक शायर के जाने के बाद उसकी सोच को काव्य रचना के रुप में जीवित रखा जा सकता है। उस शायर की काव्य रचनाओं को गजलों व अशआर के रुप में सजी पुस्तक के रुप में। जिससे कविताओं से सजी पुस्तक काव्य प्रेमियों तक पहुंचे साथ ही पहुंचे उस शायर की सोच और विषय की प्रति उसकी गहराई। ऐसा ही एक काम कर रहे हैं युवा कवि निशांत उपाध्याय और मोहिनी शर्मा, जो अपने दिल के करीबी मित्र स्व. अभय शुक्ला की याद में न केवल उनकी रचनाओं को संकलित कर पुस्तक का रुप दे रहे हैं बल्कि अभय के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी याद में 5 मई को 'जश्ने-अभय शुक्ला' नामक मुशायरे का भी आयोजन करेंगे।



5 मई को स्व. अभय शुक्ला की पुस्तक 'लम्स-ए-अभ्य शुक्ला' का करेंगे विमोचन

अभय की याद में होगा 'जश्ने-अभय शुक्ला' मुशायरा का आयोजन



**निशांत ने कहा... ताकि एक छोटी उम्र के बड़े शायर को दुनिया जान सके**

निशांत और मोहिनी ने बताया कि 2017 में हमारी मुलाकात एक मुशायरे में अभय से हुई थी उस वक्त हमें अभय की गजलों ने इतना प्रभावित किया कि हमारी दोस्ती शुरू हुई और यह दोस्ती काफी गहरी होती गई। निशांत ने कहा कि अभय मुझे अपना मेंटर मानता था और उसकी रचनाओं में इतनी गहराई थी कि 20 वर्ष की छोटी उम्र में उसे उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित 'तलाशे-जौहर' में बेस्ट शायर का पुरस्कार मिला, 21 साल की उम्र में यूरोप और अमेरिका की किताबों में उसकी गजले छप रही थीं। ऐसा लगता था कि उसका जीवन सिर्फकविताओं के प्रति समर्पित है। लेकिन पिछले वर्ष एक हादसे में अभय हमारे बीच नहीं रहा, लेकिन उसकी यादें और उसकी दिल की गहराईयों तक छूने वाले अश्आर आज भी हमारे पास हैं, जिसे हम पुस्तक का रुप देना चाहते हैं, ताकि एक छोटी उम्र के बड़े शायर को दुनिया जान सके।

### अभय के हर अश्आर में शामिल था शब्द 'लम्स'

मोहिनी ने कहा कि अभय की रचनाओं में जहां मां के प्रति प्रेम है तो वहीं समाज के लिए भी सकारात्मक संदेश है खासकर युवाओं के लिए। आने वाली 5 मई को हम 'लम्स-ए-अभ्य शुक्ला' शीर्षक के साथ अभय की पुस्तक का विमोचन करेंगे। साथ ही जश्ने-अभयशुक्ला नामक मुशायरे का भी आयोजन होगा, जिसमें प्रदेश के युवा गजलकार अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर पाऐंगे। निशांत ने कहा कि हमारा प्रयास है कि अभय की यह पुस्तक उसकी सोच के अनुरूप हो क्योंकि अभय चाहता था कि इस पुस्तक का नाम 'लम्स' हो क्योंकि वो अपने हर अश्आर में लम्स शब्द प्रयोग करता था, जिसका अर्थ है 'छुअन'। वहीं इस पुस्तक के कवर पेज पर महिला का हाथ होगा जो पूरी तरह जेवरात से भरा है। जिस पर अभय की रचना 'हमारी मां के गहनों से बना है, चमकता क्यों ना मुस्तकबिल हमारा.....', लिखा होगा।

---

### एमवीएम के पूर्व छात्रों का भव्य होली मिलन समारोह 23 को

**भोपाल।** राजधानी के शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन (एमवीएम एलुमिनी) द्वारा रविवार 23 मार्च को एमवीएम के सभागार में पूर्व छात्रों का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। होली मिलन में चार क्विंटल फूलों से होली खेली जाएगी। कार्यक्रम में सैकड़ो छात्र- छात्राएं जुटेंगे । एमवीएम एलुमिनी द्वारा हर साल होली के अवसर पर पूर्व छात्र-छात्राओं का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की भव्यता और शोभा इसलिए भी बनती है कि 1965 से लेकर 2020 तक के पूर्व छात्र- छात्राएं इसमें बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कुछ छात्र भोपाल के बाहर से भी आते हैं और अपनी यादों को ताजा करते हैं। आयोजन सुबह 10 बजे से मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में होगा।

### विश्व जल दिवस पर 22 मार्च को मैनिट में होगी जल पर चर्चा

**भोपाल।** विश्व जल दिवस के अवसर पर 22 मार्च को मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में जल पर चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत 2047 हेतु जल प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय इस परिचर्चा में देश के विभिन्न संस्थानों से आमंत्रित विशेषज्ञ, रिसर्च स्कॉलर्स और शोधार्थी जल प्रबंधन पर विचार रखेंगे। परिचर्चा का आयोजन जनपद अभियांत्रिकी विभाग, जल प्रबंधन केन्द्र एवं जनपद अभियांत्रिकी छात्र संघ की ओर से किया जा रहा है। परिचर्चा के संयोजक डॉ. एच.एल. तिवारी ने बताया कि परिचर्चा में मैनिट के निदेशक डॉ. केके शुक्ला बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। इसके साथ ही एनआईटी नागपुर के निदेशक डॉ. पीएल पटेल, केंद्रीय जल आयोग के मुख्य अभियंता आदित्य शर्मा और केंद्रीय भूजल बोर्ड के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सुभाष सिंह मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। परिचर्चा सुबह 10 बजे शुरू होगा।

---

भारत भवन में इंडो-फ्रेंच क्लासिकल कंसर्ट के तहत हुई विशेष संगीत सभा

# सिल्वर फ्लूट और बांसुरी की जुगलबंदी में दिखा सुर व लय के साथ तालमेल



### राग सरस्वती से किया आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कलाओं के घर भारत भवन का आंगन गुरुवार की शाम भारतीय शास्त्रीय संगीत के सुमधुर संगीत से एक बार फिर गुलजार हुआ। मौका था भारत भवन और आलियांस फ्रांसिस का संयुक्त आयोजन इंडो-फ्रेंच क्लासिकल कंसर्ट का। जिसमें सिल्वर फ्लूट और बांसुरी की जुगलबंदी सुनने को मिली। दो देशों की मिश्रित सांगीतिक प्रस्तुति के नवाचार के इस क्रम में फ्रेंच कलाकार सेमुएल ब्रिकाल्ट और भारतीय कलाकार ऋषभ प्रसन्ना ने जुगलबंदी पेश की। रिमझिम बारिश की बूंदों के उपरांत शुरू हुई इस प्रस्तुति ने संगीत प्रेमियों को आनंदित कर दिया। कलाकारों के अधरों से निकलती बांसुरी की मधुर धुन और तबले पर मचलती संगत कलाकार की उंगलियों ने समां बांध दिया। लगभग एक घंटे से अधिक चली प्रस्तुति में दोनों ही कलाकारों ने बेहतर तालमेल दिखाया और सात समन्दर पार दो देशों की जमीनी दूरियों को संगीत से पाटने का प्रयास किया।



#### दर्शकों से संवाद और प्रस्तुति का क्रम

फ्रेंच कलाकार सेमुएल ब्रिकाल्ट ने मंच पर आमद देने के पश्चात सीधे बांसुरी उठाई और साथी कलाकार के साथ बांसुरी वादन आरंभ किया। कुछ देर बाद उन्होंने सामने बैठे दर्शकों से संवाद करते हुए नमस्कार के साथ उनका अभिवादन किया और उसके बाद उन्होंने अपनी संगीत यात्रा को संगीत प्रेमियों के साथ साझा किया।

जुगलबंदी के इस क्रम का आरंभ कलाकारों ने राग सरस्वती से किया। इसमें कलाकार ऋषभ ने अपने पिता पंडित राजेंद्र प्रसन्ना की धुन को पेश किया। इसके बाद कलाकारों ने रामधुन पेश की जिसके बोल थे पायोजी मैंने राम रतन धन पायो...। इसके बाद कलाकारों ने राग मेघ में गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत जुगलबंदी पेश की। इस दौरान कलाकारों ने संगीत के प्रति की गई अपनी कठोर साधना का सुंदर प्रदर्शन कर संगीत रसिकों को अंत तक बांधे रखा। इसके बाद फ्रेंच कलाकार मोजाट की एक धुन पेश की। प्रस्तुति के क्रम को आगे बढ़ाते हुए सेमुएल ने फ्रांस के लोक संगीत की धुन को बांसुरी के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति का अंत कलाकारों ने दोनों देशों के संगीत के सम्मिश्रण को बांसुरी के माध्यम से प्रस्तुत किया।

---

## पैसे एकत्रित करने के लिए आयरिश बांसुरी बजाना शुरू की: सेमुएल

हरिभूमि चर्चा

### फ्रेंच कलाकार सेमुएल ब्रिकाल्ट और ऋषभ प्रसन्ना ने साझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भारत भवन में प्रस्तुति देने आए फ्रेंच कलाकार सेमुएल ब्रिकाल्ट और ऋषभ प्रसन्ना से हरिभूमि ने खास बातचीत की जिसमें सेमुएल ने कहा कि वह पांच वर्ष की उम्र में फ्रेंच डांस का अभ्यास करते थे। उन्होंने कहा कि बचपन से ही मुझे संगीत बेहद पसंद था। कुछ समय बाद मुझे रीता ने आयरिश बांसुरी दी और मैंने संगीत सीखना शुरू किया। मेरे पिता मुझे पैसा नहीं देना चाहते थे। तब पैसे एकत्रित करने के लिए मैंने आयरिश बांसुरी बजाना शुरू किया।

उन्होंने कहा कि उसके बाद स्कूल में विद्यार्थियों को बांसुरी सुनाई। उसके बाद मैंने फैसला किया कि मुझे संगीतकार बनना है। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रीय वादन में वो गहराई है कि जो विदेशियों को अपनी ओर आकर्षित कर ही लेती है जो लोगों को पसंद आती है।



#### श्रोताओं की वन्स मोर डिमांड पर कई घंटों तक प्रस्तुति

ऋषभ ने कहा कि मैं 15 वर्षों से फ्रांस में हूं कई बार अपने पिता के साथ म्यूजिकल कंसर्ट में भाग लिया और कई बार होता था कि हम कई घंटों तक प्रस्तुति देते। क्योंकि श्रोता हमसे वनस मोर मोर की मांग करते। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि विदेशों में भारतीय संगीत के प्रति लगाव नहीं है क्योंकि विदेशी शास्त्रीय संगीत को इतना पसंद करते हैं कि हमसे ऑनलाइन और ऑफलाइन क्लासेस की मांग करते हैं। वो भारतीय परंपरा और कला को गहराई से पसंद करते हैं।

---

चार नाटकों से ली रचनाओं से सजा रंग संगीत....

# 'टूटते परिवेश' में नजर आई पारिवारिक रिश्तों में आई दरार

**त्रि-दिवसीय ब.व. कारंत स्मृति नाट्य समारोह में रंग-संगीत व नाट्य प्रस्तुति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

चित्र लहरों पर कभी खींचना नहीं, घाव पानी में कभी सिंचता नहीं..., कुंवर नयन की कविता नदी जानती है....., हे वदन की रचना बांचे जुबानी, गाथा पुरानी....., घासीराम कोतवाल की गज वंदना श्री गजराज करेंगे नित्यानंद.... साथ ही पिया मोरे में चलो कुंज गलिन में... ठुमरी के रूप में रचे बसे रंग संगीत के आनंद में सराबोर थे श्रोतागण। मौका था शहीद भवन में आयोजित त्रि-दिवसीय ब. व. कारंत स्मृति नाट्य समारोह का।



टूटते परिवेश नाटक मुख्य रुप से पारिवारिक रिश्तों में आई दरार, सामाजिक द्वुविधाओं और राजनीतिक अस्थिरता जैसे विषयों को उजागर करता है। विष्णु प्रभाकर के इस नाटक में यथार्थ, परम्परा और आधुनिकता के बीच संघर्ष, पारिवारिक रिश्तों में दरार, कुंठा, स्वार्थ, सामाजिक द्वुविधाएं और राजनीतिक अस्थिरता जैसे विषयों को दर्शाया गया।

---

हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के 76वें अधिवेशन में करेंगे शिरकत

# विजयदत्त श्रीधर को 'साहित्य वाचस्पति सम्मान' राष्ट्रभाषा परिषद के सभापति का दायित्व निभाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भारत में हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्थापित हिन्दी साहित्य सम्मेलन



प्रयाग का 76वां अधिवेशन 21-23 मार्च 2025 को आणन्द, गुजरात में होने जा रहा है। अधिवेशन के अंतर्गत 22 मार्च को आयोजित 'राष्ट्रभाषा परिषद' के सभापति का दायित्व सप्रे संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर को सौंपा गया है। 23 मार्च को अधिवेशन के समापन समारोह में श्रीधर को सम्मेलन की सर्वोच्च उपाधि 'साहित्य वाचस्पति सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। सप्रे संग्रहालय के निदेशक अरविंद श्रीधर ने बताया कि हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग की स्थापना महामना पं. मदनमोहन मालवीय की अध्यक्षता में सन 1910 में हुई। राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन सम्मेलन के प्रधानमंत्री थे। महात्मा गांधी, डा. राजेन्द्र प्रसाद, गणेश शंकर विद्यार्थी प्रभृति महापुरुषों ने सम्मेलन की अध्यक्षता कर उसके उद्देश्यों को वरीयता और गौरव प्रदान किया। मध्यप्रदेश के महापुरुषों में विष्णुदत्त शुक्ल, माधवराव सप्रे, माखनलाल चतुर्वेदी, सेठ गोविंददास ने भी सम्मेलन के अध्यक्ष पद को सुशोभित किया।

---

विडंबनाओं पर कटाक्ष करता नाटक

# रंगश्री लिटिल बैले टूप में 'मारे गए गुलफाम' पर लगे ठहाके

**भोपाल।** फ्लाइंग फैरीज नाट्य संस्था द्वारा गुरुवार को एल बी टी में हास्य नाटक 'मारे गए गुलफाम' का मंचन किया गया। संदीप लेले के लेखन और डॉ. आजम खान के निर्देशन में तैयार यह नाटक आधुनिक जीवन की विडंबनाओ पर बड़ी कुशलता से कटाक्ष करते हुए महिलाओं को अपने जाल में फंसाने वाले धूर्त बदमाशों की जमकर खबर लेता है।



#### नाटक की कहानी

मशहूर ठग नटवरलाल, शहर की प्रतिष्ठित परिवारों की महिला रमा और कोकिला को अपने प्रेम जाल में फंसा कर लूटने की फिराक में है। रमा उसकी योजना को भांपकर कोकिला के साथ मिलकर नटवरलाल को सबक सिखाने की योजना बनाती है किंतु उत्साह में अपने शक्की पति को विश्वास में नहीं लेती। नाटक में एक ओर रमा, नटवर को करारा सबक सिखाने की योजना बना रही है तो दूसरी ओर पति अपनी पतिव्रता पत्नी को बेवफा साबित कर, नटवर के साथ रंगे हाथों पकड़ने की चाल चल रहा है।

---



# 'स्पैरो ऑफ इंडिया' विषय पर छायाचित्र प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भोपाल बर्ड्स, मध्य प्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड एवं क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के संयुक्त प्रयास से विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर 'स्पैरो ऑफ इंडिया' विषय पर छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस प्रदर्शनी में देशभर के 17 फोटोग्राफर्स से प्राप्त 30 छायाचित्रों



को प्रदर्शित किया गया। इन छायाचित्रों में भारत में पाई जाने वाली गौरैया की विभिन्न प्रजातियों के जीवन के अनेक पहलुओं जैसे नीड़न, भोजन, दिनचर्या आदि को प्रदर्शित किया गया है। इसी क्रम में स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों के लिए 'शहरों में गौरैया पक्षी का संरक्षण' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतिभागियों ने विभिन्न रंगों की सहायता से गोरैया के जीवन को दर्शाया।

---

**कर्टेन कॉल थिएटर फेस्टिवल में दो नाटकों का मंचन**

# जिन्दगी में जीवित रहने की आशा को दर्शाते हैं नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

तीन दिवसीय कर्टेन कॉल थिएटर फेस्टिवल के अंतर्गत दी आर्ट रिवोल्यूशन द्वारा गुरुवार को ओ हेनरी द्वारा लिखित कहानियों पर आधारित नाटकों का मंचन किया गया, जिसमें पहला नाटक 'द गिफ्ट ऑफ मैगी' था, जिसका निर्देशन उद्देश्य अगरैया ने किया, दूसरा नाटक 'दी लास्ट लीफ' रहा, जिसका निर्देशन आशीर्वाद झा ने किया साथ ही युवा रंगकर्मी श्रुति सिंह को युवा रंग क्रांति सम्मान से नवाजा गया।



#### कलारुचि और क्रिसमस पर आधारित नाटक

द गिफ्ट ऑफ मैगी में दिखाया कि डेला अपने पति जिम्मी के साथ एक किराए के कमरे में रहती है, जिमी केवल 20 डॉलर महीना ही कमाता था, इतने में डेला के लिए घर चलना काफी मुश्किल होता था। डेला, जिसके पास केवल एक डॉलर और सतासी सेंट्स है और उतने ही रकम में वह अगले दिन क्रिसमस पर अपने पति जिम्मी को गिफ्ट देना चाहती है। वहीं दी लास्ट लीफ नाटक जिन्दगी में जीवित रहने की आशा को दर्शाता है। सु और जॉन्सी कैलिफोर्निया के एक काफी शॉप पर मिलते हैं, चित्रकार होने की वजह से दोनों की कलारुचि में काफी समानता होने पर दोनों मिलकर एक चित्रकला स्टूडियो खोलते हैं और साथ में खुशी खुशी रहते हैं।



# मैं हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ, जज को संवेदनशील होना चाहिए


## हाईकोर्ट के फैसले पर भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने सवाल खड़े किए

### ऐसे में महिलाएं और बच्चे कहां जाएंगे?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर भाजपा की राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने सवाल खड़े किए हैं। रेखा ने कहा कि मुझे लगता है कि जज बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं हैं। उनको देखना चाहिए कि लोगों की मंशा क्या है? मंशा पर सजा मिलनी चाहिए न कि रेप होगा तभी सजा होगी। एनसीडब्ल्यू की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि जजों का रेप का इंतजार नहीं करना चाहिए। विक्टिम को बचाना है, लड़कियों को बचाना है। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह के जजमेंट आएंगे तो महिलाएं और बच्चे कहां जाएंगे? शर्मा ने कहा कि हमारी बच्चियों का क्या होगा?

**क्या जब केवल दुराचार किया जाएगा तभी सजा मिलेगी**




### इन करतूतों को अपराध नहीं माना जाएगा?

राज्यसभा सांसद शर्मा का यह बयान इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद आया है। इसमें नाबालिग लड़की के स्तन को पकड़ना, उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करना रेप या रेप की कोशिश के तहत अपराध नहीं माना जाएगा।

### एनसीडब्ल्यू को सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए, कपड़े किसलिए उतारेंगे?

सांसद रेखा ने कहा कि मुझे लगता है कि हाई कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ एनसीडब्ल्यू को सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए। एक याचिका दायर करनी चाहिए। यह जरूरी है कि इस तरह के लोगों को बताया जाए फिर चाहें वो जज ही क्यों न हों, वो ऐसी बात नहीं कर सकते या ऐसे जजमेंट नहीं दे सकते। शर्मा ने कहा कि जब ऐसे जजमेंट आएंगे तो लोग कैसे सीरियसली लेंगे? वे तो कहेंगे कि हमने तो कपड़े ही उतारे, रेप नहीं किया। शर्मा ने कहा कि बड़ी बात यह है कि आप बच्ची के कपड़े क्यों उतारेंगे? अगर आप रेप नहीं करना चाहते थे? उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट यह फैसला पूरी तरह से गलत है।

### इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि नाबालिग लड़की के स्तन को पकड़ना, उसके पायजामे के नाडे को तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करना रेप या रेप की कोशिश के तहत अपराध नहीं माना जाएगा। हाईकोर्ट ने अपने इस फैसले के आधार पर कासगंज जिले के 3आरोपियों को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ ट्रायल कोर्ट से जारी समन आदेश में बदलाव करने को कहा है। हाईकोर्ट ने आरोपियों की तरफ से दाखिल की गई क्रिमिनल रिवीजन की अर्जी को आंशिक रूप से मंजूर करते हुए अपने फैसले में कहा है कि आरोपियों के खिलाफ रेप की कोशिश और पॉक्सो एक्ट की धारा 18 के तहत जारी किया गया समन गलत है। हाईकोर्ट ने निचली अदालत से कहा है कि वह समन आदेश में बदलाव करते हुए उन्हें छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट की दूसरी धारा के तहत समन आदेश जारी करे।

**यह है पूरा मामला**

मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के पटियाली थाना क्षेत्र में 10 नवंबर 2021 को शाम पांच बजे हुई एक घटना से जुड़ा हुआ है। महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 14 साल की बेटी के साथ कहीं जा रही थी। रास्ते में पवन, आकाश और अशोक नाम के युवकों ने बेटी को घर छोड़ने के बहाने अपनी बाइक पर बैठा लिया। एक पुलिया के पास गाड़ी रोककर उसकी बेटी के स्तन पकड़े और नाड़ा तोड़ दिया।

## खबर संक्षेप

### सुतार को मिलेगा महाराष्ट्र भूषण सम्मान



**मुंबई।** देश के जाने-माने मूर्तिकार राम सुतार को महाराष्ट्र सरकार 'महाराष्ट्र भूषण सम्मान से सम्मानित करेगी। यह प्रदेश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कि सुतार 100 वर्ष की उम्र में भी सक्रिय हैं। वे आभी भी इंदु मिल प्रोजेक्ट के लिए डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर काम कर रहे हैं।

### दिल्ली के विधायकों की नहीं सुनते अधिकारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्य सचिव धर्मेंद्र को पत्र लिखकर अधिकारियों की शिकायत की है। पत्र में कहा है कि दिल्ली के अधिकारी विधायकों के पत्रों, फोन कॉल या मैसेज का जवाब नहीं देते हैं। स्पीकर ने कहा कि वे प्रशासनिक सचिवों, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और डीडीए को इस बारे में जागरूक करें।

### सीएम देवेंद्र कमजोर 'छावा' का ले रहे सहारा



**मुंबई।** शिवसेना ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर दंगों का ठीकरा फिल्म 'छावा' पर फोड़ा है जो उनका 'मनोबल कमजोर' होने का संकेत देता है। 'सामना' के संपादकीय में व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा कि भाजपा नीत सरकार घटना को लेकर फिल्म के अभिनेताओं, निर्देशक और निर्माताओं पर मामला दर्ज करेगी।

### मोदी ने पारसी नववर्ष पर कहा-नवरोज मुबारक



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नवरोज के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। पीएम मोदी ने कामना की है कि यह विशेष दिन सभी के लिए खुशियां, समृद्धि और बेहतर स्वास्थ्य लेकर आए। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, 'नवरोज मुबारक! मैं कामना करता हूं कि यह सभी के लिए सुख और समृद्धि लेकर आए।

### आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत



**गाजीपुर।** जिले के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के कर्मा गांव के लिंक मार्ग से गुरुवार को घर जा रहे बाइक सवार पति-पत्नी और पुत्र की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल और पुलिस मौके पर पहुंचकर विधिक कार्रवाई में जुट गए। कर्मा गांव निवासी रविशंकर कुशवाहा दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते थे।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने टीएमसी सांसद गोखले को सुनाई खरी-खरी

# मैं सात बार चुनाव जीतकर आया हूं किसी की कृपा से यहां नहीं खड़ा हूं

### निजी टिप्पणी पर संसद में भड़के गृहमंत्री अमित शाह

**उन्हें यह भी मालूम नहीं- ये एजेंसियां गृहविभाग के तहत नहीं आतीं**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि वे किसी की कृपा से यहां नहीं हैं, बल्कि वह 7 बार चुनाव जीत चुके हैं। दरअसल बुधवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू की गई। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने सीबीआई पर बोलना शुरू किया तो गृहमंत्री ने बताया कि सीबीआई गृह मंत्रालय के अंतर्गत नहीं आती है। इसके बाद गोखले ने गृहमंत्री पर निजी टिप्पणी की। गोखले को जवाब देते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि वह किसी की कृपा या फिर किसी विचारधारा का विरोध करके यहां नहीं पहुंचे हैं। गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान साकेत ने सीबीआई को लेकर चर्चा शुरू की। इस पर गृह मंत्री शाह ने कहा कि चर्चा गृह विभाग पर हो रही है। इनको मालूम नहीं है कि सीबीआई और बाकी सारी एजेंसियों के नाम जो वे बोलना चाहते हैं, उनमें से एक भी गृह विभाग के अंतर्गत नहीं आते हैं। गृहमंत्री शाह ने कहा कि केवल गृह विभाग के बारे में चर्चा करनी चाहिए। अगर आप विस्तृत विषयों पर चर्चा करना चाहते हैं तो फिर मुझे भी अनुमति दीजिएगा। मैं हर चीज का जवाब दूंगा।

हम किसी भी विचारधारा का विरोध करने यहां नहीं पहुंचे

सीबीआई गृहमंत्रालय के अंतर्गत नहीं आती, जान लें



### सीबीआई पर गोखले ने किया था कमेंट

गोखले ने कहा कि सीबीआई ने 6900 हजार करप्शन केस दर्ज किए हैं। इनमें से बीते 20 वर्षों से 361 मामले लंबित हैं। उन्होंने गृह मंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणी भी की। इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों का हंगामा शुरू हो गया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि किसी से डरने का प्रश्न ही नहीं उठाता। मैं किसी की कृपा से यहां नहीं आया हूं। गृहमंत्री ने कहा कि मैं 7 बार चुनाव जीत कर आया हूं। एक विचारधारा का विरोध करके यहां नहीं घुसा हूं। डरने का प्रश्न ही नहीं उठाता। ये सदन को गलत जानकारी दे रहे हैं।

**अदालत के आदेश पर चुनावी हिंसा के मामले दर्ज किए गए :** शाह ने कहा कि सीबीआई के जो मामले कहे जा रहे हैं वे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के ऑर्डर से चुनावी हिंसा के लिए रजिस्टर किए गए। चुनावी हिंसा बंगाल में हुई थी, हमारी सीटें बढ़ीं, जहां हमारा बहुमत था चुन-चुन के उन बूथों पर हत्या की गई। महिलाओं के साथ दुराचार किया गया। इसके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया।

**जमींदारी कौन कर रहा, पूरा देश देख रहा :** गृह मंत्री शाह ने कहा कि जमींदारी कौन कर रहा है अब वह पूरा देश देखेगा? उन्होंने कहा कि आप हाईकोर्ट को भी नहीं मानोगे। यह कह रहे हैं केस के परिणाम नहीं आ रहे हैं। बंगाल में एक भी सीबीआई स्पेशल कोर्ट नहीं है। नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि गोखले अपने कथन पर माफी मांगें और उसे वापस लें।

## तमिलनाडु लड़ेगा और जीतेगा, परिसीमन में न्याय हो

### नारे वाली टीशर्ट में पहुंचे डीएमके सांसद, बिरला बोले ठीक नहीं

लोकसभा में गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद



कार्यवाही को दो बार शुरू किया गया, लेकिन हंगामे के चलते कुछ ही मिनटों में सदन स्थगित हो गया। अंत में शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही को स्थगित किया गया। यह पूरा बवाल डीएमके सांसदों की ओर से खास नारे वाली टीशर्ट पहनकर आने को लेकर हुआ। इन टीशर्ट्स में डीएमके सांसदों ने एक नारा लिखवाया था, जिस पर स्पीकर ने ऐतराज जताया। वहीं भाजपा समेत एनडीए के सांसदों ने भी खूब हंगामा किया। टीशर्ट्स में जो नारा लिखा था, वह था- तमिलनाडु लड़ेगा, तमिलनाडु जीतेगा, परिसीमन में न्याय हो। सांसदों के इस तरह नारे लिखी टीशर्ट पहनकर पहुंचने पर स्पीकर ओम बिरला ने सख्त आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि कुछ सदस्य सदन की मर्यादा और गरिमा का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसा करना संसद की गरिमा का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ऐसी हरकत करने से पहले नियम 349 पढ़ लेना चाहिए।

### तो सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी

स्पीकर बिरला ने डीएमके सांसदों से कहा कियदि आप नारे लिखी टीशर्ट पहनकर आएंगे तो सदन की कार्यवाही नहीं चलेगी। यदि आप इन टीशर्ट्स को उतारकर आएं, तभी सदन चलेगा। टीशर्ट पहनकर आने वाले ज्यादातर सांसद डीएमके के थे। उनका कहना था कि आगामी परिसीमन में तमिलनाडु को नुकसान हो सकता है। इसलिए हम पहले से ही आगाह कर रहे हैं कि ऐसा कोई अन्याय न किया जाए।

## 11 पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी

# नागपुर में 2 क्षेत्रों से हटा कर्फ्यू, अन्य में दी ढील



एजेंसी ⏭ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में हाल ही में हुई हिंसा के बाद पुलिस ने 2 थाना क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा लिया है। बताया जा रहा नंदनवन और कपिलनागर पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी समाप्त कर दी गई है। अन्य थाना क्षेत्रों में दोपहर 2 से 4 बजे तक कर्फ्यू में राहत दी गई है। नागपुर पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार हिंसा के बाद 11 पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी लागू की गई थी। हालांकि, कोतवाली और तहसील गणेश पेठ थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू अगले आदेश तक जारी रहेगा।

### हालात पर रखी जा रही नजर

पुलिस ने कहा कि शहर की स्थिति पर निगरानी जारी है और हालात को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नागपुर शहर में हुई हिंसा के आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने 18 विशेष टीम गठित की हैं। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक 69 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।

### मामले में 200 लोग नामजद

सोमवार को गणेशपेठ और कोतवाली पुलिस थानों में 5 एफआईआर दर्ज की गईं, जिनमें 200 लोग नामजद हैं। अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से हिंसा में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। संदिग्धों की पहचान करने के लिए टीम साइबर सेल के साथ मिलकर काम कर रही हैं। नागपुर हिंसा के सिलसिले में अब तक गिरफ्तार किए गए 69 लोगों में 'माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी' का नेता फहीम खान भी शामिल है। अधिकारियों ने पहले कहा था कि खान ने सोमवार को नागपुर पुलिस थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन का कथित तौर पर नेतृत्व किया था।

### खान समेत 6 पर देशद्रोह का केस दर्ज

हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम खान सहित 6 आरोपियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत सूचना देकर अशांति फैलाने के आरोप में देशद्रोह का मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने बताया कि मामले की तफ्तीश के दौरान कई अन्य लोगों के खिलाफ भी देशद्रोह की धाराएं लगाई जा सकती हैं। खान पहले भी बिजली चोरी और 2023-2024 में विरोध-प्रदर्शन समेत कई मामलों में आरोपी रहा है। खान के नेतृत्व में 50-60 लोगों का एक समूह गणेशपेठ पुलिस थाने के बाहर अवैध रूप से इकट्ठा हुआ और विश्व हिंदू परिषद के विरोध प्रदर्शन के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपा था।

## लंदन जाने से पहले सीएम ममता बोलीं

# मुझे अपमानित करें, बंगाल को नहीं और झूठ न फैलाएं

एजेंसी ⏭ कोलकाता



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी 22 मार्च को लंदन जा रही हैं। उनको ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में बुलाया गया है। वे कई और कार्यक्रमों में शामिल होंगी। लंदन यात्रा के बारे में ममता ने कहा है कि उनके नहीं रहने पर मंत्रालय में मंत्री काम करने के लिए रहेंगे। ममता ने कहा कि जब हमारे देश के नेता बाहर जाते हैं तो हम लोग उनके खिलाफ कुछ नहीं कहते, लेकिन यहां पर कुछ ऐसे लोग हैं जो हमारे खिलाफ वॉट्सएप और ई-मेल पर दुष्प्रचार करते हैं।

### गलत बातें फैला रहे कुछ लोग

उन्होंने कहा कि वे लोग कुछ झूठी बातें बनाकर उसे वॉट्सएप ग्रुप में भेज रहे हैं। वे ईमेल भेज रहे हैं। वे बंगाल को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया मुझे अपमानित करें, बंगाल को नहीं। हमें कुछ ई-मेल और कुछ वॉट्सएप मिले हैं।

## तेलंगाना में 'मिस वर्ल्ड' पर बवाल

# लॉजिक समझाए कांग्रेस 200 करोड़ कहां से आएंगे

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता पर बवाल मचा गया है। विपक्ष ने तेलंगाना की



कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। तेलंगाना में प्रतियोगिता पर 200 करोड़ रुपए खर्च करने की बात कही गई है। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस ) ने कहा कि सरकार नकदी संकट का सामना कर रही है और कर्ज के बोझ में डूबी है, ऐसे में एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट पर 200 करोड़ रुपए कहां से खर्च हो रहे हैं?

### सूखा प्रभावितों की मदद की जाए

जब बजट भाषण के दौरान 200 करोड़ खर्च करने की बात कही गई, तब विपक्षी पार्टी के विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया। बीआरएस ने प्रतियोगिता पर 200 करोड़ रुपए खर्च करने के बजाए सूखे से प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 25000 रुपए दिए जाएं। बीआरएस ने मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता पर 200 करोड़ खर्च करने को लेकर कहा कि यह सरकारी पैसे का दुरुपयोग है।

## पेट दर्द से परेशान युवक का एक 'अंधा' कारनामा

# यूट्यूब देखकर खुद कर लिया ऑपरेशन लगाए 11 टांके और फिर पहुंचा अस्पताल

### मथुरा के वृंदावन का मामला

एजेंसी ⏭ वृंदावन



मथुरा के वृंदावन में पेट दर्द से पीड़ित युवक ने ऐसी हरकत कर डाली, जिसे देखकर डॉक्टर भी हैरान रह गए। इस ने यूट्यूब से देखकर खुद ही ऑपरेशन किया। वह मेडिकल से सुन्न करने का इंजेक्शन, ब्लेड और अन्य सामान लेकर आया। उसने पेट में 11 टांके भी लगाए। इसके बाद जब उसकी हालत बिगड़ी, तो वह दर्द से चीखने लगा। राजा बाबू ने खुद को सुन्न किया। इसके बाद सर्जिकल ब्लेड से अपना पेट चीर दिया। शुरुआत में दर्द का एहसास नहीं हुआ, लेकिन जैसे ही दवा का असर खत्म हुआ वह तड़पने लगा। युवक की चीखें सुनकर परिजन दौड़े और उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

### लगातार दर्द से तंग आकर यह कदम उठाया

राहुल ठाकुर ने बताया कि सुनरख निवासी चाचा राजा बाबू (32) पुत्र कन्हैया ठाकुर कई दिनों से पेट दर्द से परेशान थे। वे कई बार डॉक्टरों से इलाज करा चुके थे, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। 18 साल पहले उनका अपेंडिक्स का ऑपरेशन हो चुका था, जिसके बाद से उन्हें बार-बार पेट दर्द की शिकायत रहती थी। उन्होंने लगातार दर्द से तंग आकर उन्होंने खुद ही अपना ऑपरेशन करने की ठान ली।

## शंभू बॉर्डर पूरी तरह खाली, प्रदर्शनकारी किसानों को किया बाहर

# सड़क पर लगे सीमेंट ब्लॉक और भारी कंक्रीट को हटाया

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने बुधवार देर शाम शंभू और खनौरी बॉर्डर से प्रदर्शनकारी किसानों को हटा दिया, जिसके बाद सड़क को दोबारा खोलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। शंभू बॉर्डर पर सड़क मार्ग को फिर से चालू करने की दिशा में अहम प्रगति हुई है। एकतरफा सड़क पर लगे सीमेंट ब्लॉक और भारी कंक्रीट को पूरी तरह से हटा दिया गया है, जिससे मार्ग लगभग साफ हो चुका है। प्रशासन ने पंजाब से हरियाणा की तरफ आने वाली एक तरफ की रोड आम लोगों के लिए खोल दी है। साथ ही सभी इलाकों में इंटरनेट भी फिर से चालू कर दिया गया है। करीब 13 महीने से यह रास्ते बंद थे।

### किसानों के प्रदर्शन के चलते 13 महीने तक रहा बंद



### जल्द शुरू होगी यातायात बहाली

हरियाणा से पंजाब की ओर जाने वाली सड़क पर अभी भी ड्रिलिंग का काम जारी है। निर्माण कार्य में कई मजदूर और मशीनें लगी हुई हैं, जो सड़क को पूरी तरह से ठीक करने में जुटी हैं। इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह से बहाल करने में कुछ और समय लग सकता है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और पुलिस की निगरानी में कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

### सैकड़ों किसानों को हिरासत में लिया

बुधवार रात में खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। बॉर्डर पर लगभग 600 किसान मौजूद थे, जिनमें से 400 से अधिक किसानों को डिटेन किया गया। किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को एक सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। इस दौरान कई किसानों ने विरोध भी किया।

### दोबारा आंदोलन किया तो पुलिस भी तैयार बोले डीआईजी

डीआईजी पटियाला रेंज मंदीप सिंह सिंधु ने किसान आंदोलन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर किसान दोबारा आंदोलन की ओर आते हैं, तो पुलिस भी तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटाने की योजना 'क्लीन स्विप' के तहत बनाई गई थी और अब हरियाणा के लोग उन्हें फोन पर बधाई दे रहे हैं। सिंधु ने बताया कि किसानों को पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से हटाया गया और इस दौरान किसानों ने भी पुलिस का पूरा सहयोग किया।

## हरिद्वार के युवक की काली करतूत

# एयरपोर्ट ऑफिसर बनकर 410 युवतियों से चैट, आखिर अरेस्ट

एजेंसी ⏭ पश्चिमी दिल्ली

डेटिंग एप पर इमिग्रेशन अधिकारी के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवतियों-महिलाओं से धोखाधड़ी



करने वाले को पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह हरिद्वार का अंकित सिंह है। उसके पास से 2 मोबाइल बरामद हुए हैं। इन मोबाइल पर डेटिंग एप के माध्यम से 410 युवतियों-महिलाओं से चैटिंग की गई थी। अश्लील फोटो दी थी।

### आईजीआई पर तैनाती बताई, पैसे ऐंठने लगा

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पश्चिमी जिला पुलिस की साइबर थाना पुलिस को ठगी को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसके पति के साथ वैवाहिक मतभेदों के कारण, उसने पिछले वर्ष दिसंबर में एक व्यक्ति के साथ दोस्ती की थी। वे वाट्सएप पर चैट करने लगे। इस दौरान आरोपित ने खुद को इमिग्रेशन अधिकारी के रूप में पेश किया, जो आईजीआई एयरपोर्ट पर तैनात है। बताया जा रहा कि इस तरह आरोपी दोस्ती के बाद महिलाओं से पैसे ऐंठने लगा।

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक में लिया गया यह अहम निर्णय

# सीसीएस ने दी सेना के लिए 7 हजार करोड़ रुपए के स्वदेशी तोपों के सौदे को मंजूरी

*इन तोपों की तैनाती भारत की पाकिस्तान से लगी हुई पश्चिमी सीमा और चीन से लगी हुई उत्तरी सीमा पर की जाएगी। एक बार तोपों की आवक के साथ ही सेना को उक्त दोनों निकट पड़ोसी दुश्मन देशों के ऊपर सामरिक बढ़त हासिल होगी। साथ ही इससे उसकी रणनीतिक तैयारी और हमला करने की क्षमता को भी बल मिलेगा*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक हालिया बैठक में भारतीय सेना के लिए स्वदेशी तोपों (उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, एटीएजीएस) की खरीद से जुड़े हुए 7 हजार करोड़ रुपए के एक बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी प्रदान की गई है। जो इन स्वदेशी होवित्जर जैसी तोपों के देश के अंदर निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। समझौते के तहत कुल 507 तोपों की उन्हें उठाने वाले वाहनों के साथ सेना के लिए खरीद की जाएगी। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इससे जुड़े हुए समझौते को करीब दो साल पहले ही अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी थी। मूल रूप से यह 155 एमएम आर्टिलरी गन सिस्टम है। जिसकी मदद से सेना की रणनीतिक और अभियानगत क्षमता में काफी इजाफा होगा। इनके सेना में युद्धक बेड़े में शामिल होने के बाद न केवल उसका आधुनिकीकरण होगा। बल्कि यह पहले से प्रयोग की जा रही और काफी पुरानी हो चुकी 105 और 130 एमएम की तोपों की जगह भी ले सकेंगी। तोप के मुख्य आकर्षक बिंदुओं में इसका 52 कैलिबर लंबा बैरल शामिल है।

◆ सेना की रणनीतिक और अभियानगत क्षमता में काफी इजाफा होगा

◆ पुरानी हो चुकी 105 और 130 एमएम की तोपों की जगह भी लेंगी

### मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा

*सूत्रों ने कहा कि यह समझौता केंद्र के मेक इन इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करेगा। इस तोप का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय निजी उद्योग के भागीदारों ने मिलकर किया है। इसमें लगाए जाने वाले करीब 65 फीसदी उपकरण घरेलू उद्योगों से लिए गए हैं। जिसमें तोप की बैरल, मजल ब्रेक, ब्रीच मैकेनिज्म, फायरिंग, रिकॉइल सिस्टम और एम्युनिशन हैंडलिंग तंत्र मुख्य रूप से शामिल है। एटीएजीएस का उत्पादन देश में कलपुर्जों की एक व्यापक सप्लाई चेन और मरम्मत का निर्बाध सिस्टम निर्मित करेगा। यह भारत का घरेलू आधार पर विकसित किया गया सिस्टम है। जिससे लंबी अवधि में उत्पाद सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही विदेशी निर्भरता भी घटेगी। तोप में लगाए जाने वाले जटिल उपकरणों जैसे नेविगेशन सिस्टम, मजल वेलोसिटी रडार, सेंसर को स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ खरीदा जाएगा। जिससे भारत की विदेशों पर आयात निर्भरता में कमी आएगी। तोप के देश में उत्पादन के साथ ही वैश्विक एक्सपोर्ट बाजार में भी भारत की स्थिति काफी मजबूत हो जाएगी और भविष्य में निर्यात का मार्ग भी प्रशस्त होगा।*

### पाक, चीन सीमा पर होगी तैनाती

*सूत्रों ने बताया कि इन तोपों की तैनाती भारत की पाकिस्तान से लगी हुई पश्चिमी सीमा और चीन से लगी हुई उत्तरी सीमा पर की जाएगी। एक बार तोपों की आवक के साथ ही सेना को उक्त दोनों निकट पड़ोसी दुश्मन देशों के ऊपर सामरिक बढ़त हासिल होगी। साथ ही इससे उसकी रणनीतिक तैयारी और हमला करने की क्षमता को भी बल मिलेगा। तोप का कैलिबर बढ़ने से उसका लचीलापन बढ़ेगा और हमला करने के दौरान उचित मात्रा में विस्फोटक ले जाना भी आसान हो जाएगा। जिससे एक बार दुश्मन पर वार के साथ ही उसका पूरा काम तमाम हो जाएगा। सीसीएस द्वारा दी गई यह मंजूरी भारत की रक्षा क्षेत्र में बढ़ती हुई विनिर्माण और तकनीकी उन्नति को प्रदर्शित करती है।*


## खबर संक्षेप

### 118 करोड़ रुपए में बिकी एमएफ हुसैन की पेंटिंग



**न्यूयॉर्क।** प्रसिद्ध चित्रकार एमएफ हुसैन की एक पेटिंग 13.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 118 करोड़ रुपए) में बिकी है। उनकी पेटिंग ग्राम यात्रा ने आधुनिक भारतीय कला की सबसे महंगी पेटिंग का रिकॉर्ड बनाया है। इस पेंटिंग को प्रसिद्ध चित्रकार के 1950 के दशक की सबसे अहम और विशाल पेटिंग माना जाता है। 19 मार्च को न्यूयॉर्क के क्रिस्टी में इस पेंटिंग की नीलामी हुई। इससे पहले 2023 में अमृता शेरगिल की 1937 की द स्टोरी टेलर पेटिंग की मुंबई में लगभग 7.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर (61.8 करोड़ रुपए) में नीलामी हुई थी।

### इंजीनियर गिरफ्तार, पाक को देता था गुप्त जानकारी



**बगंलूरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर ने गुरुवार को बताया कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के एक वरिष्ठ इंजीनियर को पाकिस्तान के हैंडलरों को गुप्त जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मंत्री के मुताबिक, गिरफ्तार इंजीनियर दीपराज चंद्र उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद का रहने वाला है। उन पर आरोप है कि उन्होंने कम्युनिकेशन और रडार सिस्टम जैसी संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान को भेजी हैं।
गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा, वह देशद्रोह में शामिल था। सैन्य खुफिया आगे की कार्रवाई कर रहा है।

### गाजा में हवाई हमलों में 58 से अधिक लोगों की मौत



**तेल अवीव।** गाजा पट्टी में बुधवार रात हुए इजराइली हवाई हमलों में 58 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इजराइल की ओर से ये हवाई हमले दक्षिणी गाजा के खान यूनिस और राफा शहरों तथा उत्तरी गाजा के बेइत लाहिया कस्बे में किए गए। इससे पहले मंगलवार को इजराइल की ओर से किए गए हमलों में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को इजराइल ने भारी हवाई हमले शुरू कर दिए थे। जिसके बाद इजराइल और हमला के बीच लागू युद्धविराम समाप्त हो गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा मंत्रालय में हुई डीएसी की महत्वपूर्ण बैठक

## डीएसी ने दी सशस्त्र सेनाओं के 54 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



चीन और पाकिस्तान की सीमा से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को रक्षा मंत्रालय में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें एक ओर सशस्त्र सेनाओं से जुड़े हुए 54 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी प्रदान की गई।

तो दूसरी ओर पूंजीगत खरीद प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के दौरान समय-सीमा को कम करने वाले दिशा-निर्देशों को स्वीकृति मिली। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि डीएसी द्वारा स्वीकृत किए गए 54 हजार करोड़ रुपए के यह कुल 8 रक्षा प्रस्ताव हैं। जिनके लिए परिषद ने खरीद से जुड़ी हुई आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) दी है। वहीं, समय-सीमा को कम करने वाले दिशानिर्देश रक्षा मंत्रालय के मौजूदा वर्ष-2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित करने के संदर्भ में लिया गया डीएसी का निर्णय है। जिससे आने वाले समय में पूंजीगत खरीद प्रक्रिया में तेजी आएगी। साथ ही वह और अधिक प्रभावी और सक्षम हो सकेगी। परिषद की बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा मंत्रालय और सभी सशस्त्र सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### सेना को मिलेंगे टी-90 टैंक के इंजन

*मंत्रालय ने बताया कि उक्त 8 रक्षा सौदों में से भारतीय सेना के लिए जो एओएन दिया गया है। उसके जरिए 1 हजार 350 एचपी इंजनों की खरीद की जाएगी। साथ ही रूसी मूल के टी-90 में प्रयोग किए जाने वाले मौजूदा 1 हजार एचपी इंजनों को उन्नत भी किया जाएगा। इंजन की खरीद से सेना के इस मारक टैंक की खासतौर पर सुदूर ऊंचाई वाले इलाकों में भार की तुलना में युद्धक गतिशीलता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा।*

### नौसेना के लिए कम होगा पनडुब्बी खतरा

*नौसेना के लिए परिषद ने अपनी बैठक में वरुणास्त्र टारपीडो (काम्बेट) की खरीद के लिए एओएन की मंजूरी दी है। इस टारपीडो को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (एनएसटीएल) ने स्वदेशी रूप से विकसित किया है। नौसेना के जंगी युद्धपोत से इस टारपीडो को दागकर दुश्मन की पनडुब्बी को निशाना बनाने के लिए प्रयोग किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि नौसेना के युद्धपोतों के लिए की जाने वाली टारपीडो की अतिरिक्त खरीद से दुश्मन के पनडुब्बी खतरों के खिलाफ आसानी से दो-दो हाथ किए जा सकेंगे।*

### वायुसेना के लिए होगी अवॉक्स की खरीद

*बैठक में वायुसेना के लिए 'एयरबॉर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट सिस्टम' (अवॉक्स) की खरीद की स्वीकृति दी गई है। इस सिस्टम से न केवल युद्ध का पूरा परिदृश्य बदल सकता है। बल्कि बल के अन्य हथियार सिस्टम की युद्धक और रणनीतिक क्षमता में भी गजब की बढ़ोतरी संभव है।*

'एक्स' ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया

# केंद्र सरकार बोली- कानून का पालन करें सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*आरोप सरकार धारा 79(3)(बी) का उपयोग 'शॉर्टकट' उपाय के रूप में कर रही*

*यूजर्स पर मढ़ा दोष कहा- उन पर निर्भर करता है कि वे वैध जानकारी साझा कर सकें*



दिग्गज अमेरिकी कारोबारी एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' ने भारत सरकार के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट में मुकदमा दायर किया है। अपनी याचिका में एक्स ने गैरकानूनी सामग्री विनियमन और मनमाने ढंग से सेंसरशिप को चुनौती दी है। साथ ही एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के उपयोग को लेकर चिंता जाहिर की है। इसे लेकर 'एक्स' ने तर्क दिया है यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। साथ ही यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। अपनी याचिका में एक्स ने आईटी एक्ट को लेकर कहा, यह एक गैरकानूनी और अनियमित सेंसरशिप सिस्टम बनाता है, जिसके तहत कंटेंट को ब्लॉक कर प्लेटफॉर्म के संचालन को प्रभावित किया जा रहा है। अब इसको लेकर केंद्र सरकार का जवाब सामने आया है। केंद्र पर मुकदमा दायर करने के बाद अब सरकार ने कहा है कि सरकार सही प्रक्रिया का पालन करेगी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कानून का पालन करना चाहिए।

■ गैरकानूनी सामग्री विनियमन को दी चुनौती

### भारत में सेंसरशिप को मिल रहा बढ़ावा

एक्स ने अपनी याचिका में कहा है कि आईटी एक्ट की धारा 69ए केवल विशिष्ट कारणों, जैसे कि राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामलों में कॉन्टेंट ब्लॉक करने की अनुमति देती है, और इसके लिए बकायदा एक रिव्यू प्रॉसेस की आवश्यकता होती है। धारा 79 केवल मध्यस्थों को तीसरे पक्ष की विषय-वस्तु के लिए उत्तरदायित्व से छूट प्रदान करती है। यह सरकार को धारा 69ए का उल्लंघन करते हुए अधिकारियों को उचित जांच के बिना कॉन्टेंट ब्लॉक करने की अनुमति देती है। कंपनी ने कहा है कि आईटी एक्ट की यह धारा भारत में सेंसरशिप को बढ़ावा दे रही है।

### 36 घंटे में अवैध सामग्री हटाने का प्रावधान गलत

*एक्स की याचिका में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (आईएंडबी) ने केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकारों और वास्तव में हजारों स्थानीय पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे धारा 69ए प्रक्रिया के बाहर, धारा 79(3)(बी) के तहत सूचना अवरोधन आदेश जारी करने के लिए अधिकृत हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, धारा 79(3)(बी) ऑनलाइन मंचों को अदालत के आदेश या सरकारी अधिसूचना द्वारा निर्देशित होने पर अवैध सामग्री को हटाना अनिवार्य करती है। मंत्रालय के अनुसार, यदि कोई डिजिटल मंच 36 घंटे के भीतर अनुपालन करने में विफल रहता है, तो उसे धारा 79(1) के तहत संरक्षण गंवाने का जोखिम होता है और उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) सहित विभिन्न कानूनों के तहत जवाबदेह ठहराया जा सकता है। हालांकि, 'एक्स' ने इस व्याख्या को चुनौती दी है और दलील दी कि यह प्रावधान सरकार को सामग्री को ब्लॉक करने का स्वतंत्र अधिकार नहीं देता है।*

### ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर कर रहे

एक्स ने आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) के इस्तेमाल को लेकर चिंता जाहिर की है। इसे लेकर 'एक्स' ने तर्क दिया है यह धारा सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उल्लंघन करती है। साथ ही यह ऑनलाइन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कमजोर भी करती है। कहा कि सरकार धारा 79(3)(बी) का उपयोग एक 'शॉर्टकट' उपाय के रूप में कर रही है, जिससे सामग्री को आवश्यक जांच के बिना हटाया जा सकता है। एक्स ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार धारा 69ए में लिखी गई कानूनी प्रक्रिया को दरकिनार करते हुए समानांतर कंटेट को रोकने के लिए तंत्र बनाने के लिए आईटी अधिनियम की केंद्र धारा 79(3)(बी) का उपयोग कर रही है। अपनी याचिका में एक्स' ने दावा किया कि केंद्र का रुख श्रेया सिंघल मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2015 के फैसले से उलट है। उस फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कंटेट को केवल उचित न्यायिक प्रक्रिया या धारा 69 ए के तहत कानूनी रूप से रोका जा सकता है।

### ब्लॉकिंग से कारोबार को नुकसान


*एक्स ने आगे कहा है कि केंद्र सरकार की इन हरकतों से भारत में उसके कारोबार को नुकसान पहुंच रहा है। कंपनी का कहना है कि यह यूजर्स पर निर्भर करता है कि वे वैध जानकारी साझा कर सकें और उसे डर है कि इस तरह के बेतरतीब ब्लॉकिंग आदेश उसके प्लेटफॉर्म और उपयोगकर्ता के भरोसे को नुकसान पहुंचा रहे।*

रूस और यूक्रेन के बीच शांति बहाली की उम्मीदें बढ़ीं

## 37 माह में पहली बार किया 175 बंदियों का आदान-प्रदान

एजेंसी ▶▶ कीव

तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में 10 लाख से ज्यादा लोगों की जान चली गई और करोड़ों लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। हालांकि अब जाकर दोनों देशों के नागरिकों के लिए थोड़ी की राहत बात सामने आई है, जिसके तहत दोनों देशों ने युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई और 175 कैदियों का आदान-प्रदान किया है, जो कि शांति बहाल करने की दिशा में सकारात्मकता की ओर इशारा कर रहा है। वहीं दोनों देशों के बीच हुए 175 कैदियों के आदान-प्रदान पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन सैनिकों, सार्जेंटों और अधिकारियों को वापस ला रहा है, जो विभिन्न सैन्य बलों जैसे सशस्त्र बल, नौसेना, राष्ट्रीय रक्षक, प्रादेशिक रक्षा बलों और सीमा रक्षक सेवा में हमारी स्वतंत्रता के लिए लड़े थे।



### शांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

जेलेंस्की ने कहा कि सभी कैदियों और नागरिकों की रिहाई शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। साथ ही इससे दोनों देशों के बीच विश्वास स्थापित करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने बार-बार सभी के लिए कैदियों की अदला-बदली की मांग की है। पहले रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा था कि उसने गंभीर रूप से घायल 22 अतिरिक्त यूक्रेनी बंदियों को 'सद्भावना के तौर पर' रिहा किया है।

### यूक्रेन पर फिर बरसे रूस के ड्रोन

वहीं, मंगलवार रात भर रूस ने 150 से अधिक ड्रोन हमले किए। इनमें कई हमले सीधे ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए। जेलेंस्की ने इसे 'नाटकीय विरोधाभास' बताया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन का यह कहना कि यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमला नहीं होगा, पूरी तरह झूठ है।

बिल गेट्स की सीएम फडणवीस से मुलाकात

## गेट्स फाउंडेशन सरकार के साथ राज्य को मलेरिया मुक्त बनाएगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए गेट्स फाउंडेशन हमारे साथ साझेदारी करेगा। हमने स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे में एआई-संचालित प्रगति के साथ-साथ डेंगू नियंत्रण और नवाचार शहर साझेदारी पर भी चर्चा की। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स द्वारा स्थापित यह संगठन वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य में सुधार, गरीबी को कम करने और शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित है। फडणवीस ने 'एक्स' पर लिखा कि हम दोनों ने स्वास्थ्य, कृषि एवं बुनियादी ढांचा सुविधाओं के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल सहित विभिन्न विषयों पर बहुत अच्छी चर्चा की, जिसमें युवाओं, किसानों, गरीबों और महिलाओं के लिए महाराष्ट्र की पहल और योजनाएं शामिल हैं, जैसे लखपति दीदी और लाड़की बहिन योजना, जिसने आर्थिक उत्थान में बहुत योगदान दिया है।

अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर एडमिरल पापारो की भारत यात्रा से मिले संकेत

## भारत और अमेरिका के बीच जल्द होगा दस वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क का नवीनीकरण!



फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत को दो मोर्चों से बढ़ते युद्ध के खतरे के बीच अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल. जे. पापारो की हालिया संपन्न हुई भारत यात्रा से इस बात की मजबूत संभावना नजर आ रही है कि दोनों देशों के बीच 10 वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क का नवीनीकरण हो जाएगा। जिससे भारत और अमेरिका की व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा। यह मुद्दा एडमिरल पापारो की भारत में सैन्य और असैन्य तबके के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठकों में प्रमुखता से शामिल था।

अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी एक बयान से यह जानकारी मिली है। जिसमें बताया गया कि एडमिरल पापारो की भारत यात्रा 16 से 19 मार्च के बीच हुई थी। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान से मुलाकात की थी। उनकी यह यात्रा राजधानी में आयोजित किए गए रायसीना संवाद-2025 कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए की गई थी।

### कॉम्पैक्ट को बढ़ावा मिलेगा

*अमेरिकी बयान के मुताबिक, एडमिरल पापारो की भारत यात्रा से दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा इस वर्ष फरवरी महीने में लांच किए गए 21 वीं सदी से जुड़े हुए कॉम्पैक्ट (केटलाइजिंग अपॉर्च्युनिटीज फॉर मिलिट्री पार्टनरशिप, एक्सीलेरेटेड कॉमर्स एंड टेक्नोलॉजी) के कदम को भी बढ़ावा मिलेगा। दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न स्तंभों जैसे रक्षा, व्यापार-निवेश, ऊर्जा, तकनीक और नवाचार व लोगों के लोगों से संबंधों के मामले में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेगा। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे चार देशों के क्वाड समूह के शीर्ष रक्षा और सुरक्षा अधिकारियों के बीच रायसीना संवाद से इतर उक्त मुद्दे पर वृहद बातचीत हुई है। पूरे संवाद का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी समझ बढ़ाना और दस वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ना था। भारत-अमेरिका की रक्षा साझेदारी अंतरराष्ट्रीय शांति की आधारशिला है। अमेरिका ने 2016 में भारत को बड़े रक्षा साझेदार के रूप में नामित किया था। इसी के तहत उसे स्ट्रेजिक ट्रेड ऑथराइजेशन टियर 1 की अनुमति मिली थी। जिससे भारत को अमेरिका के कई प्रकार के रक्षा उत्पादों और तकनीक तक लाइसेंस फ्री पहुंच मिली। इसे अमेरिका के वाणिज्य विभाग द्वारा नियंत्रित किया जाता है।*

सहयोगी दलों के दबाव में बिहार के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर टल सकता है विधेयक

# वक्फ संशोधन विधेयक ईद के बाद दिख सकता है सदन में 'चांद' की तरह, साथी दलों को साथ लेने की जुगत में लगी मोदी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




तो क्या एकबार फिर वक्फ संशोधन विधेयक को संसदीय सत्र में टाला जाएगा? सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्र तो इस ओर इशारा कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ना चाहती है। वक्फ विधेयक लाने पर बिहार के सियासी समीकरणों का गुणाभाग किया जा रहा है। भाजपा के साथी दल जदयू वक्फ विधेयक पर अपनी स्थिति कभी हां तो कभी ना वाली कर रखी है। बिहार के ही अन्य साथी दल केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोकजनशक्ति पार्टी में वक्फ विधेयक को लेकर विरोधाभास है। बिहार के साथी दलों ने दबाव बनाया तो सूबे की विधानसभा चुनाव तक विधेयक को टाला जाएगा। और अगर भाजपा को विधेयक से संभावित ध्रुवीकरण से सियासी फायदा होता दिखा तो साथी दलों को मनाकर विधेयक इसी सत्र में सदन पटल पर रख दिया जाएगा।

### मुस्लिम संगठनों का विरोध प्रदर्शन जारी, बड़ें आंदोलन की चेतावनी

*वक्फ विधेयक के खिलाफ मुस्लिम तंजी में विरोध रही हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से लेकर जमियत उलेमा-ए-हिंद और जमात-ए-इस्लामी सहित तमाम मुस्लिम संगठनों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर अपने तेवर दिखा रहे हैं। मिल्ली तंजीमों ने किसान आंदोलन की तरह वक्फ बिल के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने की चेतावनी सरकार को दी है। सूत्रों का मानना है कि हिंदू वोटरों के ध्रुवीकरण में ऐसे विरोध कितना काम कर पा रही हैं ।*

### सीएए-एनआरसी के खिलाफ देशभर में हुआ था आंदोलन

विदित हो कि मोदी सरकार साल 2019 में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय को भारत की नागरिकता देने के लिए सीएए कानून लेकर आई थी। सीएए के तहत मुस्लिम समुदाय को छोड़कर हिंदुओं, जैनों, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान रखा गया। दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय आंदोलन शुरू हुआ, जिसका केंद्र शाहीन बाग बन गया था। सीएए-एनआरसी के खिलाफ शाहीन बाग का प्रोटेस्ट एक मॉडल बन गया और इस आंदोलन की चिंगारी देश भर में फैल गई थी। सीएए कानून के विरोध में मुस्लिम समुदाय इसीलिए भी विरोध प्रदर्शन के लिए उतर गए थे, क्योंकि उन्हें ये संशय था कि उनकी नागरिकता छिन जाएगी। सरकार लगातार सफाई देती रही कि सीएए का कानून नागरिकता देने का है, नागरिकता छीनने का नहीं। देश में कोरोना वायरस आ जाने के चलते आंदोलन खत्म हुआ था।

# आईपीएल : 'देसी' कप्तान पर सबको भरोसा, 10 में से 9 टीमों के कप्तान भारतीय, पंत 27 करोड़ से सबसे महंगे नेतृत्वकर्ता

**हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को फिर सौंपा अपनी टीम का नेतृत्व**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज कल शनिवार 22 मार्च को होने जा रहा है। सभी 10 टीमें अपने-अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास में जुटी हैं, और इस बार खिताब को अपने नाम करने के लिए रणनीतियां तैयार कर रही हैं। इसमें सबसे प्रमुख भूमिका टीमों के कप्तान की होने वाली है। हालांकि, विगत वर्षों से तुलना करें तो यह पहली बार है जब 10 में से नौ टीमों ने अपना दांव देसी कप्तानों पर लगाया है। केवल सनराइजर्स हैदराबाद एकमात्र टीम है, जिन्होंने गत वर्ष फाइनल में पहुंचाने वाले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को अपनी टीम का नेतृत्व फिर सौंपा है। शेष सभी टीमों की कमान भारतीय खिलाड़ियों के हाथों में ही है।

आईपीएल के इतिहास के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज इस बार भी अपनी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम की कमान अब फ्रेंचाइजियों ने युवा हाथों में ही सौंप दी है। चेन्नई सुपरकिंग्स का नेतृत्व जहां ऋतुराज गायकवाड़ कर रहे हैं, वहीं मुंबई इंडियंस की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में है। हालांकि, इन दोनों ने पिछले वर्ष भी टीम की कमान संभाली थी, परंतु अपनी टीमों को उनकी विरासत के अनुसार सफलता नहीं दिला पाए थे। हार्दिक के नेतृत्व में लगातार दो फाइनल खेलने वाली गुजरात टाइटंस का भी पिछले सत्र में शुभमन गिल की अगुआई में प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा था। ऐसे में इस बार उनके नेतृत्व कौशल पर भी सभी की नजरें होंगी।



### पंत सबसे महंगे कप्तान


| खिलाड़ी | टीम | राशि |
|---|---|---|
| ऋषभ पंत | लखनऊ | 27 करोड़ |
| श्रेयस अय्यर | पंजाब | 26.75 करोड़ |
| पैट कमिंस | हैदराबाद | 18 करोड़ |
| ऋतुराज गायकवाड़ | चेन्नई | 18 करोड़ |
| संजू सैमसन | राजस्थान | 18 करोड़ |
| शुभमन गिल | गुजरात | 16.5 करोड़ |
| अक्षर पटेल | दिल्ली | 16.5 करोड़ |
| हार्दिक पांड्या | मुंबई | 16.35 करोड़ |
| रजत पाटीदार | बेंगलुरु | 11 करोड़ |
| अजिंक्य रहाणे | कोलकाता | 1.5 करोड़ |

### पंजाब को अय्यर पर भरोसा

चारों ही टीम अब तक चैंपियन नहीं बनी है, हालांकि श्रेयस ने अपनी कप्तानी में गत वर्ष कोलकाता नाइटराइडर्स को चैंपियन बनाया था पर अब ये देखना अहम होगा कि उनकी रणनीतियां क्या पंजाब किंग्स को पहला खिताब दिला पाती हैं या नहीं? राजस्थान रॉयल्स ने भी युवा संजू सैमसन पर फिर भरोसा जताया है। वह अपनी गलतियों से सीख कर इस बार फिर दमदार प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करेंगे।




### चार टीमें नहीं जीत पाईं खिताब



रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी इस बार युवा रजत पाटीदार को अपना कप्तान बनाया है। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने फ्रेंचाइजी के इस निर्णय की बहुत सराहना की है, लेकिन अब ये भविष्य ही बताएगा की वह पहली बार आरसीबी को खिताब दिलाने में सफल होते हैं या नहीं। इधर, दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपरजायंट्स और पंजाब किंग्स ने भी कप्तानी में फेरबदल कर युवाओं पर ही भरोसा ही जताया है। दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल, लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत और पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को टीम की कमान सौंपी है।

### ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सफल

2022 में हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटंस को चैंपियन बनाया था। कमाल की बात यह है कि अब तक तीन ही बार विदेशी कप्तानों ने खिताब जीता है और तीनों ही ऑस्ट्रेलियाई थे। 2008 में राजस्थान रॉयल्स को चैंपियन बनाने वाले शेन वॉर्न थे, जबकि 2009 में डेक्कन चार्जर्स को जिताने वाले एडम गिलक्रिस्ट और 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद को चैंपियन बनाने डेविड वॉर्नर थे।



### पैट पर सनराइजर्स को विश्वास



ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर और कप्तान पैट कमिंस ने पहले ही सत्र में अपनी कप्तानी की जबरदस्त छाप छोड़ी। सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में पहुंचाने वाले पैट कमिंस पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान नहीं हैं। इससे पहले, डेविड वॉर्नर ने टीम के लिए यह कारनामा किया था, इसलिए सनराइजर्स हैदराबाद इस बार एकमात्र टीम है, जो विदेशी कप्तान पर दांव लगाने को तैयार है।

### देसी कप्तानों का रहा है बोलबाला

आईपीएल के 17 सत्रों के इतिहास पर गौर करें तो शुरुआती दो सत्र 2008 एवं 2009 और 2016 को छोड़ दें तो अब तक सभी खिताब देसी कप्तानों ने ही जीते हैं। इनमें सबसे सफल महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने पांच-पांच बार अपनी टीमों चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस को चैंपियन बनाया है। कोलकाता नाइटराइडर्स अब तक तीन बार चैंपियन बनी है, परंतु तीनों ही बार उनके कप्तान देसी ही रहे हैं। भारतीय टीम के वर्तमान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दो बार बतौर कप्तान और एक बार बतौर कोच टीम को सफल बनाया है। वहीं, पिछले सत्र में श्रेयस अय्यर ने केकेआर को चैंपियन बनाया था।

## पहले तीन मैचों में पराग होंगे रॉयल्स के कप्तान

**नई दिल्ली।** उदीयमान स्टार रियान पराग पहले तीन आईपीएल मैचों में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान होंगे क्योंकि नियमित कप्तान संजू सैमसन को ऊंगली की सर्जरी के बाद बीसीसीआई ने विकेटकीपिंग से मना किया है जिसके मायने है कि वह इन मैचों में सिर्फ बतौर बल्लेबाज ही उपलब्ध होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में टी20 मैच के दौरान सैमसंग की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया था जिसके बाद उन्हें छोटी सर्जरी करानी पड़ी। उन्हें बल्लेबाजी की अनुमति मिल गई है लेकिन बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र की मेडिकल और खेल विज्ञान टीमों ने उन्हें ऊंगली को कुछ और आराम देने की सलाह दी है।



## लार पर बैन हटने से रिवर्स स्विंग में मिलेगी मदद

**बेंगलुरु।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से पहले गेंद पर लार लगाने पर से प्रतिबंध हटाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फैसले का तहेदिल से स्वागत करते हुए कहा कि इससे गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग करने में मदद मिलेगी। सिराज ने कहा, 'यह गेंदबाजों के लिए बहुत अच्छी खबर है। यह हम सभी गेंदबाजों के लिए शानदार खबर है क्योंकि जब गेंद से किसी तरह की मदद नहीं मिल रही हो तब इस पर लार लगाने से रिवर्स स्विंग हासिल करने की संभावना बढ़ जाती है।'



## खबर संक्षेप



### शाकिब के एक्शन को मिली 'क्लीन चिट'

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को 'क्लीन चिट' मिल गई है और अब वह मैदान पर लौट सकेंगे। शाकिब अब वनडे और दुनिया भर की लीग में खेल सकते हैं। वह टेस्ट और टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। शाकिब ने क्रिकबज से कहा, 'यह खबर सही है और मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं।' उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई। उन्होंने आखिरी बार भारत के खिलाफ अक्टूबर 2024 में कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला था ।

### अनुराग का नामांकन स्वीकार करने के निर्देश

**शिमला।** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने निर्वाचन मंडल से उनकी अयोग्यता पर रोक लगा दी और बीएफआई को उनकी उम्मीदवारी के लिए नामांकन की तिथि बढ़ाने का निर्देश दिया। हमीरपुर से लोकसभा सांसद ठाकुर को बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह के आदेश से सात मार्च को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया था। आदेश में कहा गया था कि सिर्फ चुने हुए सदस्य ही चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।



### सुरक्षा कारणों के चलते कोलकाता से मैच शिफ्ट

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने गुरुवार को कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स का छह अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाला घरेलू मैच गुवाहाटी में स्थानांतरित किया गया है। पुलिस ने शहर में इस दिन 'रामनवमी' के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के लिए सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त की है। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने घोषणा की थी कि त्योहार मनाने के लिए पश्चिम बंगाल में 20,000 से अधिक समारोह किए जा रहे हैं।

# खेलो इंडिया पैरा खेल शुरू, मांडविया ने की खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प की सराहना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को यहां दूसरे खेलो इंडिया पैरा खेल का उद्घाटन किया और कई चुनौतियों के बावजूद दृढ़ संकल्प दिखाने के लिए देश के पैरा खिलाड़ियों की सराहना की। इन खेलों में देश भर के 1300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

इनमें पेरिस पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह, क्लब थ्रोअर धरमबीर और खेल रत्न विजेता ऊंची कूद के एथलीट प्रवीण कुमार जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। इन खेलों का 27 मार्च को समापन होगा। मांडविया ने यहां खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा, 'खेलो इंडिया ने धीरे-धीरे और लगातार अपना महत्व स्थापित किया। आज जब मैं यहां इन खिलाड़ियों को देख रहा हूं, तो मैं उनकी आंखों में कुछ कर गुजरने की ललक और विश्वास देखता हूं। हम वास्तव में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'



कार्यक्रम की शुरुआत पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता धावक सिमरन शर्मा, खेल रत्न पुरस्कार विजेता प्रवीण कुमार, पेरिस के स्वर्ण विजेता शटलर नितेश कुमार और दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता धावक प्रीति पाल द्वारा खेल मंत्री को खेलों की मशाल सौंपने के साथ हुई।

# राजावत-मुथुस्वामी ने दर्ज की जीत, सिंधू हार से बाहर

एजेंसी ▶▶| बासेल

भारत के प्रियांशु राजावत स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ी तोबियास कुएंजी को सीधे गेम में हराकर पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। महिला वर्ग में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सातवीं वरीयता प्राप्त पी वी सिंधू का खराब फॉर्म जारी रहा और वह पहले ही दौर में डेनमार्क की जूली जाकोबसेन से 17-21, 19-21 से हार गई। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज राजावत ने 28 मिनट में 21-10, 21-11 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम भी अगले दौर में पहुंच गए जिन्होंने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को 21-15, 21-16 से शिकस्त दी।



अब वह डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से खेलेंगे। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज पहले दौर में डेनमार्क के रास्मस गेमके से 21-18, 17-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गए। महिला वर्ग में अनुपमा उपाध्याय ने पहले दौर में अनमोल खरब को 21-14, 21-13 से हराया।

कुश्ती महासंघ

## राष्ट्रीय शिविर को पुणे स्थानांतरित करने की तैयारी में डब्लूएफआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ पुरुषों और महिलाओं के राष्ट्रीय शिविर को क्रमशः पुणे और गांधीनगर में स्थानांतरित करने की तैयारी में है। उसका कहना है कि अब समय आ गया है कि इस खेल को अन्य क्षेत्रों में भी ले जाया जाए तथा 'अनुशासनहीनता' की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। जनवरी 2023 से राष्ट्रीय शिविर स्थगित हैं जब देश के शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन डब्लूएफआई प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था।



### हैदराबाद खिताब जीतने का प्रबल दावेदार : क्लार्क

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2025 का खिताब जीत सकती है। उनका मानना है कि टीम के पास बल्लेबाजी में दमखम है और वह इस सीजन और मजबूती के साथ वापसी करेगी। उन्होंने प्लेऑफ में पहुंचने वाली संभावित टीमों के भी नाम बताएं हैं। क्लार्क ने 'बियोन्ड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट' पर बात करते हुए यह भी कहा कि दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स को अपने पहले खिताब के लिए इस सीजन भी इंतजार करना पड़ेगा। इसके पीछे की वजह बताते हुए क्लार्क ने कहा कि दोनों फ्रेंचाइजियों ने टीम कोच से लेकर कप्तान तक में बड़े बदलाव किए हैं। इसके चलते उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

# डब्लूटीसी 2025-27 : बड़ी जीत पर टीमों को बोनस अंक देने पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति अप्रैल में होने वाली बोर्ड बैठक में नई बोनस अंक व्यवस्था पर विचार करेगी जिसके तहत अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ जीत दर्ज करने पर अधिक अंक मिल सकते हैं।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का 2025-27 चक्र जून में भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से शुरू होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार आईसीसी बड़े अंतर से मिलने वाली जीत या पारी के अंतर की जीत पर बोनस अंक देने पर विचार कर रही है। एक सूत्र ने बताया, 'डब्लूटीसी शुरू होने से ही पारी की जीत पर बोनस अंक देने जैसे मसलों पर लगातार बात हो रही है।

फॉर्म जी
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
**जीईआई पावर लिमिटेड**
इलेक्ट्रिकल/एयर-कूल्ड हीट ट्रांसफर उपकरण के विनिर्माण के व्यवसाय में परिचालन
(भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियमन 36ए के उप-विनियमन (1) के अंतर्गत)

प्रासंगिक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का नाम, पैन और सीआईएन/एलएलपी नंबर सहित। | जीईआई पावर लिमिटेड (सीआईएन-U02899MP1991PLC006262) (PAN-AADCG1543N) |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता | 26-ए, औद्योगिक क्षेत्र, गोविंदपुरा, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत, 462023 |
| 3. | वेबसाइट का यूआरएल | कोई नहीं |
| 4. | स्थान का विवरण जहां अधिकांश अचल संपत्तियां स्थित हैं | प्लॉट नंबर ए-10, औद्योगिक क्षेत्र फेज-II, सतलापुर, मंडीदीप, जिला-रायसेन (म.प्र.) |
| 5. | मुख्य उत्पादों/सेवाओं की स्थापित क्षमता | कंपनी लंबे समय से गैर-संचालनशील है। |
| 6. | पिछले वित्तीय वर्ष में बेचे गए मुख्य उत्पादों/सेवाओं की मात्रा और मूल्य | कॉर्पोरेट देनदार में कोई संचालन नहीं था। |
| 7. | कर्मचारियों/कामगारों की संख्या | शून्य, क्योंकि कंपनी लंबे समय से गैर-संचालनशील है |
| 8. | दो वर्षों के अंतिम उपलब्ध वित्तीय विवरण (अनुसूचियों के साथ), लेनदारों की सूची सहित अन्य विवरण यूआरएल पर उपलब्ध हैं: | कृपया कॉर्पोरेट देनदार के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए geipower@truproinsolvency.com पर ईमेल लिखें। |
| 9. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों के लिए पात्रता यूआरएल पर उपलब्ध है: | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत समाधान आवेदकों की पात्रता के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया geipower@truproinsolvency.com पर ईमेल लिखें। |
| 10. | रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 20-04-2025 |
| 11. | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 30-04-2025 |
| 12. | अनंतिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 05-05-2025 |
| 13. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 15-05-2025 |
| 14. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 20-05-2025 |
| 15. | समाधान योजनाओं को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 19-06-2025 |
| 16. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया ईमेल आईडी | geipower@truproinsolvency.com |

सही/-
जगदीश कुमार
जीईआई पावर लिमिटेड
के मामले में समाधान पेशेवर
दिनांक: 21-03-2025
स्थान: रायपुर
पंजी. संख्या: आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00671/2017-18/11143
पंजी. पता: बी-56, वॉलफोर्ट सिटी, रिंग रोड नंबर 1, रायपुर, छत्तीसगढ़-492013

**आइओसी के 144वें सत्र के दौरान सभी सदस्यों ने पक्ष में किया मतदान**

# मुक्केबाजी लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल

एजेंसी ▶▶| कोस्टा नवारिनो

मुक्केबाजी को गुरुवार को 2028 में होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में शामिल कर लिया गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 144वें सत्र के दौरान सभी सदस्यों ने इसके पक्ष में मतदान किया। जब आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने लॉस एंजिलिस खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने के पक्ष में सभी से हाथ उठाने को कहा तो सभी सदस्यों ने विधिवत सहमति व्यक्त की। कोई भी सदस्य मतदान से अनुपस्थित नहीं रहा और किसी ने भी इसके विरोध में मतदान नहीं किया। बाक ने कहा, 'ओलंपिक कार्यक्रम में मुक्केबाजी को वापस शामिल करने की मंजूरी के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। हम एक शानदार मुक्केबाजी टूर्नामेंट की उम्मीद कर सकते हैं। ऐसा अक्सर नहीं होता है जबकि किसी खेल को ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल करने पर सर्वसम्मति बने।' आईओसी के फरवरी 2022 में हुए सत्र में मुक्केबाजी को ओलंपिक 2028 की शुरुआती कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था क्योंकि तत्कालीन खेल निकाय अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर रहा था। आईओसी ने प्रशासन, इसके वित्त और मुकाबलों और निर्णय की अखंडता पर लंबे समय से चल रहे विवादों के बाद आईबीए को निलंबित कर दिया था। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में आईओसी के विशेष टास्क फोर्स की निगरानी में मुक्केबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।



### नई संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' का गठन

'वर्ल्ड बॉक्सिंग' का गठन यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया कि मुक्केबाजी ओलंपिक खेल बना रहे। आइओसी ने पिछले साल हालांकि स्पष्ट कर दिया था कि मुक्केबाजी को ओलंपिक 2028 के खेल कार्यक्रम में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघों को नए अंतरराष्ट्रीय महासंघ के बारे में आम सहमति बनानी होगी। बाक ने नई संचालन संस्था को भी बधाई दी, जिसे आईओसी ने पिछले महीने मान्यता दी थी। नई मुक्केबाजी संस्था के पास अब 80 से अधिक राष्ट्रीय संघों की सदस्यता है।



# रिलीज से पहले ही बॉक्स ऑफिस पर छाई 'सिकंदर'

**मुंबई।** एक साल के ब्रेक के बाद सलमान खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर ईद के मौके पर वापसी करने जा रहे हैं। वह 'सिकंदर' फिल्म में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्देशन ए आर मुरुगदास ने किया है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर अभी तक नहीं लॉच किया है। लेकिन, वर्ल्डवाइड इस फिल्म की एडवांस बुकिंग होने लगी है। भारत में इसकी एडवांस बुकिंग होने लगी है। ऐसे में फिल्म ने रिलीज से 10 दिन पहले ही अच्छी खासी कमाई कर ली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने अमेरिका में एडवांस बुकिंग में अब तक 16047 डॉलर की कमाई कर ली है। भारत में ये रकम 13 लाख 91 हजार 405 रुपए होती है।

लाइफ Style

# धनश्री

## नया म्यूजिक वीडियो 'देखा जी देखा मैंने' जारी

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ तलाक हो गया है। इस बीच धनश्री ने अपना नया गाना रिलीज किया है, जो शादी में बेवफाई और मारपीट पर है। इस पर लोगों के रिएक्शन आ रहे हैं।

टीम इंडिया के क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर-एक्ट्रेस धनश्री वर्मा का गुरुवार को आधिकारिक तौर पर तलाक हो गया। इस फैसले के बीच धनश्री ने अपना नया म्यूजिक वीडियो 'देखा जी देखा मैंने' जारी किया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे बाहर से खुशहाल दिख रही शादी बेवफाई और बुरे बर्ताव से भरी हुई है। इस गाने को लेकर नेटिजन्स रिएक्ट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा के इस नए गाने का टाइटल, 'देखा जी देखा मैंने, दिल का रोना देखा, गैरों के बिस्तर पे, अपनों का सोना देखा...।' टी-सीरीज के इस गाने के लिरिक्स जानी ने लिखे हैं। सिंगर ज्योति नूरन हैं। खुद धनश्री और उनके साथ ईश्वक सिंह नजर आए हैं। खबर लिखे जाने तक इस गाने को यूट्यूब पर 2 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने में दिखाया गया है कि धनश्री वर्मा का पति दूसरी महिला के साथ उसे धोखा देता है। हद तो तब हो जाती है, जब वो अपनी बीवी पर शक करता है और उसके सामने उसे थप्पड़ भी मारता है। एक दिन जब धनश्री अपने पति को किसी दूसरी औरत के साथ रंगे-हाथों पकड़ लेती हैं तो वो घर छोड़ने लगती हैं। इस पर उसका पति उसे इमोशनल ब्लैकमेल करने की कोशिश करता है, लेकिन अगले ही पल उसके साथ मारपीट करने लगता है।



## हॉलीवुड मसाला




# ज्यादा फीस पाने वाला कॉमेडियन

**लॉस एंजिल्स।** इस महीने की शुरुआत में फोर्ब्स मैगजीन ने सबसे ज्यादा फीस पाने वाले एक्टर्स की एनुअल लिस्ट जारी की। इसमें ड्वेन जॉनसन पहले नंबर पर थे। रेसलर से एक्टर बने ड्वेन के लिए ये दो साल बड़ी रिलीज 'मोआना 2' और 'रेड वन' के साथ शानदार रहा, लेकिन इस लिस्ट में दुनिया के सबसे ज्यादा फीस पाने वाले कॉमेडियन भी शामिल हैं, जिनका नाम केविन हार्ट है। आपको जानकर हैरानी होगी कि उन्होंने टॉम क्रूज से ह्यू जैकमैन जैसे सितारों को इस मामले में बहुत पीछे छोड़ दिया है।



# टॉम और अरमास के बीच रोमांस की चर्चा

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर टॉम क्रूज और हॉलीवुड एक्ट्रेस एन डी अरमास की जोड़ी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह उनकी कोई फिल्म नहीं बल्कि दोनों करीबियां हैं। हाल ही में दोनों को लंदन में एक बार फिर साथ देखा गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें फिर से तेज हो गई हैं। पहली भी जब टॉम क्रूज और एन डी अरमास को एक साथ देखा गया था, तो फैन्स के दिलों की धड़कनें तेज हो गई थीं। इन लेटेस्ट तस्वीरों ने एक बार फिर उनकी करीबियों को सुर्खियों में ला दिया है। टॉम क्रूज अपनी फिल्मों जैसे 'मिशन इम्पॉसिबल' और 'टॉप गन' के लिए मशहूर हैं तो वहीं एन डी अरमास को 'नो टाइम टू डाई' और 'ब्लेड रनर 2049' जैसी फिल्मों के लिए पहचाना जाता है, दोनों को को लंदन की सड़कों पर एक साथ स्पॉट किया गया।



# पंजाबी गाने पर किया बेहतरीन डांस...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री एली अवराम बॉलीवुड की बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। वह बेहतरीन डांसर भी हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वह अपनी बेतरीन तस्वीरें और वीडियो अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर शेयर करती हैं। हाल ही में एली अवराम ने शानदार डांस किया है। इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है।



# हिंदी में बनेगी कॉमेडी फिल्म टेंटिगो...

**मुंबई।** श्रीलंका की मशहूर फिल्म 'टेंटिगो' एक कॉमेडी फिल्म है, जिसे अब टू स्टोरी फिल्म्स के बैनर तले हिंदी में बनाया जाएगा। श्रीलंकाई कॉमेडी फिल्म 'टेंटिगो' 2023 में तालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में पहली बार दिखाई गई थी और वहां इस फिल्म को स्पेशल जूरी अवॉर्ड भी मिला था। 'टेंटिगो' के हिंदी संस्करण को टू स्टोरी फिल्म्स के साथ क्रॉलिंग एंजल फिल्म्स मिलकर बनाएंगे, जिसमें संजय गुलाटी और नीरज पांडे सह-निर्माता होंगे।





अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरूकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरूनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

VML.5798.2025HIN


हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930